CMYK

तापमान अधिकतम :32°C न्यूनतम: 21°C

सेंसेक्स 80,334.81 निफ्टी 24,273.80

सोना 1,00,000 चांदी 99,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 9 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 117 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 10 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**संरा महासभा अध्यक्ष ने भारत-पाक के बीच बढ़ती शत्रुता पर जताई चिंता**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**वरुण चक्रवर्ती पर बीसीसीआई ने लगाया 25 प्रतिशत जुर्माना**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## जय हिंद

## पाकिस्तान ने फिर मुंह की खाई, भारत ने किए सभी हमले नाकाम

# F 16 समेत तीन पाक लड़ाकू विमान मार गिराए

## लाहौर पर जवाबी हमला



**पठानकोट एयरबेस पर हमले की कोशिश की गई, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया**

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान के लाहौर शहर में भारतीय सेना द्वारा जवाबी हमला किया गया है। इस हमले के बाद लाहौर में अचानक ब्लैकआउट घोषित कर दिया गया है। भारत ने पाकिस्तान के दो जेएफ-17 और एक एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराया है। हालात बेहद तनावपूर्ण हैं और पूरे क्षेत्र में सेना और सुरक्षाबलों की गश्त बढ़ा दी गई है।

पाकिस्तान ने हाल ही में कटरा स्थित तीर्थ स्थल पर ड्रोन हमला करने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय रक्षा तंत्र ने इस हमले को नाकाम कर दिया। यह घटनाक्रम जम्मू-कश्मीर में बढ़ते तनाव को दर्शाता है, जहां पहले से ही कई सुरक्षा अलर्ट जारी हैं। इन हमलों के बाद, जम्मू और कश्मीर के साथ-साथ लेह में भी ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है। लोग अपने घरों में रहकर सुरक्षा की दिशा में कदम उठा रहे हैं। भारत के रक्षा मंत्री ने नियंत्रण रेखा और सीमावर्ती क्षेत्रों की स्थिति की गहरी समीक्षा की है, ताकि किसी भी प्रकार की उकसावे की कार्रवाई का प्रभावी जवाब दिया जा सके। भारत सरकार ने राजस्थान में सभी सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया गया है। राज्य में सभी आवश्यक प्रशासनिक और सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इससे पूर्व पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। सूत्रों का दावा है कि राजस्थान व जम्मू में भी धमाके की आवाज सुनी गई। वहां भारत ने पाकिस्तान के एफ-16 जेट को मार गिराया है। वहीं एक बार फिर पाकिस्तान ने जम्मू में ड्रोन और मिसाइल से हमला करने की कोशिश की, भारत ने आठ मिसाइल मार गिराई हैं। जम्मू के साथ ही पाकिस्तान की ओर से पठानकोट एयरबेस पर हमले की कोशिश की गई, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया है। आरएसपुरा सेक्टर में पाकिस्तान की तरफ से भारी शेलिंग की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कई जगह धमाके की आवाज आई है। भारत ने 24 घंटे से कम समय में पाकिस्तान को दूसरा सबक सिखाया है। जम्मू में ड्रोन देखे जाने के बाद लोगों को घरों में रहने की हिदायत दी गई है। धमाके की आवाज के बाद पूरे शहर में ब्लैकआउट है। जम्मू के साथ ही सांबा, आरएसपुरा, अखनूर में भी ब्लैकआउट है। जम्मू में अलर्ट जारी किया गया है।जम्मू शहर के आसपास लोगों ने दो ड्रोन आकाश में उड़ते हुए देखे। इस बीच जम्मू- कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने एक पोस्ट में कहा है कि जम्मू में पूरी तरह से ब्लैकआउट। जोरदार धमाके-बमबारी, गोलाबारी या मिसाइल हमले की आशंका। चिंता न करें। बहादुर भारतीय सशस्त्र बल हमारे साथ हैं। वहीं राजस्थान के बॉर्डर वाले जिलों में भी ब्लैकआउट कर दिया गया है। सरहदी राज्य पंजाब, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान हाई अलर्ट पर हैं। इससे पहले पंजाब के गुरुदासपुर, राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर और जोधपुर में रोजाना रात 9 बजे सुबह 5 बजे तक ब्लैकआउट रखने के आदेश दिए गए थे। इन शहरों के लिए स्थानीय प्रशासन ने गाइडलाइन जारी कर दी गई हैं। श्रीगंगानगर, बीकानेर में प्रशासन ने ड्रोन उड़ाने व आतिशबाजी पर अगले आदेश तक रोक रहेगी।

## लाहौर की वायु रक्षा प्रणाली की ध्वस्त

**सेना के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान की भारत के 15 शहरों में सैन्य ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की नाकाम**

**अवंतीपोरा, श्रीनगर , जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला , जालंधर , लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा और चंडीगढ़ समेत 15 सैन्य ठिकाने थे निशाने पर**

**भारतीय सुरक्षा बलों ने समानुपातिक जवाबी कार्रवाई में पाक में कई जगह पर वायु रक्षा प्रणाली और रडारों को निशाना बनाकर किया हमला : रक्षा मंत्रालय**



**नई दिल्ली।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए और हताश पाकिस्तान ने बुधवार रात जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक कम से कम 15 शहरों में सैन्य ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने रूस से मिल एस-400 डिफेंस सिस्टम के जरिये इस हमले को नाकाम कर दिया और जवाबी कार्रवाई में लाहौर की वायु रक्षा प्रणाली (एयर डिफेंस सिस्टम) ध्वस्त कर दी।

इसके लिए इजरायल से मिले हार्पी ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सात और आठ मई की दरमियानी रात में पाकिस्तानी सेना ने उत्तरी एवं पश्चिमी भारत के अनेक सैन्य ठिकानों को मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की, जिनमें अवंतीपोरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ, नाल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज शामिल हैं। पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन को भारत की एकीकृत वायु रक्षा प्रणालियों ने नष्ट कर दिया। मंत्रालय ने बताया कि गुरुवार सुबह भारतीय सुरक्षा बलों ने समानुपातिक जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान में कई जगह पर वायु रक्षा प्रणाली और रडारों को निशाना बनाकर हमला किया। इन हमलों में लाहौर की वायु रक्षा प्रणाली पूरी तरह से नष्ट हो गई है। पाकिस्तान की नष्ट की गई मिसाइलों और ड्रोन के मलबे को बरामद किया जा रहा है, जो पाकिस्तानी हमलों का प्रमाण है।

## सीमाओं पर एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम तैनात



**600 किमी दूर टारगेट ट्रैक कर लेता है एस-400 सिस्टम**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने पहले ही सीमाओं पर रूस से मिले एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को तैनात कर रखा है, जैसे ही पाकिस्तान ने मिसाइलों से हमला किया, इस सिस्टम को एक्टिव कर दिया गया।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान के हमलों के बाद गुरुवार सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में कई स्थानों पर हार्पी ड्रोन से वहां के एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। भारत की कार्रवाई उसी क्षेत्र में, तेजी के साथ की गई है जैसी पाकिस्तान ने की थी। एस-400 एक एयर डिफेंस सिस्टम है। ये हवा में हो रहे अटैक को रोकता है। ये दुश्मन देशों के मिसाइल, ड्रोन, रॉकेट लॉन्चर और फाइटर जेट्स के हमले को रोकने में कारगर है। यह 600 किमी दूर टारगेट को ट्रैक कर लेता है। इसकी टारगेट हिट करने की रेंज 400 किमी है।

## पाकिस्तान की जम्मू-कश्मीर में फायरिंग, अब तक 16 की मौत

**जम्मू-कश्मीर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी देर रात जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी और अखनूर में सीजफायर का उल्लंघन किया और गोलाबारी की।

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि पुंछ में तीन महिलाओं और पांच बच्चों सहित अब तक 16 लोगों की जान चली गई है। जबकि 59 लोग घायल हुए हैं। पुंछ में फायरिंग में लांस नायक दिनेश कुमार (32) शहीद हो गए। वे हरियाणा के पलवल के रहने वाले थे। सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने लांस नायक दिनेश कुमार को श्रद्धांजलि दी।

## भाजपा सांसद दुबे की टिप्पणी गैरजिम्मेदाराना: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान को बेहद गैरजिम्मेदाराना बताया। साथ ही कहा कि ये बयानबाजी अपनी तरफ ध्यान खींचने के लिए की गई। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में ये भी कहा अदालतें फूलों की तरह इतनी नाजुक नहीं हैं कि ऐसे हास्यास्पद बयानों के सामने मुरझा जाएं। सांप्रदायिक नफरत फैलाने की किसी भी कोशिश, हेट स्पीच से लोहे के हाथों से निपटेंगे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका खारिज कर दी। शीर्ष कोर्ट ने 5 मई को निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई की थी। कहा था कि हम ही थे, जिन्होंने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई की थी।

## सीजेआई ने जस्टिस वर्मा मामले में राष्ट्रपति व पीएम को भेजी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखा है, जिसके साथ न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति की जांच रिपोर्ट और न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से प्राप्त पत्र/प्रतिक्रिया प्रति संलग्न की गई है। उच्चतम न्यायालय की ओर से गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार कहा गया है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश ने इन-हाउस प्रक्रिया के संदर्भ में भारत के माननीय राष्ट्रपति और भारत के माननीय प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है, जिसमें तीन सदस्यीय समिति की दिनांक 3-5-2025 की रिपोर्ट की प्रति और न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से प्राप्त दिनांक 6-5-2025 का पत्र/प्रतिक्रिया संलग्न है।

## मालेगांव विस्फोट मामले में फैसला 31 जुलाई को

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने महाराष्ट्र में नासिक जिले के मालेगांव में हुए विस्फोटों के करीब 17 साल बाद गुरुवार को अपना फैसला आगामी 31 जुलाई तक टाल दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एके लाहोटी ने पहले फैसले के लिए गुरुवार का दिन मुकर्रर किया था, लेकिन न्यायिक प्रक्रिया के कारण उन्होंने इसे 31 जुलाई तक टाल दिया। इस मौके पर अदालत के समक्ष भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, पूर्व सैन्य खुफिया अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित (सेवानिवृत्त), मेजर रमेश उपाध्याय (सेवानिवृत्त), अजय राहिरकर, समीर कुलकर्णी, सुधाकर चतुर्वेदी और सुधाकर धर द्विवेदी सहित मुकदमे में नामजद सभी सात आरोपी उपस्थित हुए।

## माओवादियों के विस्फोट में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए

**मुलुगु।** तेलंगाना में वीरभद्रपुरम-पेरुर के जंगलों में गुरुवार को माओवादियों की ओर से किए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए।

## जयशंकर ने की ईरान व सऊदी अरब के मंत्रियों से किया मशविरा





**अगर पाक ने भारत पर हमला किया, तो देंगे सख्त जवाब: जयशंकर**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और सऊदी अरब के विदेश राज्य मंत्री अदेल अलजुबेर के साथ गुरुवार को यहां मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत के दृष्टिकोण से परिचित कराया और कहा कि भारत इसे आगे नहीं बढ़ाना चाहता है, लेकिन यदि हम पर हमला हुआ, तो उसका बहुत सख्त जवाब दिया जाएगा।

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची भी भारत आए हैं और गुरुवार दोपहर विदेश मंत्री डा. जयशंकर ने भारत-ईरान संयुक्त आयोग की 20वीं बैठक में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत का पक्ष रखा। डा. जयशंकर ने कहा कि आप ऐसे समय में भारत आ रहे हैं, जब हम 22 अप्रैल को भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में एक विशेष रूप से बर्बर आतंकवादी हमले का जवाब दे रहे हैं। इस हमले ने हमें 7 मई को सीमा पार आतंकवादी ढांचे पर हमला करके जवाब देने के लिए मजबूर किया।

## भारत-पाक के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच हुई बातचीत

**भारत ने दावे की पुष्टि नहीं की**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार ने दावा किया है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच बातचीत हुई है।

एक न्यूज एजेंसी के अनुसार श्री डार ने यहां कहा कि पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार असीम मलिक और भारत में उनके समकक्ष अजीत डोभाल के बीच संपर्क हुआ है। उन्होंने हालांकि इस बाबत कोई ब्योरा नहीं दिया। पाकिस्तान ने हाल ही में खुफिया आईएसआई के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक को नया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया है। भारत ने हालांकि इस दावे की पुष्टि नहीं की है। इससे पहले श्री डार ने पाकिस्तान नेशनल असेंबली भवन में कहा कि पाकिस्तान ने स्पष्ट रूप से प्रतिबद्धता व्यक्त की है कि वह आक्रामकता शुरू नहीं करेगा। पाकिस्तान का यह बयान बुधवार की सुबह भारत द्वारा आतंकवादी शिविरों पर सीमा पार से किए गए हमलों के बाद आया है। यह हमला पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए किया गया था, जिसमें 26 पर्यटक मारे गए थे। इस बीच, श्री डार ने यह भी दावा किया कि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तानी और भारतीय लड़ाकू विमानों के बीच 'एक घंटे का द्वंद्व' हुआ था, लेकिन इस दावे का भी भारत ने समर्थन नहीं किया है।

## ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी: रक्षा मंत्री

**सर्वदलीय बैठक में सरकार को मिला सभी दलों का साथ, राहुल ने कहा: सरकार को फुल सपोर्ट**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। यानी 7 मई को पाकिस्तान के 9 ठिकानों पर हुए एयर स्ट्राइक के बाद भी ऑपरेशन रोका नहीं गया है।

रक्षा मंत्री ने ये बातें दिल्ली के पार्लियामेंट एनेक्सी में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कहीं। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक से बाहर आने के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी रक्षा मंत्री के बयान को दोहराया। ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक बैठक में बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। ऑपरेशन जारी है, इसलिए सटीक संख्या बताना मुश्किल है। पाकिस्तान ने उकसाया तो फिर कार्रवाई करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने कहा कि संकट में हम देश और सरकार के साथ हैं। सरकार की कोई आलोचना नहीं करनी है। हमने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है।

## 8 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स बंद, 430 फ्लाइट्स प्रभावित

### हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में अलर्ट, स्कूल बंद, छुट्टियां रद्द





**नई दिल्ली।** पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद केंद्र ने 8 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स 9 मई (आज) तक बंद कर दिए हैं। ये राज्य- जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश हैं। बड़े एयरपोर्ट्स में श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर शामिल हैं।

ये पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं। मप्र के ग्वालियर और उत्तर प्रदेश के हिंडन एयरपोर्ट के ऑपरेशन भी बंद हैं। एयर इंडिया, इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट, अकासा एयर और कुछ विदेशी एयरलाइंस ने गुरुवार को 430 फ्लाइट्स कैंसिल कर दिए। ये देश की डेली फ्लाइट्स का 3 फीसदी है। पाकिस्तान में भी 147 फ्लाइट्स कैंसिल हैं, जो डेली फ्लाइट्स का 17 फीसदी है। जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में हाई अलर्ट है। दोनों राज्यों के बॉर्डर इलाकों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। पुलिस, प्रशासनिक और हेल्थ विभाग के अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।

## गलत, फर्जी सूचनाओं के प्रवाह को रोकने के लिए मोदी ने की सचिवों से चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर राष्ट्रीय तैयारियों और अंतर-मंत्रालयी समन्वय मजबूत करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें देश में गलत एवं फर्जी सूचनाओं के प्रवाह पर रोक लगाने को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री मोदी ने परिचालन निरंतरता और संस्थागत लचीलेपन को बनाए रखने के लिए मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने मौजूदा स्थिति में किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए मंत्रालयों द्वारा की गई योजना और तैयारी की समीक्षा की। बैठक के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इनमें नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना, गलत सूचना और फर्जी खबरों का मुकाबला करने के प्रयास और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। मंत्रालयों को राज्य के अधिकारियों और जमीनी स्तर के संस्थानों के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाए रखने की भी सलाह दी गई।

## उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर क्रैश, छह श्रद्धालुओं की मौत, एक घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून की सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल-गंगोत्री जा रहा एक हेलीकॉप्टर गुरुवार की सुबह उत्तरकाशी जिले के गंगनानी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर में सात लोग सवार थे, जिनमें से छह की मौके पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल है।

हादसे में सभी मृतक श्रद्धालुओं और घायल की पहचान हो गई है। मृतकों में तीन महाराष्ट्र के अलावा एक-एक गुजरात, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु हैं। जबकि आंध्र प्रदेश का एक श्रद्धालु घायल है। घटना सुबह करीब 8:30 बजे की है। हेलीकॉप्टर ने सहस्त्रधारा से खरसाली हेलीपैड के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उत्तरकाशी के गंगनानी क्षेत्र में 200 से 250 मीटर गहरी खाई में गिरकर क्रैश हो गया। बताया जा रहा है कि -शेष पृष्ठ दो पर





### हादसे पर धामी ने जताया शोक, जांच के आदेश

**देहरादून।** उत्तरकाशी के गंगनानी के समीप हेलीकॉप्टर क्रैश में कुछ लोगों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को घायलों को हर संभव सहायता पहुंचाने और हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गैस सिलेंडर फटने से नौ लोगों की मौत

**बीकानेर।** राजस्थान में बीक. नेर के कोतवाली थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर फटने से नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि बुधवार सुबह सिटी कोतवाली थाने के पास मदान मार्केट के एक भवन में अचानक गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। जिससे भवन की छत ढह गई एवं दुकानों में कार्यरत कर्मचारी मलबे में दब गए। विस्फोट से आग भी लग गई। हादसे में दस घायलों को मलबे से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया, जिनमें दो को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मलबे से शाम को एक और शव निकाला गया। पुलिस ने बताया कि कल सचिन सोनी, मोहम्मद असलम और सलमान बंगाली की मौत हुई। वहीं गुरुवार को अस्पताल में एक और घायल ने दम तोड़ दिया, जबकि मलबे से पांच शव और निक. ाले गए। पुलिस ने बताया कि इनकी शिनाख्त किशन पुत्र पूनम, किशन पुत्र भंवर, रामस्वरूप, असलम, लालचंद और अयान के रूप में हुई है। विस्फोट से भवन में 21 दुकानें नष्ट हो गयी। आग लग जाने से दुक. ानों में कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स और प्लास्टिक की सामग्री जलकर राख हो गई। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

### ओबरा तापीय परियोजना के स्विच यार्ड में लगी आग

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले में ओबरा तापीय परियोजना के स्विच यार्ड में गुरुवार की सुबह भीषण आग लग गई, जिससे 200 मेगावाट की दो इकाइयां दसवीं व ग्यारहवीं ट्रिप कर गई। तापीय परियोजना के सूत्रों के अनुसार ओबरा तापीय परियोजना के सुबह सात बजे आग लग गई। थोड़ी ही देर मे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगते ही दसवीं व ग्यारहवीं यूनिट (200-200 मेगावाट) बंद हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के जवान व फायर विंग मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाने के प्रयास में लग गए थे। लगभग 10 बजे आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया की आग लगने से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पहली प्राथमिकता बंद इकाइयों को शुरू करने का है। इस घटना से किसी आमजन या कर्मचारियों को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई: नवीन

**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई का स्वागत करते हुए आतंकवादियों के ठिकानों पर सफल हमले के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई दी है। गौरतलब है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार की रात 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमला किया था, जिसमें कई आतंकवादियों के मारे जाने और उनके ठिकाने नष्ट होने की सूचना है। नवीन पटनायक ने गुरुवार को यहां मीडियाकर्मियों से कहा कि मैं पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर सफल हमले के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई देता हूं। मैं उन्हें तहे दिल से बधाई देता हूं।

## यूपीपीएससी के 494 सहायक अध्यापकों को योगी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

# भारत की ताकत की झलक पूरी दुनिया ने देखी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सुरक्षा में सेंध लगाने वाले को नहीं छोड़ेंगे**



■ मुख्यमंत्री ने 23 राजकीय इंटर कॉलेज में मिनी स्टेडियम को शिलान्यास किया, आज की जरूरत के अनुसार अपने युवाओं को तैयार करना होगा: सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान पर भारत की कार्रवाई को विकसित भारत की झलक करार देते हुए गुरुवार को कहा कि विकसित भारत में अगर कोई आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करके नागरिकों की सुरक्षा में सेंध लगाता है, तो नया भारत उसको छोड़ता नहीं है।

लोकभवन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 494 सहायक अध्यापक तथा 49 प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्र वितरण करने के मौके पर उन्होंने कहा कि भारत की ताकत का एहसास पूरी दुनिया ने किया है और आने वाले समय में भी दुनिया इसका एहसास करेगी। विकसित भारत में अगर कोई आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करके नागरिकों की सुरक्षा में सेंध लगाता है तो नया भारत उसको छोड़ता नहीं है। उसकी मांद में घुसकर मारता है। मुख्यमंत्री ने 23 राजकीय इंटर कॉलेज में मिनी स्टेडियम का भी शिलान्यास किया। मिनी स्टेडियम की लागत 4.92 करोड़ रुपए है। कार्यक्रम में 5 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को अटल टिंकरिंग लैब तथा 5 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को आईसीटी लैब स्थापना के प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। योगी ने सभी नवनियुक्त शिक्षकों से अपील की दुनिया बदल चुकी है, हमें उसके साथ अपने आप को लेकर चलना होगा। अगर हम उसके साथ चलेंगे, आज की आवश्यकता के अनुरूप अपने युवाओं को तैयार करेंगे तो हमारी प्रासंगिकता बनी रहेगी। अगर हम कहीं भी चूके तो उसका खामियाजा सिर्फ हमारी वर्तमान पीढ़ी को ही नहीं भुगतना पड़ेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ी भी कभी हमें माफ नहीं करेगी।

हमें वर्तमान के अभियान का हिस्सा बन करके मजबूती के साथ एक विकसित भारत की आधारशिला अपने विद्यालयों से रखनी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने क्षेत्र में नवाच. ार, शोध और विकास के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करें। शिक्षा के क्षेत्र में वह कौन से परिवर्तन ला सकते हैं, कौन सी तकनीक अपना सकते हैं, जो नौजवानों के सामने पहचान का संकट नहीं, बल्कि उज्जवल भविष्य की दिशा तय कर सके। वह इन बातों का अध्ययन करें कि पढ़ाने का तरीका क्या हो सकता है। पाठ्यक्रम उबाऊ न हो, आपकी क्लास उबाऊ ना बने, इसके लिए आपको छोटी-छोटी कथाओं के माध्यम से उन्हें पढ़ाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चयन की, जो प्रक्रिया संपन्न हुई है, इसमें किसी भी स्तर पर सिफारिश करने की जरूरत नहीं पड़ी होगी।

### 25 लाख नए किसानों का जल्द बनेगा क्रेडिट कार्ड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 71 लाख से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की सुविधा प्रदान की है, वहीं चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 25 लाख नए किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। अधिकृत सूत्रों के अनुसार सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी लाभार्थी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने का कार्य तेज कर दिया है। इस कार्य के अंतर्गत सहकारी और व्यवसायिक बैंकों की सहायता से कार्ड का वितरण किया जा रहा है। भारत सरकार ने भी सभी पात्र किसानों को केसीसी से जोड़ने के निर्देश दिए हैं, ताकि वे फसली ऋण जैसी सुविधाओं का लाभ ले सकें।

### हर घर नल योजना में नहीं देना होगा पैसा

**सारा खर्च यूपी सरकार उठाएगी योजना के लिए 4500 करोड़ रुपये की व्यवस्था**

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत भरी घोषणा की है। अब 'हर घर नल' योजना के तहत ग्रामीणों को नल कनेक्शन के लिए साम. ुदायिक अंशदान यानी अपनी जेब से 10 प्रतिशत पैसा नहीं देना होगा। यह खर्च अब पूरी तरह से राज्य सरकार उठाएगी। इस फैसले से राज्य के 2.39 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को सीधा फायदा मिलेगा। इस योजना को केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन के तहत लागू किया गया है, जिसका लक्ष्य है कि देश के हर ग्रामीण घर में साफ पेयजल की सुविधा नल के माध्यम से पहुंचे। अब तक इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन मिल चुका है। इस योजना में पहले गांव वालों को पूंजी लागत का हिस्सा सामुदायिक अंशदान के रूप में देना होता था। सामान्य गांवों में यह 10 प्रतिशत और अनुसूचित जाति/जनजाति बहुल गांवों में 5 प्रतिशत निर्धारित था, लेकिन अब सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकार ने यह अंशदान खुद वहन करने का फैसला लिया है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में 4500 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। पिछले वर्ष 2024-25 में यह राशि 2000 करोड़ रुपये थी, जिसे अब दोगुना से अधिक कर दिया गया है। हालांकि नल कनेक्शन की पूंजी लागत सरकार वहन करेगी, लेकिन ग्रामीणों को नल की देखरेख और संचालन के लिए अपनी ग्राम पंचायत को हर महीने सिर्फ 50 रुपये देने होंगे।

## बैठक में मोदी का न आना निराशाजनक, लेकिन हम साथ

नई दिल्ली, वार्ता



■ दूसरी सर्वदलीय बैठक में भी पीएम मोदी नहीं आए: खड़गे

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए गुरुवार को कहा कि पहलगाम हमले को लेकर उठाए गए कदमों तथा सेना की कार्रवाई के बाद सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई लेकिन इसमें मोदी गुरुवार को भी शामिल नहीं हुए, जो अत्यंत निराशाजनक स्थिति है।

सर्वदलीय बैठक के बाद खड़गे ने कहा कि पहलगाम हमले को लेकर सरकार ने दूसरी बैठक बुलाई, लेकिन मोदी न पहली बैठक में आए और ना ही आज शामिल हुए। अच्छा होता कि मोदी आते, क्योंकि सभी चाहते थे कि इस सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री भी आएं और संक्षिप्त में अपनी बात रखें कि किस तरह भारत ने आतंकवाद के खिलाफ एक्शन लिया और देश के जवानों ने हिम्मत दिखाई। बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की है। खड़गे ने कहा कि हम चाहते थे कि मोदी बैठक में शामिल हों और आतंकवादियों के खिलाफ की कार्रवाई पर अपनी बात रखेंगे, लेकिन वह नहीं आए।पिछली बैठक में भी नहीं आए, यह बहुत दुखद स्थिति है। सब मिलकर काम कर रहे हैं और सरकार जो भी कदम उठा रही है, उसका एकस्वर में समर्थन कर रहे हैं। पूरा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है।इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस वक्त ऐसे प्रश्न न पूछे जाएं जो डिफेंस सीक्रेट से जुड़े हैं, ऐसे वक्त में हम उन्हें सार्वजनिक करना नहीं चाहते। हम सभी पार्टियों ने भी देशहित में इसे गंभीरता से लेकर इस विषय में कोई प्रश्न नहीं पूछा।

सभी ने कहा कि नाजुक घड़ी है, तो प्रश्न नहीं पूछेंगे। फिर हमने ने कोई सवाल किया और ना ही इसको लेकर सरकार पर दबाव डाला। उन्होंने कहा कि बैठक में हम सभी एक मुद्दा उठाया कि पुंछ क्षेत्र की सीमा पर रहने वाले लोगों की पुख्ता सुरक्षा होनी चाहिए। सरकार वहां रहने वाले लोगों की सुरक्षा की व्यवस्था करे। वहां नागरिक प्रशासन और लोगों के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। यह संकट की घड़ी है और इसमें देशहित में जो भी कदम उठाए जाएंगे, उसके लिए हम सरकार का समर्थन करते हैं।

## मुसलमानों को सिर्फ 15 मिनट सौंप दो सत्ता, पाक का मिटा देंगे नामोनिशान

नई दिल्ली, वार्ता

■ अब पाक पूछे मसूद अजहर के रिश्तेदारों का धर्म: एआईएमआईएम

ऑपरेशन सिंदूर के बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएम आईएम) के एक नेता ने कहा है कि मुसलमानों को सिफ 15 मिनट सत्ता सौंप दो, पाकिस्तान का नामोनिशान मिटा देंगे। एआईएमआईएम के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शोएब जमई ने पाकिस्तान पर अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि हम बता देंगे कि पाकिस्तान को कैसे नेस्तनाबूद किया जाता है। भारत के मुसलमानों ने इस टू नेशन थ्योरी को रिजेक्ट कर दिया और इसके बाद देश को बनाने में इसकी तरक्की में जो किरदार निभाया है, वह अविस्मरणीय है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शोएब जमई ने कहा कि मंगलवार रात भारत की कार्रवाई जो इतिहास में दर्ज हो गई। बहुत बड़ा मील का पत्थर है। बहुत दिनों से पाकिस्तान में जो आतंकवादी ढांचा है, कैंप है, उसका नेस्तानाबूद होना जरूरी था। जो भी आंखें, जो भी ताकत हमारी सीमा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगी, उन ताकतों को नेस्तानाबूद करना, उन आंखों को नोचना जरूरी है। उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी का जिक्र करते हुए कहा कि जब बात भारत के आन-बान शान पर आती है, तो भारत का हर मुसलमान अपना बलिदान देकर सीमा की हिफाजत करने के लिए तैयार है। जमई ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने भारत के पीएम को ही नहीं, यहां के सभी लोगों को चैलेंज किया था। अब पाकिस्तान पूछे मसूद अजहर के रिश्तेदारों का धर्म। धर्म पूछकर पहलगाम में लोगों को मारा, क्योंकि उनकी साजिश थी कि देश में हिंदू-मुस्लिम में नफरत पैदा की जाए, लेकिन यहां के लोग इस साजिश को कामयाब नहीं होने देंगे। वहीं एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने भी पहलगाम हमले के बाद से पाकिस्तान पर गुस्से से लाल हैं। पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारत जिंदाबाद के नारे लगाए हुए उनका वीडियो खूब वायरल हो रहा है। ओवैसी ने एक्स पर लिखा- मैं हमारी रक्षा सेनाओं द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए लक्षित हमलों का स्वागत करता हूं।

## भारतीय सेना की जय जय: राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना की तारीफ करते हुए कहा कि सेना की जय जय। उन्होंने कहा कि कल सेना ने जो शौर्य और पराक्रम दिखाया है, उसके लिए मैं भारतीय सेना को बधाई देता हूं। वे नेशनल क्वालिटी कॉनक्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आतंक के खिलाफ सेना का एक्शन जारी है। भारत ने पाकिस्तान पर कल रात एक्शन लिया। सेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी कैंप तबाह किए। हमारी कार्रवाई में कोई निर्दोष नहीं मारा गया। उन्होंने कहा कि सेना सटीकता से ऑपरेशन सिंदूर पूरा किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि आजकल जो परिस्थितियां चल रही हैं, आप सभी इससे परिचित हैं। हम हमेशा बात. चीत के पक्षधर हैं। इसका मतलब यह नहीं कि कोई भी आंख दिखा दे। कल हमने क्वालिटी कारवाई करके दिखाई है। हम क्रोधित नहीं होते, मुस्कराते रहते हैं। चाहे चैलेंज कितना भी बड़ा हो। कल हमारी सेना ने टेरर कैंप को नेस्तनाबूद किया है, वह हम सबके लिए गर्व का विषय है। राजनाथ ने आगे कहा कि हमने हमेशा एक जिम्मेदार राष्ट्र होने का रोल बड़े संयम से निभाया है। हम लगातार इस बात के पक्षधर रहे हैं कि समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए हो।

## सीमा पर नागरिकों को निशाना बनाना ओछी हरकत

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस ने की पाकिस्तानी सेना की कड़ी निंदा

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान की सेना पुंछ में आम नागरिकों को निशाना बना रही है और यह उसकी ओछी और अत्यंत निंदनीय हरकत है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को कहा कि हमने सिर्फ पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया है और पाकिस्तान की सेना तथा आम नागरिकों पर कोई निशाना नहीं साधा गया है, जबकि पाकिस्तानी सेना सीमा पर हमारे नागरिकों को निशाना बना रही है। पूरी दुनिया को इससे भारत तथा पाकिस्तान की मानसिकता को समझ लेना चाहिए। खेड़ा ने जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी गोलीबा. री में शहीद जवान को कांग्रेस की तरफ से श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जिस तरह से पाकिस्तान पुंछ में निर्दोष नागरिकों पर हमला कर रहा है, गुरुद्वारे को निशाना बना रहा है, इससे दुनिया को समझ जाना चाहिए कि हिंदुस्तान और पाकिस्तान में कितना बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान में उन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जहां आतंकवाद पनपता है। ये जायज बात है, लेकिन जो पाकिस्तान कर रहा है, वह नाजायज है और वह खुद को दुनिया में अलग-थलग पा रहा होगा। अगर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ हमले का जवाब देने की बात कर रहे हैं, तो पहले उन्हें इतिहास पढ़ लेना चाहिए कि पाकिस्तान को भारत से कितनी बार हार मिली है। इसलिए पहले वह अपने देश को सुधारे और आतंकियों को पनाह देना बंद करें। यह बहुत जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को हमें समय-समय पर यह संदेश देना होगा कि हम ऐसे हालातों में क्या कर रहे हैं और क्या करते हैं।

### शशि थरूर ने फिर मोदी सरकार की तारीफ की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर मोदी सरकार की तारीफ की है। थरूर ने भारत सरकार की ओर से ऑपरेशन सिंदूर पर की गई प्रेस ब्रीफिंग को पाकिस्तान और दुनिया के लिए मजबूत संदेश बताया है। उन्होंने कहा कि प्रेस ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रांत मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की मौजूदगी ने साबित कर दिया कि यह लड़ाई हिंदू-मुस्लिम की नहीं, बल्कि आतंक के खिलाफ भारत की एकता है।

## सुरक्षा के लिए जम्मू क्षेत्र व पंजाब में हाई अलर्ट

श्रीनगर, वार्ता



■ खाली कराए जा रहे गांव, स्कूल-कॉलेज भी बंद

भारतीय सेना की ओर से किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सीमा पर अलर्ट बढ़ा दिया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में कल किए गए ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान की ओर से सीमा पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। सीमा पार से फायरिंग को देखते हुए जम्मू-कश्मीर की सीमा से सटे जिलों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। स्कूल-कॉलेज तक बंद कर दिए गए हैं। सीमा से सटे गांवों को खाली कराया जा रहा है।

जम्मू-कश्मीर के सांबा और कठुआ जिले के अलावा जम्मू जिले के आरएस पुरा इलाके में अगले 72 घंटे का अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस अलर्ट के तहत सीमा से सटे इलाके के लोगों को जल्द से जल्द गांव खाली करने को कहा गया है। कल बुधवार देर रात तक सीमा से सटे इलाके में गांव खाली कराए जाते रहे। ऐहतियातन यहां के स्कूल, कॉलेज और तमाम तरह के संस्थाओं को बंद कर दिया गया है। इस बीच केंद्र शासित प्रदेश की कश्मीर घाटी को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। घाटी के सभी जिलों में मौजूदा हालात को देखते हुए कंट्रोल रूम नंबर जारी कर दिए गए हैं। ये नंबर लोगों को किसी तरह की परेशानी में होने पर मदद के लिए दिए गए हैं। सिर्फ जम्मू-कश्मीर ही नहीं, बल्कि पंजाब में भी सीमावर्ती जिलों के गांवों को अलर्ट कर दिया गया है। फिरोजपुर जिले के कुछ सीमावर्ती गांवों के लोग सुरक्षित जगहों पर पनाह लेने लगें हैं। हालांकि पाकिस्तान से लगती अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बसे अमृतसर और तरनतारन के गांवों में स्थिति शांत बताई गई है। इस बीच पाकिस्तानी सेना की ओर से गुरुवार को भी जम्मू-कश्मीर के 4 सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर गोलाबारी की गई। भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी सेना ने कल यहां के कई सीमावर्ती गांवों को निशाना बनाकर भारी गोलाबारी की और मोर्टार भी दागे। सेना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कल की तुलना में आज गुरुवार को सीमापार से गोलेबारी की तीव्रता कम रही और यह चार सेक्टर तक ही सीमित रही।

## निजीकरण से शिक्षा हुई महंगी रोजगार के अवसर घटे: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी की अनुपयोगी सरकार के निजीकरण के प्रयासों का नतीजा है कि न सिर्फ शिक्षा महंगी हुई है, बल्कि रोजगार के अवसर कम हुए है। समाजवादी छात्र सभा की एक बैठक को संबो. धित करने के बाद पत्रकारों से बात. चीत में यादव ने कहा कि सस्ती शिक्षा और रोजगार देने के वादे के साथ सत्ता में आई भाजपा सरकार ने निजीकरण कर न सिर्फ शिक्षा को महंगा कर दिया, बल्कि नौकरी और रोजगार पर भी गंभीर संकट खड़ा हो गया। प्रतियोगी परीक्षाओं में आए दिन धांधली की चलते परीक्षायें निरस्त हो रही हैं, जिससे मेधावी छात्रों खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

## उठाव सुस्त रहने से खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 3770 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.52 सेंट की तेजी के साथ 47.85 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सूरजमुखी तेल 219 रुपए और सोया रिफाइंड 110 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया, जबकि पाम ऑयल में 366 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## लोकतंत्र अभिव्यक्ति व संवाद में निहित: धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि लोकतंत्र मूल रूप से अभिव्यक्ति और संवाद में निहित है और लोकतंत्र तब पोषित होता है, जब सत्ता की सीमाओं के प्रति सचेत रहा जाए। धनखड़ ने यहां इंडिया फाउंडेशन के एक कार्यक्रम में कहा कि एक राष्ट्र की पहचान शिष्टाचार और अनुशासन से होती है। समक. ालीन शासन में लोकाचार का महत्व है। देश में लोक के अनुसार बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश में कुछ जिले पिछड़े थे और नौकरशाह उन क्षेत्रों में नहीं जाते थे। अब वे 'आकांक्षी जिले' विकास में अग्रणी जिले बन गए हैं। सरकार ने द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों को भी आर्थिक गतिविधि का केंद्र बनाया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तरकाशी में...**

हेलीकॉप्टर काफी नीचे उड़ रहा था, जिससे यह हादसा हुआ। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर भेजी गई। टीम ने घायल को ऋषिकेश स्थित एम्स भेजा और मृतकों की शिनाख्त की। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इधर घटना की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ , पैरामिलिट्री, फायर, राजस्व, मेडिकल व अन्य आपदा राहत दल तत्काल मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू/सर्च अभियान चलाते हुए घायल व्यक्ति को एयर एम्बुलेंस के माध्यम से हायर सेन्टर भेजा गया। चारधाम यात्रा स्मार्ट कंट्रोल रूम से उपजिलाधिकारी डुंडा देवानंद शर्मा, आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दुल सिंह गुसांई व घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी श्रीमती सरिता डोबाल,अपर जिला. धिकारी उत्तरकाशी पीएल शाह, उपजिलाधिकारी भटवाड़ी शालीन नेगी ने पूरे रेस्क्यू अभियान को लीड किया है।

**घायल का विवरण-**

- मकतूर भास्कर (51 वर्ष), निवासी 19/295 मो. मिनबाद गुंटकल, अनंतपुर-आंध्र प्रदेश।

मृतकों का विवरण

1- विजयलक्ष्मी रेड्डी सी. (57 वर्ष) पत्नी चिरा सुब्बा, निवासी गैलेरिया सेंट्रल एवेन्यू सोसाइटी लिमिटेड, पावई मुंबई-महाराष्ट्र।

2 रॉबिन सिंह (60 वर्ष) पुत्र रामकरण सिंह, निवासी 201 सरनम विला प्रताप गंज विक्रमभोग, बड़ोदरा, फतेहगंज-गुजरात, (पायलट)।

3- राधा अग्रवाल (79 वर्ष) पत्नी रामचंद्र अग्रवाल, निवासी आलमगीरी गंज, बरेली-उत्तर प्रदेश।

4- रुचि अग्रवाल (56 वर्ष) निवासी 2504 ओडेसी 2, हीरानंदानी गार्डेंस पावई मुंबई-महाराष्ट्र।

5 - कला चंद्रकांत सोनी (61 वर्ष) पुत्री चंद्रकांत सोनी, ए-103 गोल्डन ओक हाइस्ट्रीट डी मार्ट समोर, हीरानंदानी गार्डेंस पावई, मुंबई-महाराष्ट्र।

6 - वेदांती (48 वर्ष) पत्नी एम. भास्कर, निवासी 19/295 मोमिनबाद गुंटकल अनंतपुर-आंध्र प्रदेश।

## इस बार पाकिस्तान को मिटा दो: सोफिया की बहन

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक पर फूटा गुस्सा

**झांसी।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की हीरो के रूप में उभरकर आईं कर्नल सोफिया की वीरता और पराक्रम के चर्चे हर तरफ हैं। झांसी में सोफिया की चचेरी बहन शबाना कुरैशी और उनके परिवार में भी खुशी का माहौल है। मीडिया से बातचीत में सोफिया की बहन शबाना कहती हैं कि इस बार पाकिस्तान को मिटा देना चाहिए, उसका यही इलाज है, ताकि वह कभी दोबारा ऐसी हिमा. कत न कर सके।

वैसे तो कर्नल सोफिया का परिवार छतरपुर मध्यप्रदेश के नौगांव का रहने वाला है। कर्नल सोफिया के पिता ताज मुहम्मद के बड़े भाई इस्माईल कुरैशी का परिवार झांसी के भट्टा गांव सदर बाजार में रहता है। दोनों ही परिवारों के कई लोग फौज में हैं। कर्नल सोफिया की चचेरी बहन शबाना कहती हैं कि उन्हें अपनी बहन पर फक्र है। बचपन में वह लोग साथ में खेली हैं। जब से सोफिया की खबर मिली है, तभी से वह लोग बेहद खुश हैं और लोग उन्हें बधाइयां दें रहे हैं। साथ ही परिवार की लड़कियों ने कहा कि वह भी अपनी बुआ कि तरह देश की सेवा करना चाहती हैं। 6/7 मई की रात भारतीय सेना ने पहलगाम हमले का बदला लेने के उद्देश्य से ऑपरेशन सिन्दूर को अंजाम दिया था, जिसमें सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर और पकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानो को निशाना बनाया था। बुधवार को सेना की तरफ से पैनल में कर्नल सोफिया कुरैशी ने मीडिया को ब्रीफ किया था और पूरे ऑपरेशन की जानकारी दी थी। जिसके बाद हर किसी की जुबान पर सोफिया कुरैशी का नाम है। सोफिया के पिता भी बीएसएफ में सूबेदार हैं और उनके पति भी सेना में अधिकारी हैं। यही नहीं उनके दो चाचा इस्माइल कुरैशी और वली मुहम्मद भी बीएसएफ में सूबेदार हैं। फिलहाल इस समय सोफिया का परिवार गुजरात के बड़ोदरा में रह रहा है।

### हम सरकार और सेना के साथ: प्रमोद तिवारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर भारतीय सेना द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई को लेकर गुरुवार को सुबह सर्वदलीय बैठक बुलाई गई बैठक में विपक्ष को जानकारी देने के बाद कांग्रेस पार्टी के सांसद प्रमोद तिवारी की प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने के लिए हमारा समर्थन सरकार और भारतीय सेना के साथ है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# युवक की मौत पर ग्रामीणों ने शव रखकर लगाया जाम

**एसडीएम व सीओ ने मुआवजे का आश्वासन देकर जाम खुलवाया**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के ग्राम गुनियाजुड्डी में देर रात सड़क हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गयी। मौत से स्वजन में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शव को लेकर स्वजन के साथ ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर बिरालसी चौकी के सामने मुजफ्फरनगर थानाभवन मार्ग पर घण्टो जाम लगाया। जाम की सूचना पर पहुंची एसडीएम सदर व सीओ सदर ने ग्रामीणों को समझाकर व मुआवजे का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। थाना क्षेत्र के गांव गुनियाजुड्डी निवासी रेशमा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह पति विनोद कुमार के साथ बुधवार की देर रात सड़क पर टहलते हुए बिरालसी जा रहे थे। तभी अचानक पीछे से तेज गति व लापरवाही से बाईक चला रहे गुनियाजुड्डी निवासी प्रदीप सिंह ने जोरदार बाइक की टक्कर मार दी। टक्कर लगने से घायल विनोद को चरथावल सीएचसी ले जाया गया,जहां चिकित्सक ने विनोद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पत्नि की तहरीर पर बाइक सवार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शव का अंतिम संस्कार करने से स्वजन ने इंकार कर दिया। स्वजन व ग्रामीणों ने बिरालसी चौकी के सामने सड़क पर रखकर मुआवजे की मांग को लेकर मुजफ्फरनगर-थानाभवन मार्ग पर घण्टों जाम लगाया। जाम की सूचना पर पहुंची एसडीएम सदर निकिता शर्मा व सीओ सदर ने स्वजन व ग्रामीणों को समझाया मुआवजे का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

# चर्चित गुल सनव्वर की सड़क हादसे में मौत

## कुख्यात बदमाश जमशेद सीकरी का बड़ा भाई था गुलसनव्वर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** दो दर्जन से अधिक आपराधिक घटनाओ का आरोपी व हत्या के मामले मे सजायाफ्ता मुजरिम गुल सनव्वर की अलीगढ़ जनपद मे हुए सड़क हादसे मे मौत हो गयी। गुलसनव्वर क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी था।और पूर्व प्रधान चर्चित बदमाश जमशेद का भाई था। गुल सनववर मौत से परिवार मे शोक की लहर दौड़ गयी है।



मृतक का फाइल फोटो

भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी गुलसनववर 55वर्ष की सड़क हादसे मे मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुलसनववर को गुरुवार की सुबह सवेरे फिरोजाबाद जेल से मुजफ्फरनगर पेशी के लिए जा रहा था। सुबह लगभग आठ बजे जैसे ही पुलिस वैन अलीगढ़ जनपद के गांव चिकावटी के पास खेरेश्वर चौराहे से आगे खडे कंटेनर से टकरा गयी। पुलिस द्वारा घायल हुए पांच पुलिस कर्मियों व गुलसनववर को वैन से बाहर निकाला गया जहां गुलसनववर सहित तीन पुलिस कर्मियों बलवीर सिंह, रघुवीर सिंह व वैन चालक चन्द्रभान की मौत हो गयी। गुल सनववर की मौत की सूचना मिलते ही परिवार मे शोक की लहर दौड़ गयी। मृतक गुल सनववर के परिवार मे माता मुरसलीना पत्नी हशरुबा व पुत्र अरबाब पुत्री गुड़िया, अफशा, मुस्कान, शीबा, सबा, बुशरा हैँ। भोपा थाना के हिस्ट्री शीटर बदमाश गुलसनववर चर्चित बदमाश व पूर्व प्रधान जमशेद का बड़ा भाई है। गुलसनववर के पिता चर्चित रहे इशरत अली की 1978 मे मृत्यु हो गयी थी। परिवार मे सबसे बड़े गुलसनववर थे जिसके बाद जमशेद, नौशाद व दिलशाद है। चारो भाई 15 अक्टूबर 2015 मे तस्लीम की हत्या के मामले मे आजीवन कारावास व एक दिन पूर्व 14 अक्टूबर को गांव के ही खालिद उर्फ भूरा पर जानलेवा हमले मे सजा याफ्ता मुल्जिम हैँ। मृतक गुल सनववर पर जनपद के भोपा थाना सहित ककरौली, पुरकाजी थाना कोतवाली मुजफ्फरनगर मे 26 अपराधिक मुकदमे दर्ज हैँ। गांव सीकरी मे अक्टूबर 2015 मे हुई तस्लीम हत्याकांड के बाद सीकरी के पूर्व प्रधान अम्मार की 22 अगस्त 2017 मे मुजफ्फरनगर के अंसारी मार्ग पर हुई हत्या को लेकर चारो भाई चर्चाओं मे बने रहे है।

# विद्युत करंट लगने से दुकानदार की हुई मौत

**परिजनों में मचा जबरदस्त कोहराम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** विद्युत करंट लग जाने से एक दुकानदार की मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना को लेकर मृतक के परिजनों में जबरदस्त कोहराम मचा हुआ है। मौहल्ले में भी भारी शोक व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कस्बे के कांधला रोड पर लकडी की आढत के समीप रहने वाले लगभग 40 वर्षीय आदेश प्रजापति पुत्र सुरेंद्र सिंह ने घर के पास ही मिठाई चाय की दुकान की हुई है। बीती देर रात के समय दुकान में बिजली ना आने के कारण दुकानदार आदेश अपनी दुकान की छत पर चढकर बिजली का तार देखने लगा। विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से वह वहीं पर गिर गया। घायल अवस्था में उसकी मौके पर मौत हो गई। रात में घर नही आने के कारण बृहस्पतिवार की सुबह उसके परिवार के लोग दुकान पर पहुंचे तो देखा दुकान की छत पर आदेश मृत अवस्था में पडा है तो परिजनों की मौके पर ही चीख पुकार मच गयी। पूरे परिवार में शोक छा गया। घटना की सूचना मिलते ही बुढाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और परिजनों के अलावा आसपास के लोगों से घटना की जानकारी करने के बाद आदेश के शव का पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से परिवार शोक में डूबा है। मृतक आदेश के दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं।



मुजफ्फरनगर : गांजा तस्कर के पकड़े जाने की जानकारी देते एसएसपी संजय कुमार वर्मा।

# जीएसटी विभाग टीम ने सीज की 21 लाख ईंट

**भट्टे पर कर जमा करने में पकड़ी गड़बड़ी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्टेट जीएसटी विभाग की टीम ने तावली स्थित ईंट भट्टे पर जांच करते हुए जीएसटी जमा कराने में गडबडी पाए जाने पर भट्टे पर बिक्री के लिए रखी लगभग 21 लाख ईंट सीज की है। ईंट की कीमत एक करोड रुपये से अधिक की बताई जा रही है। जीएसटी की एसआइबी यूनिट के उपायुक्त मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि विभाग ने ईंट भट्टों को भी कुंडली खंगाली है। कई ईंट भट्टे ऐसे मिले हैं, जिनका वार्षिक टर्न और जीएसटी जमा कराने के आंकडे पिछली बार के मुकाबले इस बार घटे हैं। इसकी गहनता से छानबीन शुरू की गई है। जिसके चलते बुढाना क्षेत्र के तावली में ईंट भट्टे पर जीएसटी को लेकर जांच हुई। जांच में अनियमितता पकड में आई है। जिसके चलते भट्टे पर तत्काल पेनल्टी या जुर्माना नहीं वसूला गया है। यहां पर रखी मिली लगभग 21 लाख ईंट को सीज किया गया है। विभाग की अनुमति एवं जांच पूर्ण होने तक इन ईंटों की ब्रिकी नहीं की जा सकती है। ईंट भट्टा स्वामी जीएसटी कोष में छह प्रतिशत टैक्स जमा कराएगा, जिसके बाद बिक्री कर पाएंगे।




खतौली : ग्राम बडसू में वित्तीय साक्षरता शिविर में जानकारी देती अधिकारी।

# 22 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर दबोचे

## खालापार पुलिस ने उड़ीसा से तस्करी करने वाले बदमाशों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खालापार पुलिस ने अन्तर्राजीय मादक पदार्थ के तीन तस्कर गिरफ्तार किए है। पुलिस ने इनके कब्जे से 22 किलो गांजा और घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर व कार बरामद करने का भी दावा किया है। मादक पदार्थ की कीमत लाखों रूपये की बताई गई है। एसएसपी ने पुलिस ने टीम को पन्द्रह हजार रूपयें का ईनाम दिया है।

पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता के दौरान नए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि खालापार पुलिस ने चैकिंग के दौरान संदिग्ध मनोज पुत्र मांगेराम निवासी बाबरी, ललित निवासी डांगरोल व मनोज निवासी कांधला जनपद शामली को गिरफ्तार किया।

उन्होने बताया कि तलाशी के दौरान इनके कब्जे से 22 किलो गांजा बरामद हुआ। इसी के चलते पुलिस ने इनके कब्जे से ट्रैक्टर, कार, इलेक्ट्रोनिक कांटा व तीन मोबाइल बरामद कर अपने कब्जे में किए। एसएसपी ने बताया कि मनोज ने पूछताछ में जानकारी दी बरामद गांजा उड़ीसा से तस्करी करके लाया गया था और वह इस मादक पदार्थ के धंधे को काफी समय से कर रहे है। एसएसपी ने बताया कि इनका नेटवर्क कई जनपद व राज्यों में जुड़ा है और इनके अन्य साथियों के नाम भी सामने आए है जिनकी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

एसएसपी का कहना है कि इनके संबंध कुछ जिम्मेदार लोगों से भी है और बरामद करने वाली टीम को पन्द्रह हजार रूपयें से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

इस दौरान एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, एसपी देहात आदित्य बंसल, सीओ बुढ़ाना गजेन्द्र सिंह, सीओ सिटी राजीव साव मौजूद रहे।

### मुठभेड़ में 26 मुकदमों में लिप्त काला घायल

**मुजफ्फरनगर।** बुढ़ाना पुलिस ने मुठभेड के दौरान एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी पर दो दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज है वह हिस्ट्रीशीटर भी है पुलिस घायल बदमाश को प्रेस वार्ता में लेकर आई।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पत्रकारों के रूबरू होते हुए उन्हे बताया कि पुलिस व बदमाशों के बीच कांधला मार्ग पर मुठभेड हुई। इस मुठभेड में जब पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो हिस्ट्रीशीटर इरशाद उर्फ काला पुत्र कालू निवासी अलीपुर अटेरना थाना बुढ़ाना गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध असलाह बरामद किया और आरोपी पर 26 मुकदमें दर्ज बताई।

# बडसू में किया साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन

**जागरूकता शिविर में दी डिजिटल बैंकिंग की जानकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खतौली ब्लॉक के ग्राम बडसू में क्रिसिल फाउंडेशन द्वारा एक विशेष वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक (डीडीएम) व क्रिसिल फाउंडेशन की टीम ने ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के गुर सिखाए। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को आधुनिक बैंकिंग प्रणाली, डिजिटल लेन-देन, बचत व निवेश के महत्व और केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देना था। नाबार्ड के डीडीएम अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि वित्तीय ज्ञान ही आर्थिक सशक्तिकरण की कुंजी है।

प्रधानमंत्री जनधन योजना जैसे अभियानों के माधयम से देश भर में वित्तीय समावेशन हो रहा है और ग्रामीण जनता तेजी से बैंकिंग सेवाओं से जुड रही है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपनी बचत को बैंकों में सुरक्षित रखें और निवेश के लिए बैंकिंग चैनलों का ही प्रयोग करे। नवनियुक्त डीडीएम निलह वत्स ने कहा कि आमदनी का कम से कम दस प्रतिशत बचाना हर व्यक्ति की आदत होनी चाहिए। यदि यह राशि खर्च समझ कर बैंक में जमा की जाए और उसका सही निवेश किया जाए, तो आर्थिक स्थायित्व पाया जा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से नियमित रूप से बचत खाता संचालन व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुडने की अपील की। क्रिसिल फाउंडेशन की क्षमता वर्धन अधिकारी शीजा खानम ने डिजिटल बैंकिंग के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि समय के साथ चलने वाला ही आगे बढता है। उन्होंने ग्रामीणों को डिजिटल सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी, जैसे कि एटीएम पिन व ओटीपी किसी के साथ साझा न करना। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और सुकन्या समृद्धि योजना के लाभों पर भी प्रकाश डाला।बडसू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉ. सताक्षी ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही वित्तीय योजनाएं जनकल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वित्तीय साक्षरता से न केवल आमदनी बढती है, बल्कि जीवन स्तर भी बेहतर होता है। इस शिविर में भारी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

आयोजन को सफल बनाने में खतौली सीएफएल सेंटर मैनेजर मो. हित कुमार, फील्ड कोऑर्डिनेटर समरीन, वसीम अहमद, डॉ. प्रियंका, ग्राम प्रधान फूलमती, सुभाष प्रधान, सुनील पावली, जयपाल सिंह फौजी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों का सराहनीय योगदान रहा।

### सीएफएल केंद्र का किया निरीक्षण

शिविर के उपरांत डीडीएम नाबार्ड ने खतौली सीएफएल केंद्र का निरीक्षण भी किया और वहां रखे गए दस्तावेजों की सूक्ष्मता से जांच की।

# एसएसपी ने महिला व सिविल लाइन थाने का किया निरीक्षण

**पत्रावलियों के सही रखरखाव के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चार्ज संभालते ही नए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने थाना सिविल लाइन व महिला थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने सिविल लाइन चौकी की कच्ची सड़क प्रभारी से बात की तो उन्हे कोई जवाब नहीं मिला। जिसके चलते जनपद के कप्तान ने उनसे स्पष्टी करण मांगा है। सिविल लाइन थाने के बाद एसएसपी महिला थाने पहुंचे और उन्होने थाना परिसर का निरीक्षण करने के साथ यहां आने वाली पीड़िताओं से घटनाओं से संबंधित जानकारी ली। गुरूवार को जनपद के नए कप्तान संजय कुमार वर्मा महिला थाने परिसर का निरीक्षण किया। इसी दौरान उन्होने वायरलेस सेट पर कच्ची सड़क व कचहरी चौकी इंचार्ज से लोकेशन जाना, लेकिन उन्हे यहां दोनो चौकी प्रभारियों का कोई जवाब नहीं मिला। स्पष्टीकरण के दौरान उन्हे जानकारी मिली कि दोनो चौकी इंचार्ज कोर्ट में गए है।

सिविल लाइन थाने में एसएसपी ने यहां के रजिस्टर चैक किए, रखरखाव चैक किया और थाने में मुंशियों से रखरखाव की जानकारी मांगी। एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान सिविल लाइन थाना प्रभारियों को अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही के आदेश दिए और आने वाली हर पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करने को कहा।



मुजफ्फरनगर: निरीक्षण के दौरान थाने के कार्यालय का अवलोकन करते एसएसपी।

### एडीएम ई नरेन्द्र बहादुर सिंह का तबादला, संजय होंगे नए एडीएम

**मुजफ्फरनगर।** एडीएम ई नरेन्द्र बहादुर सिंह का तबादला करते हुए लखीमपुर खीरी में एडीएम वित्त एवं राजस्व के पद पर भेजा गया है, जबकि यहां एडीएम वित्त के रूप में तैनात संजय सिंह को जिले का नया एडीएम प्रशासन बनाया गया है। नरेन्द्र बहादुर सिंह का जनपद में लम्बे समय तक कार्यकाल रहा है। उन्होने अपने कार्यकाल में विभागीय कार्यो को प्रगति देते हुए जिले में नई पहचान बनाई है। वह अपने व्यवहार के कारण जिले में एक नई पहचान बना चुके है। और उन्होने जिले के विकास के लिए अहम भूमिका निभाई।

# पत्नी की हत्या में पति को उम्रकैद, 12 हजार रुपये जुर्माना भी लगा

**मुजफ्फरनगर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (कोर्ट नंबर 6) रेखा सिंह ने पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में पति को आजीवन कारावास और 12000 अर्थ दंड अदा करने की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता कमल कुमार एवं जीसी फौजदारी राजीव शर्मा ने बताया कि 18 अक्टूबर 2020 को मुजफ्फरनगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कस्साबान निवासी शाहिद पुत्र अब्दुल सलाम ने थाना खतौली में तहरीर देते हुए बताया था कि फिरोज पुत्र अब्दुल करीम निवासी बुढ़ाना रोड थाना खतौली उसके भाई सरताज और सास समरजहां द्वारा बहन को गोली मारकर हत्या करने की घटना कारित की गयी है। वादी की बहन की शादी मोहम्मद फिरोज से हुई थी। खतौली पुलिस द्वारा अभियुक्त फिरोज को त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 19 अक्टूबर 2020 को ही गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा विवेचना में खतौली पुलिस ने सास समरजहां और देवर सरताज की लोकेशन घटना के समय कहीं और होने के कारण उनके नाम निकाल दिए। खतौली पुलिस द्वारा अभियुक्त फिरोज के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त तमंचा बरामद किया गया तथा अभियुक्त फिरोज उपरोक्त के विरूद्ध दिनांक 19 दिसंबर 2020 को आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित किया गया। अभियोजन की ओर से कोर्ट में सहायक शासकीय अधिवक्ता कमल कुमार द्वारा प्रभावी पैरवी की गई और गवाहों के बयान कराकर पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष के आधार पर आरोप साबित करने का प्रयास किया। पीठासीन अपर सत्र न्यायाधीश (कोर्ट नंबर 6) रेखा सिंह ने अभियोजन द्वारा दी गई दलील को सही मानते हुए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त फिरोज को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास व आयुध अधिनियम में 3 वर्ष के कारावास तथा कुल मिलाकर 12 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।



मुजफ्फरनगर : चेहरे को लू व धूप से बचाने के लिए मुंह ढककर निकली स्कूटी सवार।

# दूसरे और तीसरे चरण की देरी में खड़े हुए सवाल

## एआरपी परीक्षा में धाधंली का अंदेशा जता रहे शिक्षक

**डायट प्राचार्य ने किया वीडियो ग्राफी के साथ परीक्षा पारदर्शी कराने का दावा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एआरपी की परीक्षा के बाद ओएमआर सीट के अंक पारदर्शी नहीं होने के चलते शिक्षकों ने धाधंली का अंदेशा जताया है। प्राथमिक शिक्षक संघ की खतौली ब्लाक अध्यक्ष पूनम बालियान पत्र जारी कर कहा कि एआरपी परीक्षा में शिक्षा विभाग के अधिकारी मनमानी रूप से काम कर रहे हैं। प्रथम चरण की परीक्षा में पास और फेल शिक्षकों के अंकों का अपने पास ही छिपाकर रखा गया है। डायट प्राचार्य पर अंक सार्वजनिक करने की बजाए छिपाकर रखने के आरोप लगाए गए है, उधर डायट प्राचार्य अभी दो चरण शेष होने की वजह से अंक अपने पास सुरक्षित करने की जानकारी दे रहे हैं।

प्राथमिक शिक्षक संघ की खतौली ब्लाक अध्यक्ष पूनम बालियान ने कहा कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पर एआरपी परीक्षा संपन्न कराई गई। 5 अप्रैल को बताया कि कुल 66 अभ्यर्थियों में से 18 अभ्यर्थी फेल हुए हैं, जबकि अगले ही दिन जारी प्रेस नोट में 12 अभ्यर्थियों को फेल होना बताया और बीएसए विभाग में केवल पास-फेल की संख्या डीसी को दी गई है। विभाग में पास और फेल शिक्षकों के नाम और उनके अंक नहीं सौंपे गए है। इससे ऐसा लग रहा है कि कुछ शिक्षकों के साथ पक्षपात किया जा रहा है।

इससे परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थी परेशान है और अभ्यर्थियों के द्वारा भारी धंधाली का अंदेशा जताया जा रहा है। उन्होंने परीक्षा में बैठाने वाले शिक्षकों के प्रति भी बीईओ पर अपने चाहतों के आवेदन पत्रों की सही जांच कर बैठाने के आरोप लगाए हैं। डाइट प्राचार्य संजय कुमार रस्तोगी का कहना है कि उन्होंने डायट में ओएमआर सीट पर परीक्षा कराई है। पास और फेल शिक्षकों का डाटा बीएसए विभाग के डीसी सुशील कुमार को दिया गया है।

बीएसए संदीप कुमार विभागीय काम से बाहर है, जिस कारण माइक्रो टीचिंग और साक्षात्कार में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि हमारी तरफ से परीक्षा पारदर्शी कराई गई है। सभी कार्यों की वीडियोग्राफी हुई है।

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086

# मस्जिद से लोहे का सरिया व सीमेंट के कट्टे चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** अज्ञात चोरों ने एक मस्जिद में निर्माण के लिए रखा कीमती सरिया और सीमेंट के कई कट्टे चोरी कर लिए हैं। इस मामले में बुढ़ाना पुलिस को घटना की सूचना बृहस्पतिवार को दी गयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कस्बे की चंधेड़ी रोड़ पर स्थित इस्लामिया मदरसे के ठीक पीछे स्थित मोहल्ला मुनव्वरनगर में कई दिनों से नशेड़ियों तथा गुंड़े किस्म के आवारा लड़कों का आतंक छाया हुआ है। आए दिन कुछ ना कुछ घटनाए करके अपराध करते रहते हैं। जिस कारण मौहल्ले की बहू और बेटियों का भी आना जाना दूभर हो गया है। इनके द्वारा चोरी की घटनाएं भी की जा रही है। बीती 02 मई को मस्जिद सुहैल में इन लोगों के द्वारा तीन कुन्तल लोहे का सरिया तथा सीमेंट के कुछ कट्टे चोरी कर लिए गये। जिस कारण मस्जिद का कार्य बाधित हो गया। अब ब्विवसनीय सूत्रों द्वारा गोपनीय सूचना के आधार पर कुछ नाम प्रकाश में आए हैं। जाँच अधिकारी को भी बता दिया गया है। अब इस मामले में सपा के वरिष्ठ नेता हारुण अली सिद्दीकी ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए चोरों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने भी उक्त तहरीर के आधार पर कार्यवाही शुरु कर दी है।

## एसएसपी से भी मिले थे मौहल्लेवासी.....

ठ जिस मस्जिद में सरिया सीमेंट की चोरी हुई है उस मस्जिद क्षेत्र में पुलिस गश्त कई महीने से बंद है। जिस कारण असामाजिक तत्व तथा नशेड़ी लोग तांडव करते हैं। इस विषय में कुछ महीने पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर इस समस्या से अवगत कराया गया था जिसका संज्ञान लेते हुए उन्होंने बुढ़ाना कोतवाल को फोन कर गश्त कराए जाने के निर्देश दिए थे। सपा नेता हारुण अली सिद्दीकी बताते हैं कि इस मस्जिद में मेरे द्वारा कुछ जिम्मेदार लोगों से चंदा इकठा करके निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सरिया चोरी होने के कारण निर्माण कार्य में बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न हो गयी है। इस बारे में वे आज कोतवाल आनंद देव मिश्र से मिले हैं तो उन्होंने कस्बा इंचार्ज को उक्त मस्जिद क्षेत्र में गश्त करने के निर्देश दिए हैं।

# मनचले युवक ने दी युवती की फोटो वायरल करने की धमकी

**खतौली।** खतौली तहसील क्षेत्र में एक गांव निवासी युवती के साथ छेडछाड और ब्लैकमेलिंग का गंभीर मामला सामने आया है। एक मनचले युवक द्वारा युवती को लगातार परेशान किया जा रहा है। आरोपी ने युवती की इंटरनेट मीडिया पर एडिट कर फोटो वायरल करने की धमकी दी है, जिससे परिवार में दहशत का माहौल बना है। पीडिता की मां ने खतौली थाने में तहरीर देकर पुलिस से आरोपी युवक के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग की है। पीडित मां ने पुलिस को बताया जब उसकी पुत्री अपने घर के दरवाजे पर खडी थी तो उक्तमनचले युवक ने उसके साथ छेडछाड की छेडछाड करने का विरोध करने पर उक्तमनचला युवक वहां से भाग खडा हुआ और सोशल मीडिया पर उसकी बेटी के फोटो वायरल करने की धमकी दी। पीडित मां ने आशंका जताई है कि आरोपी किसी अनहोनी को अंजाम दे सकता है और उसकी बेटी की जान को खतरा हो सकता है।

अगले महीने उसकी बेटी की शादी होने वाली है और आरोपी युवक उसकी बेटी को शादी नही करने की धमकी दे रहा है। इसके साथ ही पीडित ने पुलिस से परिवार की सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर लेकर कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी बृजेश शर्मा ने बताया की मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और जल्द ही आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



चरथावल थानाक्षेत्र के हिंडन नदी के निकट मुजफ्फरनगर-थानाभवन मार्ग पर तेज आंधी के चलते टूटकर गिरा पेड़

# सुरक्षा ड्रिल में पुलिस ने किया युवाओं को प्रशिक्षित

**मीरापुर।** शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज मीरापुर थाना की ओर से एक विशेष आपातकालीन सुरक्षा ड्रिल का आयोजन किया गया। इस ड्रिल का उद्देश्य विद्यालय के विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थितियों के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक सुरक्षा उपायों की जानकारी देना था।

इस अवसर पर सब-इंस्पेक्टर आनंद कुमार और ललित कुमार ने उपस्थित छात्रों को भारत-पाकिस्तान के मौजूदा हालात के संदर्भ में सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने यह समझाया कि किसी भी संकट या असामान्य स्थिति में घबराने की बजाय समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए। दोनों अधिकारियों ने छात्रों को आपातकालीन नंबरों, संदिग्ध वस्तुओं से दूरी बनाए रखने तथा तुरंत पुलिस या शिक्षकों को सूचना देने जैसी अहम बातों की जानकारी दी। महिला उपनि. रीक्षक डोली ने छात्राओं को विशेष रूप से आत्मरक्षा के तरीकों और कक्षाओं में संभावित खतरों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को समझाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की बातों में न आएं और हमेशा सतर्क रहें। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को एक मॉक ड्रिल कराई गई, जिसमें उन्हें स्कूल भवन खाली करने, एकत्रित होने के स्थान पर पहुंचने और किसी भी आपातकाल में सुरक्षित रहने के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए। बच्चों ने अनुशासित तरीके से भाग लेते हुए ड्रिल को सफल बनाया और अधिका. रियों द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे इन सुरक्षा उपायों को केवल खुद तक सीमित न रखें, बल्कि अपने माता-पिता और आस-पास के लोगों को भी इसके बारे में जानकारी दें। उन्होंने बच्चों को आश्वस्त किया कि जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। विद्यालय के डायरेक्टर राजेश कुमार शर्मा ने पुलिस प्रशासन और विद्यालय प्रबंधन के संयुक्त प्रयास की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को सतर्क, जागरूक और आत्मब्विवासी बनने की प्रेरणा दी।



# दुकान में लगी आग से हजारों का नुकसान

**मोरना।** क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर में किरयाना की दुकान में आग लग गई। ग्रामीणों द्वारा आग को शांत किया गया।आग लगने से ग्रामीण का हजारों का नुक़सान हो गया।पीड़ित ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तोफीर निवासी पुरण सिंह ने जानकारी देकर बताया कि वह गांव मे ही किरयाना की दुकान चलाकर परिवार की गुज़र बसर करता है।बुधवार की रात्रि वह दुकान को बंद कर गया था की कुछ देर बाद ग्रामीणों ने दुकान से धुँवा उठता देखा तो पूरण को सूचना दी।ग्रामीणों की सहायता कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पूरण ने बताया की आग मे जलकर सारा सामान खराब हो गया। जिससे उसे बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। पूरण ने आग लगने की घटना को संदिग्ध बताते हुए कहा की आग स्वयं लगी है अथवा लगाई गयी है यह स्पष्ट नहीं है। पीड़ित ने घटना की जांच कराने सहित प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।



## जौला के छोटे विद्युतग्रह की बिजली ठप्प

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला में स्थित छोटे बिजली घर में जोला टाउन फीडर की वीसीबी मशीन के पीछे जो लीड लगी हुई होती है और सिटी में आग लगने के कारण बृहस्पतिवार की रात में अचानक से फट गई। जिसमें छोटा जौला बिजली घर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति भी पूरी तरह से ठप्प हो गई। इस संबंध मे ग्रामीणों का कहना है कि इस दिक्कत के कारण ऊपर से गर्मी और विद्युत आपूर्ति ना आने से बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत कर्मचारियों ने संबंधित अधिकारियों को इसको लेकर सूचना दे दी है। अब देखना यह है कि उक्त समस्या को कितने समय में ठीक किया जाएगा। बृहस्पतिवार की देर रात समाचार लिखे जाने तक विद्युत आपूर्ति बहाल नही हुई थी और लोग भयंकर गर्मी से बहुत ही बेहाल थे।

# विधिक साक्षरता रैली का जिला जज संतोष राय ने किया शुभारंभ

- 10 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त कलेन्डर के अनुसार संतोष राय, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफफरनगर के कुशल निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफफरनगर की ओर से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु एक रैली का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफफरनगर के द्वारा हरी झण्डी देकर किया गया। रैली में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु मोटर साईकल का प्रयोग किया गया। रैली में आगनवाडी कार्यकत्री, आश बहुओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह रैली जिला न्यायालय से होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुये जिला न्यायालय में समाप्त हुई। रैली में पी0एल0वी0 द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

सीताराम, अपर जिला एवम् सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफफरनगर, द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 10.05.2025 दिन द्वितीय शनिवार, को दीवानी न्यायालय परिसर मुजफफरनगर, वाह्य न्यायालय बुढाना, ग्राम न्यायालय जानसठ, ग्राम न्यायालय खतौली तथा कलक्ट्रेट मुजफफरनगर में किया जायेगा। जिसमें आपराधिक, 138 एन0 आई0 एक्ट, बैक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिका, टेलीफोन, बिजली एवम् पानी के बिल, वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व वाद, तथा सिविल वादों का निस्तारण किया जायेगा।

# बडसू के ग्रामीणों को मिला वित्तीय साक्षरता का पाठ

- नाबार्ड व क्रिसिल फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से जागरूकता शिविर का आयोजन

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली ब्लॉक के ग्राम बडसू में क्रिसिल फाउंडेशन द्वारा एक विशेष वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक द्धडीडीएमऋ व क्रिसिल फाउंडेशन की टीम ने ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के गुर सिखाए। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को आधुनिक बैंकिंग प्रणाली, डिजिटल लेन-देन, बचत व निवेश के महत्व और केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देना था।

अपने स्थानांतरण के उपरांत जनपद में आयोजित अंतिम शिविर को संबोधित करते हुए नाबार्ड के डीडीएम अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि वित्तीय ज्ञान ही आर्थिक सशक्तिकरण की कुंजी है। प्रधानमंत्री जनधन योजना जैसे अभियानों के माध्यम से देश भर में वित्तीय समावेशन हो रहा है और ग्रामीण जनता तेजी से बैंकिंग सेवाओं से जुड़ रही है। उन्होंने ग्रामीणों से आ]वान किया कि वे अपनी बचत को बैंकों में सुरक्षित रखें और निवेश के लिए बैंकिंग चौनलों का ही प्रयोग करें। नवागत डीडीएम निलह वत्स

शिविर में नवनियुक्त डीडीएम निलह वत्स ने कहा कि आमदनी का कम से कम दस प्रतिशत बचाना हर व्यक्ति की आदत होनी चाहिए। अगर यह राशि खर्च समझ कर बैंक में जमा की जाए और उसका सही निवेश किया जाए, तो आर्थिक स्थायित्व पाया जा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से नियमित रूप से बचत खाता संचालन व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने की अपील की। क्रिसिल फाउंडेशन की क्षमता वर्धन अधिकारी शीजा खानम ने डिजिटल बैंकिंग के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि समय के साथ चलने वाला ही आगे बढ़ता है। उन्होंने ग्रामीणों को डिजिटल सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी, जैसे कि एटीएम पिन व ओटीपी किसी के साथ साझा न करना। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और सुकन्या समृद्धि योजना के लाभों पर भी प्रकाश डाला। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने बैंकिंग से जुड़ी अपनी समस्याएं भी साझा कीं, जिस पर डीडीएम नाबार्ड ने समाधान का आ्वासन दिया।

बडसू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉ. सताक्षी ने भी शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही वित्तीय योजनाएं जनकल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वित्तीय साक्षरता से न केवल आमदनी बढ़ती है, बल्कि जीवन स्तर भी बेहतर होता है। शि. विर के उपरांत डीडीएम नाबार्ड ने खतौली सीएफएल केंद्र का निरीक्षण भी किया और वहां रखे गए दस्तावेजों की सूक्ष्मता से जांच की। इस शिविर में भारी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में खतौली सीएफएल सेंटर मैनेजर मोहित कुमार, फील्ड कोऑर्डिनेटर समरीन, वसीम अहमद, डॉ. प्रियंका, ग्राम प्रधान फूलमती, सुभाष प्रधान, सुनील पावली, जयपाल सिंह फौजी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों का सराहनीय योगदान रहा।

# रोजगार मेले में पहुंचे कई कम्पनी के अधिकारी

**बुढ़ाना।** बडौत रोड पर स्थित शिक्षण संस्था बलवंती देवी एकेडमी सठेडी तथा जिला सेवायोजन कार्यालय मुजफ्फरनगर के संयुक्त तत्वाधान में आज बृहस्पतिवार के दिन बलवंती देवी एकेडमी सठेडी के परिसर में ही एक रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। यहां पर सहायक जिला सेवायोजन अघधिकारी डॉक्टर सोनाली सिंह तथा बलवंती देवी एकेडमी सठेडी की डायरेक्टर राजकांता ने अपने अपने कर कमलों के द्वारा दीप जलाकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रोजगार मेले में एडवांस्ड लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी, हाली हर्ब्स, एलआईसी तथा एसकेएस जॉब प्लेसमेन्ट कम्पनी ने 141 अघ्भ्याथियों का रोजगार के लिए साक्षात्कार लिया गया। यहां पर कुल 84 अभ्याघर्थियों को ही रोजगार के लिए चुना गया। यहां पर सहायक जिला सेवायोजन अघधिकारी ने कॉलेज के विद्यार्थियों की काउन्सिलिंग की। उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में भी संपूर्ण जानकारी दी गयी। इस मौके पर यहां मुख्य रूप से एकेडमी के प्रबंधक आरएस मलिक, अशोक कुमार, पूनम सैनी, रूबल चौधरी, अमन कुमार, अर्जुन कुमार और मुकेश कुमार सहित एकेडमी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



बुढाना : बलवंती देवी एकेडमी में रोजगार मेले में शामिल छात्राएं।

# पड़ोसियों पर लगाया अवैध निर्माण का आरोप

**बुढ़ाना।** एक सेवानिवृत्त फौजी ने अपने ही पड़ोसियों पर उसकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके निर्माण कार्य शुरु किए जाने का आरोप लगाते हुए पैमाईश होने तक अवैध कार्य रुकवाने की गुहार एसडीएम, कोतवाल और चौकी इंचार्ज से लगाई है। पुलिस ने तहरीर मिलते ही मामले की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार इफ्तखार अली पुत्र अख्तर अली निवासी ग्राम रसूलपुर दभेडी ने बताया कि गांव में ही उसका खसरा नंबर 46 है जबकि उसके बराबर मे खसरा नंबर 47, 48, 49 और 50 है। मौके पर उसका चक कम है। चारो चकों मे रकबा ज्यादा है। पड़ोसियों ने खसरा नंबर 47, 48, 49 और 50 में कई प्लाट काटकर बैंच दिये हैं। उक्त लोगो ने ना तो एसडीएम, ना एमडीए, ना तहस. ीलदार और ना ही बुढ़ाना थाने से कोई भी इसकी अनुमति ली है। वह एक रिटायर्ड फौजी है। इन चकदारों से उसका रकबा पूरा कराया जाए और ये लोग जो उसकी जमीन पर अवैध रूप से अवैध निर्माण कर रहे हैं इनको इससे पैमाईश होने तक रोका जाए। उधर बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र ने उमरपुर पुलिस चौकी इंचार्ज को उक्त मामले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। रिटायर्ड फौजी का कहना है कि आरोपी दबंग हैं और वो बिल्कुल भी झगड़ा नहीं चाहता है।

## पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश लंगड़े

**मोरना।** ककरौली थानाध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम को बिजनौर रोड़ पर आश्रम चौराहे के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक सवार को रूकने का इशारा किया तो बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने लगे पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की जिसमें दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए शहाबुद्दीन पुत्र बशीर व गुड्डू उर्फ विजय पुत्र नत्थन निवासी थाना दौराला जनपद मेरठ बताए हैं। घायल बदमाशों के पास से एक बाइक दो अवैध तमंचे व कारत. ूस बरामद हुए हैं गुड्डू पर हत्या लूट डकैती सहित तीन दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 2464/01.03.2022 में गलती से नाम देवांश अंकित कराया गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम देवांश कुमार है, भविष्य में इसी नाम से जाना जाएगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**पंकज कुमार 272 गली नंबर 3**
**आदर्श कालोनी मुजफ्फरनगर**

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर जिला अस्पताल में फिजियोथेरेपी सैंटर का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** रेडक्रास दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस भवन में एक शानदार समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर संजय वर्मा सहित अनेक आधिकारिगण एवं गणमान्य व्यक्ति व रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रेड क्रॉस संचालन समिति के चेयरमैन डॉ अशोक अरोड़ा ने बताया कि विश्व स्तर पर रेड क्रॉस की स्थापना वर्ष 1862 में हुई थी और इसके जनक हैं सर हेनरी डोनेट जी जिन्होंने पहला शांति पुरस्कार प्राप्त किया था। भारत में संसद द्वारा पारित अधिनियम के अंतर्गत पूरे देश में यह संस्था कार्यरत है संसार के 163 देश इसके सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर जनपद में भी इस समय लगभग 250 आजीवन सदस्य हैं जिनकी संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी की रेड क्रॉस के माध्यम से शीघ्र ही जनपद में ऑक्सीजन बैंक की भी स्थापना होगी इस अवसर पर लाभार्थियों एवं सदस्यों को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉक्टर सुनील तेवतिया ने कहा कि आगामी कुछ दिनों में रेड क्रॉस सोसाइटी के गठन का कार्य पूर्ण कर सभी को परिचय पत्र आदि दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि रेड क्रॉस की स्वास्थ्य जगत में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका है। खास तौर पर जब देश या विदेश में युद्ध के बादल मंडरा रहे हो और ऐसे में घायल सैनिकों की मदद के लिए रेड क्रॉस ही सर्वोत्तम माध्यम है। सीएमओ ने आम जनमानस से इस कार्य में सहयोग देने की अपील की। उन्होंने रेडक्रॉस भवन में फिजियोथैरेपी सैन्टर का शुभारम्भ करते हुए कहा कि इसकी सेवाएं आम जनमानस के लिए नि:शुल्क रहेगी। इसके अतिरिक्त संस्था के वाइस चेयरमैन डॉ राजीव कुमार ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किये। रोहिताश वर्मा ने भी रेड क्रॉस सोसाइटी के संचालन के संदर्भ में बहु उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में महिलाओं को स्वच्छता किट प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर सुभाष चंद्र शर्मा, सभासद अमित पटपटिया, उद्योगपति नीलकमलपुरी, डॉक्टर विवेक, मणि पटपटिया, ईश जुनेजा, डॉक्टर शिवांश, डॉक्टर विभांशु, डॉक्टर संजय अग्रवाल के अलावा शिवराज सिंह, दीन बहादुर आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा डॉ. एस. के.जैन, डा. मुकेश भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। रेड क्रॉस बैठक में जानकारी दी गई कि आज सवेरे के समय जिलाधिकारी आवास पर स्वास्थ्य सेवाओं की एक आवश्यक बैठक हुई जो देश की वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भ में आयोजित की गई। इसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारियों ने भाग लिया स्वास्थ्य एवं जिला सूचना अधिकारी डॉ. गीतांजलि वर्मा ने की। कार्यक्रम के समापन पर सभी का आभार व्यक्त किया।




# 5 मिनट सिर्फ अंधेरे के नहीं थे, यह देशभक्ति की असली परख थी

**खतौली।** देश के सम्मान में 15 मिनट के लिए उजालों को थाम लिया गया। हर ओर अंधेरा छा गया, बिजली बुझा दी गई, सायरन थम गए। सड़कों पर पसरा सन्नाटा, और उसमें गूंजती खाकी की सख्ती, जो निकली थी उन वाहनों की लाइट बुझवाने, जो देश के लिए ये चंद पल भी अंधेरे में नहीं रह सके। लेकिन अफसोस, कुछ लोगों ने इस राष्ट्रीय भावना को नज़रअंदाज़ किया। उन्होंने ना सिर्फ लाइट बंद करने से इनकार किया, बल्कि पूरे प्रयास की गरिमा भी भंग की। अब ऐसे लोगों पर प्रशासन की सख्त नजर होगी। खतौली में आठ बजते ही कॉलोनी और सड़कों पर अंधेरा छा गया। हर कोई इंसान वाहनों की लाइटें बंद कराने के लिए सड़कों पर खाकी के साथ सड़कों पर उतर पड़ा था। किसी ने कहा है कि जब चारों ओर सन्नाटा था, बत्तियाँ बुझा दी गई थीं, ना कोई आवाज़ थी, ना कोई उजाला...पर उस अंधेरे में जो चमक थी, वो थी हमारी एकता की, हमारी जागरूकता की। वो 15 मिनट सिर्फ ब्लैकआउट नहीं था, वो देशभक्ति की अग्नि परीक्षा थी। हर घर ने अपने हिस्से की रौशनी त्याग दी, ना डर से, बल्कि जिम्मेदारी से। क्योंकि जब देश पुकारता है, तो हर नागरिक सैनिक बन जाता है। वो अंधेरा दरअसल एक उजाला था। हमारे जज़्बे का, हमारी सोच का, और हमारे भारत की सामूहिक शक्ति का। इन्ही शब्दो के साथ खतौली में कुछ अलग ही नजरा था।

## अंजली शर्मा बनी अध्यक्ष

**खतौली।** टैक्सेशन बार एसोसिएशन खतौली की बैठक मोहम्मद नसीम एडवोकेट की अध्यक्षता में हाईवे स्थित होटल पर सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नयी कार्यकारिणी का गठन करते हुए अंजली शर्मा एडवोकेट को अध्यक्ष, अब्दुल समद एडवोकेट को उपाध्यक्ष, अंकित गोयल एडवोकेट को महासचिव, मयंक गोयल एडवोकेट को सहसचिव/कोषाध्यक्ष पद का दायित्व दिए जाने के साथ ही नासिर अंजुम एडवोकेट, हर्ष विजय अग्रवाल एडवोकेट, मोहम्मद नसीम एडवोकेट, उमेश चंद महेश्वरी एडवोकेट, प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट, शिव कुमार अरोड़ा एडवोकेट, मोहम्मद शादाब एडवोकेट, मोहम्मद दानिश एडवोकेट सदस्य नियुक्त किए गए। बैठक का संचालन करते हुए उपाध्यक्ष अब्दुल समद एडवोकेट ने बार बैंच में सामंजस्य बनाकर कार्य करने का आश्वासन दिया।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा लडका आमिर हुसैन अपने परिवार के साथ पिछले कई वर्षों से मुझसे अलग रहता है तथा मेरी देखभाल नहीं करता है और न ही मेरे कहने सुनने में है। इसलिए मैने अपने लडके आमिर हुसैन को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इससे संबंध विच्छेद कर लिए हैं यह अपने किसी भी लेन-देन या कार्य का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**श्रीमति उम्मे शुगरा पत्नि**
**मरहूम युसुफ**
**निवासी-मौहल्ला कृष्णापुरी,**
**जैनबियां स्कूल के पास,**
**थाना खालापार,**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवारों को रौंदा

## एक की मौत, दूसरा घायल, शादी से लौटते समय हुआ हादसा

■ खतौली शाहपुर मार्ग फिर हुआ बेगुनाहों के खून से लाल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली-फलावदा-शाहपुर मार्ग पर एक बार फिर ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने खून से सड़क को रंग दिया। सोमवार रात शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार दो लोगों को एक तेज़ रफ्तार से आई खाली गन्ने की ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कुचल दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक और घायल के परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से इंकार करते हुय शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

खतौली कोतवाली क्षेत्र के गांव आदमपुर मोचनी निवासी दिनेश कुमार सैनी पुत्र रघुवर दयाल अपने साथी कादिर पुत्र शाहिद निवासी कढ़ली के साथ बाइक द्वारा जानसठ थाना क्षेत्र के गांव कवाल निवासी पवन के पुत्र के शादी समारोह में गए थे। गुरुवार की अलसुबह जब दोनों वापस अपने गांव लौट रहे थे तो खतौली फलावदा मार्ग मोड़ पर जैसे ही पहुँचे तो तभी पीछे से आई खाली गन्ने की ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार दोनो लोगों को चपेट में लेते हुय कुचल दिया जिसमें कादिर के ऊपर ट्राली का पहिया उतर जाने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और दिनेश कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने तत्काल घायलों को खतौली साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने कादिर को मृत घोषित कर दिया और घायल दिनेश को उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। वही परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इंकार कर शव को पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को उसके परिजनों को सौप दिया था। मृतक कादिर के परिवार में उसकी मौत के बाद कोहराम मचा हुआ था। लगातार हो रहे हैं हादसेयह कोई पहली घटना नहीं है। चार दिन पूर्व भी इसी मार्ग पर एक महिला की जान ओवरलोड गन्ना वाहन ने ले ली थी। और लगभग बीस दिन पूर्व जीटी रोड नवीन मंडी के सामने गन्ने से भरे ओवर लोड वाहन के पलटने से दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई थी। गन्ना सत्र शुरू होते ही ये वाहन बेलगाम रफ्तार और ओवरलोडिंग जानलेवा हो जाते है। प्रशासन की चुप्पी और लापरवाही लगातार हादसों को जन्म दे रही है। स्थानीय लोगों की मांगस्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर तत्काल रोक लगाई जाए और ऐसे वाहनों की सघन चेकिंग कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि मासूम जिंदगियों को बचाया जा सके।

# सांसद हरेंद्र मलिक ने राजवीर के जन्मदिन पर दिया सामाजिक सौगात का उपहार

■ स्कूल को भेंट किए दो वाटर कूलर और राष्ट्रीय ध्वज



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** एक साधारण जन्मदिन को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए सांसद हरेंद्र मलिक ने राजवीर के जन्मदिवस को यादगार बना दिया। उन्होंने इस अवसर पर न केवल क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह वर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं, बल्कि लाल दयाल पब्लिक स्कूल के लिए दो वाटर कूलर और एक राष्ट्रीय ध्वज भेंट कर बच्चों के हित में सराहनीय कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद मलिक ने कहा, ष्बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनकी सुविधा और स्वास्थ्य का ध्यान रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इन वाटर कूलरों से सैकड़ों बच्चों को गर्मी के मौसम में ठंडा और स्वच्छ पानी उपलब्ध होगा।ष उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं और बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए वह हमेशा तत्पर हैं और इस तरह की पहलें आगे भी जारी रहेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सांसद की इस पहल का स्वागत किया। राजवीर और उनके परिजनों ने इस सामा. जिक सौगात के लिए सांसद का आभार प्रकट किया और कहा कि यह जन्मदिन उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय ध्वज को स्कूल परिसर में विधिवत रूप से फहराया गया और बच्चों के लिए ठंडे पानी की सुविधा शुरू की गई। इस कार्यक्रम में राजवीर सिंह के पुत्र कर्मवीर, पत्नी चंद्रलेखा समेत मुक. ेश शर्मा, अजय जनमेजय, आफाक पठान, विकास मोतला गुजर सम्राट मिहिर भोज राष्ट्रीय महासचिव, पकंज राजपूत, कपिल मोतला सभासद, दानिश सभासद, आदि मौजूद रहे।

## झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप

**बुढ़ाना।** तहसील क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नवयुवती ने थाना फुगाना में पहुंचकर आरोपी युवक व उसकी मां सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। दर्ज हुई नवयुवती का कहना है कि एक युवक ने कोचिंग के दौरान उसे दोस्ती की। फिर फोन पर बात करने लगा। पढ़ाई करने के बहाने अपने घेर में ले जाकर जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया। शादी का झूठा झांसा देकर उसे होटल में भी लेकर गया। कई बार होटल में भी उसके साथ दुष्कर्म किया गया। प्राइवेट नौकरी दिलवाने के लिए वह उसको नोएडा भी ले गया। कई माह तक उसे अपने साथ कमरे में रखा। तब गर्भवती होने पर उसका गर्भपात करवा दिया। शादी का दबाव डाले जाने पर आरोपी युवक के माता-पिता ने भी उसके साथ गलत दुर्व्यवहार किया। गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने तथा शादी से मना करने पर निराश युवती ने आरोपी युवक, उसके भाई, पिता व माता के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

# एक देश, एक चुनाव से होगा लोकतंत्र मजबूत : मौर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** मुज़फ्फरनगर विधानसभा क्षेत्र के गांधी कॉलोनी स्थित गांधी वाटिका में आज एक देश, एक चुनावष विषय पर केंद्रित प्रबुद्ध समागम कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए और विषय पर अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत करते हुए उपस्थितजनों को दिशा और दृष्टि प्रदान की। अमरपाल मौर्य ने अपने उद्‌बोधन में एक देश, एक चुनावष की संकल्पना को लोकतंत्र की मजबूती, संसाधनों की बचत, प्रशासनिक सुगमता और जनभागीदारी में वृद्धि की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने इस विचार को भारत के भविष्य के लिए एक आवश्यक पहल बताया, जो राष्ट्र को चुनावी चक्रव्यूह से बाहर निक. ालकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ता है।

नगर विधायक और प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया कि आज का यह विषय दृ एक देश, एक चुनाव दृ केवल एक राजनीतिक व्यवस्था का विचार नहीं, बल्कि भारत के लो. कतांत्रिक इतिहास में एक दूरदर्शी और यथार्थवादी पहल है। यह एक ऐसा कदम है जो देश की संसदीय व्यवस्था को अधिक संगठित, पारदर्शी और स्थिर बना सकता है।

उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाले चुनाव जहां आर्थिक संसाधनों पर भारी बोझ डालते हैं, वहीं प्रशास. निक मशीनरी को भी बार-बार चुनावी मोड में डाल दिया जाता है, जिससे विकास कार्यों की गति प्रभावित होती है। एक देश, एक चुनाव की संकल्पना इस चुनौती का समाधान प्रस्तुत करती है।यह न केवल वित्तीय लागत की बचत करेगा, बल्कि जनता, जनप्रतिनिधियों और सरकारी तंत्र को विकास के कार्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने का अवसर देगा। इस प्रणाली से शासन की निरंतरता सुनिश्चित होगी, और लोकतंत्र की असली ताकत ख़्र जनभागीदारी और स्थिरता ख़्र को बल मिलेगा।

समाज के गणमान्यजनों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल और सार्थक बनाया। इस कार्यक्रम में मुज़फ्फरनगर के अनेक उद्योगपति, शिक्षाविद, चिकित्सक, अधिवक्ता एवं समाजसेवी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और विषय पर गंभीर चिंतन और विमर्श हुआ।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सुभाष शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता ब्रह्म प्रकाश शर्मा, सुरेंद्र धीगड़ा (सी ए संगठन के अध्यक्ष), प्रख्यात चार्टर्ड अकाउंटेंट अजय जैन,



पूर्व अध्यक्ष गणेश ठाकुर जी पूर्व जिला अध्यक्ष रूपेंद्र सैनी, ममता अग्रवाल, गीता जैन, महेशो चौधरी, अंजली चौधरी,वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रवीर, समाजसेवी क्रांति राठी, अभिषेक गुर्जर जी अंकित मित्तल जी जगदीश पांचाल जी सुभाष सैनी जी पवन सिंघल, ब्रह्मकुमारी आश्रम से बहन जयंती आदि पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पीड़ित थाने के काट रहा चक्कर पर दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट

**बुढ़ाना।** एक पीड़ित बुढ़ाना कोतवाली के चार दिन से चक्कर काट रहा है पर बुढाना पुलिस पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। आरोपी अपने आपको अधिवक्ता बताकर पुलिस पर दबाव बनाए हुए हैं। अब पीड़ित ने बुढ़ाना कोतवाल से इंसाफ की उम्मीद लगाई है।

मिली जानकारी के अनुसार शहजाद अहमद पुत्र कालू निवासी लुहसाना रोड शफीपुर पटी बुढ़ाना ने बताया कि बीती 05 मई की सुबह शौकीन, अहसान, मोसीन और वाजिद पुत्रगण कालू, आरिफ और आसिफ पुत्रगण शौकीन निवासीगण लुहसाना रोड शफीपुर पटी बुढाना ने उसके और उसकी पत्नी के साथ जबरदस्त मारपीट की थी। सभी लोगों ने दोनों को घर से बाहर भी निकाल दिया था और मोबाइल भी छीन लिया था। इनमें से एक आरोपी अपने आपको अधिवक्ता बताता है और जिस मकान से आरोपियों ने उसको निकाला है उसने उस मकान में अपना रुपया लगा रखा है। मकान में उसका भी हिस्सा है। आरोपियों ने उसे ऐलानिया धमकी दी है कि अगर आज के बाद इस घर में आये तो जान से मार देंगे। ये सभी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं तथा उसका सामान भी नहीं दे रहे हैं और उसी के सामान पर भी अपना कब्जा कर लिया है। वह बहुत ही तंग और परेशान है। अब पीड़ित ने बुढ़ाना कोतवाल से न्याय की गुहार लगाई है

### देश विरोधी बयान देने वाले नेताओं से लड़ेगी जाट महासभा : धर्मवीर



**मुजफ्फरनगर।** जाट महासभा ने कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जाट महासभा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर बालियान ने कहा कि वर्तमान समय में जाट महासभा सरकार और भारतीय सेना के साथ मजबूती से खड़ी है।

बालियान ने ऑपरेशन सिंदूर पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना की वीरता का सम्मान कर रहा है। जाट महासभा ने पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि वह केवल आतंकवाद के सहारे चल रहा है। पाकिस्तान की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक स्थिति खराब है।धर्मवीर बालियान ने स्पष्ट किया कि किसी भी राजनीतिक दल का नेता अगर देशविरोधी बयान देगा या सेना का मनोबल गिराएगा, तो वह जाट समाज का दुश्मन माना जाएगा। उन्होंने इमरान मसूद के बयान को गैर-जिम्मेदाराना करार दिया। जनता देगी करारा जवाब बालियान ने कहा कि ऐसे नेताओं को जनता करारा जवाब देगी। जाट महासभा के जिलाध्यक्ष ने सभी देशवासियों से सेना का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने लोगों से कहा कि वे राष्ट्रविरोधी बयान देने वाले नेताओं की बातों में न आएं, जो देश की एकता को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं।

### दबंगों पर अवैध कब्जे कराने का लगा आरोप

**बुढ़ाना।** सरकारी जमीन पर हुए अवैध निर्माण को ध्वस्तीकरण से बचाने के लिए कुछ भूमाफियाओं ने संबंधित अधिकारियों को लगभग 50 करोड़ रुपये आफर किए हैं। एक वीडियो भी वायरल होनी बताई जा रही है। जिसमें वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि उक्त सरकारी जमीन पर अवैध रुप से निर्माण कार्य कराया जा रहा है हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना नगर पंचायत की मिली भगत के चलते भू माफियाओं द्वारा खसरा संख्या 2777 सरकारी जमीन लगभग 31 बीघा पर एक ही परिवार के मुस्लिम व्यक्तियों ने अवैध कब्जा कर रखा है। लगभग डेढ़ बीघा जमीन खाली पड़ी हुई थी। जिस पर योजनाबद्ध तरीके से पहले चार दिवारी बनाकर अवैध कब्जा किया गया। उसके बाद प्लाटिंग करके जनता को गुमराह करते हुए दस हजार और 15 हजार रुपये प्रति वर्ग गज के हिसाब से प्लाट बेचकर करोड़ों रुपए कमाए जा रहे हैं। शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इसी खसरा नंबर की बराबर में खसरा संख्या 2786 सरकारी भूमि पर भी खुलेआम अवैध कब्जे किए जा रहे हैं।

## आवारा कुत्तों के झुण्ड ने हिरण पर हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गन्ने की फ़सल की कटाई के बाद जंगली जानवरो को सुरक्षित आश्रय की समस्या पैदा हो गयी है। डी जे व पटाखों की तेज़ आवाज से घबरा कर आबादी की ओर भटक आये वन रोज़ को आवारा कुत्तो के झुण्ड ने घेर लिया।और उसे नोच कर घायल कर दिया ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची सी एस एफ की टीम ने घायल वन रोज का रेस्कयू किया। पर्यावरण प्रेमियों ने तेज़ ध्वनि वाले उपकरणों सहित ग्रामीण क्षेत्र मे आतिशबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग की है।

ककरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव कमहेड़ा मे एक हिरण प्रजाति का वन रोज जंगल से भटककर आबादी क्षेत्र में आ गया। जहां आवारा कुत्तो कुत्तों के झुंड ने उसे घेर लिया।

जान बचाने के लिए वन रोज गांव मे इधर उधर भटकने लगा। वहीं कुत्तो ने लगातार उसपर हमला जारी रखा और नोच कर उसे घायल कर दिया। घायल हालत मे वन रोज पूर्व प्रधान गुलफाम के घेर में घुस गया। ग्रामीणों ने घायल हिरण की सूचना सीएएसएफ आपात टीम के सदस्यों को दी। सीएएसएफ टीम के सदस्यों ने घायल हिरण का प्राथमिक उपचार कर उसे वनकर्मियों को सौंपा।

# ऑपरेशन सिंदूर का नेतृत्व करने वाली देश की बेटियों पर है गर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खालापार स्थित कादिर राणा की पुरानी कोठी के पास एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सामाजिक संस्था, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, स्थानीय डॉक्टरों की टीम और मोहल्ले वासियों ने एकजुट होकर भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के अंदर घुसकर किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जश्न मनाया। इस अवसर पर 'भारतीय सेना जिंदाबाद' और 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' जैसे देशभक्ति से ओतप्रोत नारों से क्षेत्र गूंज उठा।

कार्यक्रम में खास तौर पर लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की वीरता और देशभक्ति की सराहना की गई। दोनों महिलाओं ने इस विशेष सैन्य अभियान में नेतृत्व की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि इन बेटियों ने देश का नाम रोशन कर यह सिद्ध कर दिया है कि भारतीय महिलाएं किसी भी मोर्चे पर पीछे नहीं हैं। प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि देश को गर्व है अपनी बेटियों पर। लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने यह साबित कर दिया कि महिलाएं भी देश की रक्षा में सबसे आगे हैं। इससे यह भी सिद्ध होता है कि इस देश का मुस्लिम समाज देशभक्त है और किसी भी कुर्बानी से पीछे नहीं हटता। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रतिनिधि फैजर्रहमान ने भी इस मौके पर कहा कि भारत ने



आतंक के खिलाफ जिस सख्ती से कार्यवाही की है, वह काबिले-तारीफ है। देश का मुसलमान भारत सरकार और भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। शिया धर्मगुरु मोहम्मद आलम ने कहा, हभारत का मुसलमान भी देशभक्त है। अगर कोई भारत की ओर आंख उठाकर देखेगा तो उसका अंजाम तय है। सेना की यह कार्यवाही गौरव का विषय है। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी, ओसामा, शावेज़, जुबेर, डॉक्टर अब्दुल, वाजिद, अरूज मेहरी, डॉक्टर अलीम आदि मौजूद रहे।

# एक मई से प्रभावी हो गया है उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक

**मुजफ्फरनगर।** भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 05 अप्रैल 2025 के क्रम में एक राज्य एक ग्रामीण बैंक के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में पूर्ववर्ती तीन ग्रामीण बैंक - बड़ौदा यू.पी. बैंक, आर्यावर्त बैंक और प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक के समामेलन उपरान्त उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक दिनांक 1 मई 2025 से प्रभावी हो गया है।

अध्यक्ष श्री यादव एस. ठाकुर के कुशल नेतृत्व में प्रधान कार्यालय लखनऊ एवं बैंक का प्रयोजक बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा के अंतर्गत 4330 शाखाओं, 12000 बीसी सेंटर्स एवं 19000 स्टाफ के साथ उत्तर प्रदेश के 75 जिलों एवं उत्तराखंड के 1 जिले में कार्यरत है। बैंक के मुजफ्फर नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री यूसुफ़ ख़ान द्वारा अवगत कराया गया है कि मुजफ्फर नगर क्षेत्र के तीन जिले- मुजफ्फर नगर, शामली एवं सहारनपुर में 76 शाखाओं एवं 70 बीसी सेंटर्स के साथ अपने सम्मानित ग्राहकों को बैंकिंग सुविधाएं प्रदान कर रहा है। क्षेत्र की सभी शाखायें अपने ग्राहकों के लिए ष्साप्ताहिक ग्राहक जागरूकता एवं संपर्क कार्यक्रम चौपालष का आयोजन कर रही है, जिससे बैंक अपने ग्राहकों को बैंक की जमा योजनाओं, ऋण योजनाआ. ें, भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं - प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना एवं रूपे कार्ड, मोबाइल बैंकिंग, नेट बैंकिंग, यूपीआई, आरटीजीएस, एनईएफटी, आदि योजनाओं की जानकारी प्रदान कर



रहा है। साथ ही क्षेत्र के सभी बीसी के साथ बैठक की गयी, जिसमें उन्हें अपने सम्मानित ग्राहकों को सुविधा जनक ढंग से बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने, ऋण वसूली एवं 10 मई 2025 को लोक अदालत में अधिक से अधिक ऋणियों को सुविधा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा आश्वस्त किया गया कि अपने क्षेत्र की टीम के साथ मिलकर अपने ग्राहकों को सुविधा. जनक ढंग से आकर्षक बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करते हुए, क्षेत्र में बैंक के व्यवसाय में चहुँमुखी वृद्धि करेंगे।

## ब्लैक आउट में चोरों का दुस्साहस, मुर्गी फार्म में चोरी

■ नई मंडी पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** आपदा मे अवसर की मिसाल को जीवंत करते हुए ब्लैक आउट के दौरान हुई बत्ती गुल का लाभ लेकर चोरो ने कमहेड़ा गांव मे मुर्गी फार्म मे घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दे डाला है।पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

ककरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव कम्हेड़ा निवासी नवाब अली ने बताया कि गांव के बाहर उसका मुर्गी फार्म है। बुधवार शाम करीब आठ बजे वह घर पर खाना खाने गया था। इसी बीच ब्लैकआउट के दौरान बिजली चली गई। पीड़ित ने बताया कि चोरो ने अँधेरे का फायदा उठाकर उसके मुर्गी फार्म का ताला तोड़कर वहां रखे दो बड़े बैट्रे, इन्वर्टर, गैस सिलेंडर व अन्य सामान को चुरा लिया।नवाब अली कुछ देर बाद फार्म पर पहुंचा तो फार्म का ताला टूटा हुआ पाया तथा फार्म के अंदर से सामान गायब मिला। नवाब अली ने चोरी हो जाने की सूचना डायल 112 पुलिस व थाना पुलिस को दी। पीड़ित नवाब अली ने ब्लैक आउट के दौरान चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात दुस्साहसी चोरो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए शीघ्र घटना के खुलासे की मांग की है।

## कलयुगी पत्नी ने पति व सास को चाकू मारकर किया घायल

**बुढ़ाना।** कोतवाली क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जिसमें एक कलयुगी पत्नि ने अपने पति को खुली धमकी देते हुए साफ कहा कि में नीले ड्रम में नहीं बल्कि चाकू से काटकर लाश को जमीन में दबाऊंगी और चाकू मारकर अपने पति और सास को घायल कर दिया। पति और सास की सिर्फ इतनी सी गलती थी कि उन्होंने बहु को आवारा युवक के साथ घूमने जाने से मना कर दिया था। पुलिस ने उक्त मामले की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र की सफीपुर पट्‌टी निवासी नीरज कुमार की पत्नि अंजू बृहस्पतिवार को प्रेमी के साध्थ घूमने जा रही थी तो उसके पति और सास ने जाने से मना कर दिया तो वह अपने पति और सास पर आग बबूला हो गई। गुस्से में आई अंजू ने अपने पति नीरज कुमार और सास को चाकू से वार करके घायल कर दिया। पघ्त्नि ने पति व सास को धमकी देते हुए कहा कि मुझे अपने प्रेमी के साथ जाने से कोई नही रोक सकता। मुझे प्रेमी के साध्थ जाने से रोका तो चाकू से काटकर जमीन में दबा दूंगी। मेरठ वाली ने तो नीले ड्रम में डाला था मैं तो काटकर घर में ही जमीन में दबा दूंगी। पति का आरोप है कि उसकी पघ्त्नि खुलेआम सिगरेट पीती है। उनके व परिवार वालों के साध्थ दुर्व्यहार, गाली-गलौज करती है। रोजाना अपने प्रेमी के साध्थ घूमने जाती है। घायल पति नीरज कुमार ने घटना की तहरीर बुढाना कोतवाली में देकर अपनी पघ्त्नि के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

# क्रिएटिव माइंड्स विथ क्रिएटिव लाइन्स' थीम पर सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज, के जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट द्वारा ''क्रिएटिव माइंड्स विथ क्रिएटिव लाइन्स'' विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया । 7 मई से 15 मई 2025 तक चलने वाली इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेआउट डिज़ाइनिंग एवं रचनात्मक कला के साथ-साथ अभिव्यक्ति के विभिन्न माध्यमों के प्रति समझ और व्यवसायिक कौशल का विकास करना है।

कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक के रूप में डॉ. मनोज धीमान, निदेशक, ललित कला विभाग, श्री राम कॉलेज, है। आज कार्यशाला के पहले दिन विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव उन्होंने छात्रों को सृजनात्मक सोच, लेखांकन, रचना एवं ख़्रश्य अभिव्यक्ति की बारीकियों से अवगत कराया हैं। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को प्रिंट मीडिया डिजाइनिंग एवं लेआउट के गुर सिखाए एवं स्किल डेवलपमेंट के विषय में जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रिंट मीडिया डिजाइनिंग से संबंधित तकनीकी बारीकियों को भी विस्तार से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को कोरल ड्रॉ के प्रयोग और महत्व को विस्तार से समझाते हुए उसके टूल्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मुख्यत: मूव टूल, शेप टूल, क्रॉप टूल, टेक्स्ट टूल, इंटरैक्टिव फ़िल टूल आदि के विषय में व्यवहारिक रूप से बताते हुए उनके प्रयोग के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रिंट एडवर्टाईज़िग



टेम्पलेट लीफलेट्स की डिजाइनिंग तो की ही जाती है साथ ही विजिटिंग कार्डस, वेडिंग कार्डस आदि की डिजाइनिंग में भी सहायक है। इस अवसर पर जर्नलिज़्म एवं मास कम्युनिकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष रवि गौतम ने कार्यशाला के विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला का पहला उद्देश्य बीजेएमसी एवं एमजेएमसी के विद्यार्थियों के स्किल डेवलप कर उनको रोजगार योग्य बनाना है।उन्होंने बताया कि कार्यशाला का दूसरा और महत्वपूर्ण उद्देश्य पत्रकारिता एवं जनसंच. ार के विद्यार्थियों को रोजगार परक शिक्षा के महत्व के विषय में जागरूक करना तथा मीडिया हाउस और प्रोफेशनल कल्चर को विकसित करने के संबंध में मानसिक क्षमता विकसित करना है।उन्होंने बताया कि वर्तमान दौर में मीडिया के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए असीम अवसर हैं। अत: विद्यार्थियों के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर पत्रका. रिता एवं जनसंचार विभाग के प्रवक्ता मयंक वर्मा, शिवानी बर्मन कहकशा मिर्ज़ा आदि उपस्थित रहे।

## सुशील मूंछ का बेटा मनजीत जमानत तुड़वा कर गया जेल

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर में रीयल स्टेट कंपनी के मैनेजर से दो करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले में एक लाख के इनामी सरगना सुशील मूंछ का बेटा मनजीत उर्फ टोनी गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में जमानत तुड़वा कर कोर्ट में हाजिर हो गया। अब पुलिस को सुशील मूंछ की तलाश है। मंसूरपुर थाने में रीयल स्टेट कंपनी के मैनेजर मनीष ने 28 जनवरी को मुकदमा दर्ज कराया था कि उन्हें सुशील मूंछ के बेटे मोनी ने फोन कर धमकाया था। उनसे इस क्षेत्र में कारोबार करने के नाम पर दो करोड़ की रंगदारी मांगी थी। रूपए न देने पर उनके बेटे की हत्या करने की धमकी दी थी। इस मुकदमे में सुशील मूंछ व उसके दो बेटों मनजीत उर्फ टोनी तथा मोनी उर्फ अभयजीत को नामजद कराया था। मोनी को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। मनजीत के खिलाफ खतौली थाने में 2019 में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था। वह आज जमानत तुडवा कर जेल चला गया है। खतौली थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार ने यह जानकारी दी।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारत-पाक युद्धः मॉक ड्रिल का आयोजन, भारतीय सेना की जय-जयकार



कैराना



कैराना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** स्कूल प्रांगण में छात्र-छात्राओं को अपने बचाव के लिए शासन प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करने के लिए जोर दिया गया। वहीं आस पड़ोस में जागृति फैलाने के लिए विद्यालय निदेशक ने छात्र- छात्राओं को प्रेरित किया गया। मारत-पाक युद्ध के .ष्टिगत बचाव के लिए जानकारियों साझा की गई।

नगर के सेन्टआरसी साइंटिफिक कांवेन्ट स्कूल में पहलगाम पाकिस्तान प्रस्थ आतंकवादियों द्वारा 28 निर्दोष, निहत्थे भारतीयों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसका बदला लेने एवं आतंक को समूल नष्ट करने के लिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अन्दर घुसकर एयर स्ट्राईक करते हुए आतंकवादियों के नौ ठिकानों को नष्ट कर दिया। दुश्मन सेना भी हमला कर सकती इसलिए छात्र-छात्राओं को बचाय के लिए आवश्यक जानक. ारियों दी गई। विद्यालय निदेशक यशपाल पंवार ने छात्र-छात्राओं को बताया कि वे अफवाहों पर ध्यान न दे मोबाईल पर कोई गलत कमेंट न करें। अनावश्यक घर से बाहर न घुमे। समय-समय पर शासन-प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। माकड्रिल एवं ब्लैक आउट का अभ्यास करें अर्थात कहीं सुरक्षित स्थान पर छिपना एवं रात्रि में घरों की लाईट बन्द कर लेना चाहिए। जाति-धर्म मत, पंथ से ऊपर उठकर भारतीयता का भाव अपने अन्तःकरण में जगाकर रखे। देश सेवा के लिए सदैव तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लोकेन्द्र सिंह, विकास कुमार, शुभम कर्णवाल, प्रदीप कौशिक, अजेन्द्र सिंह। अमित तोमर, अमित कुमार, अजीत चौहान, जोनी चौहान, शाहरूख खान, अंकित चौहान, संध्या शर्मा, मीनाक्षी चौधरी, उषा अग्रवाल, कल्पना तोमर, लीना, रीतू चौहान, ममता शर्मा, मरियम सिद्दीकी, रूपांजली, परमजीत, मीनू आरती शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन सिंदूरः ग्राम पंचायत सचिवों को किया जागरूक

**शामली।** ऑपरेशन सिंदूर के दृष्टिगत जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में सुरक्षा एवं सावधानी के संबंध में ग्राम पंचायत सचिवों को किया सीडीओ ने किया जागरूक।

जनपद की सभी 230 ग्राम पंचायतों के सचिवों की विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित कर वर्तमान में जारी ऑपरेशन सिंदूर के चलते आवश्यक सुरक्षा प्रबन्धों के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने जागरूक किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सचिवों को सम्बोधित करते हुए निर्देश दिए गए कि ग्राम पंचायत स्तर पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था दुरूस्त कर ली जाय तथा ग्राम सुरक्षा समितियों को भी एक्टिव कर लें। सोशल मीडिया पर अनावश्यक पोस्ट करने से बचें तथा ग्रामवासियों को ब्लैक आउट के लिए किए जाने वाले कार्यों की जानकारी प्रदान करें। ग्रामवासियों को अनावश्यक भीडभाड करने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने के लिए बताया जाए। इस सम्बन्ध में शासनध्प्रशासन स्तर से जारी होने वाले निर्देशों का अपने- अपने क्षेत्र में अनुपालन सुनिश्चित कराएं। बैठक में जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव तथा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डा. हरेन्द्र आदि उपस्थित रहे।





शामली। ग्राम सचिवों को जागरूक करते सीडीओ व अन्य अधिकारी, कार्यक्रम में मौजूद अधीनस्थ।



शामली। मॉक ड्रिल का अभ्यास करते हुए।



शामली। भारतीय सेना की जयकारा करते लोग।

### देश के जवानों को सैल्यूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आज सर्व सेवा सम्मान समिति देश के जवानों को नमस्कार करती हैं, सलाम करती है, पहलगाम का बदला जिस प्रकार हमारे सैनिकों ने दिया है, देश के प्रधानमंत्री मोदी ने सैनिकों को छूट देकर दिया अच्छा कार्य किया है। आज पूरे देश को मोदी पर और सभी सैनिकों पर गर्व करना चाहिए, आज हम सभी देश वासियों को, जात, पात, पर न जाकर, एक होकर उनका होंसला बढ़ाना चाहिए है और हर मुश्किल का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए, आज बिलावल भुट्टो का कहना है कि भारत ने कायराना कार्य किया है। आज भारत ने सिर्फ और सिर्फ उन आतंकियों को जहन्नुम में पहुंचा कर क्या बुरा किया है, आज इतना क्यूं परेशान हो रहे है, आज उन्हें सबक सिखा कर भारत ने देश वासियों सर ऊंचा किया है।

### मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के वीवी इंटर कालेज में 85 यूपी बटालियन एनसीसी शामली के कमान अधिक. ारी कर्नल मनीष सिन्हा के निर्देशानुसार मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर हवलदार सुनील दत्त ने कैडेटों तथा छात्र-छात्राओं को बताया कि वर्तमान समय में भारतीय सेना द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा पीओके में आतंकी शिविरों पर की गई स्ट्राइक के बाद युद्ध के हालात बन रहे हैं। जिसके संबंध में सरकार द्वारा ब्लैक आउट तथा मॉक ड्रिल के लिए निर्देश दिए हुए हैं। जिसके अनुपालन में आज ए अभ्यास कराया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने कैडेट्स को फायर फाइटिंग, सीप. ीआर, कैजुअलिटी इवेक्यूएशन का अभ्यास कराया। जिसमें फायर मेन लिफ्ट, बेबी कैरी पोजीशन तथा इंप्रा. ेवाइज स्ट्रेचर आदि का अभ्यास कराया तथा साथ ही हवाई हमले से बचाव के लिए जमीन पर किस प्रकार लेटते हैं अथवा दुश्मन से खुद को छिपाने के लिए किस प्रकार खड़े होते हैं इन सबका अभ्यास कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एसके आर्य, कैप्टन रजनीश कुमार तथा सेकंड ऑफिसर डा। विजय कुमार ने कैडेट्स को मॉक ड्रिल के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि युद्ध के समय में देश के हर नागरिक का कर्तव्य होता है कि वह साहस के साथ परिस्थितियों का सामना करे और स्वयं की जान बचाने के साथ अन्य नागरिकों की भी मदद करने का कार्य करें। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गुरुदास सिंह, डा। मनोज शर्मा, अर्जुन राम, दिनेश तोमर, अमरपाल सिंह, तरुण निर्वाल, प्रदीप आर्य, मनोज कुमार, नरेंद्र शर्मा, राजनाथ सिंह आदि उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के सुभाष चौक स्थित प्रांतीय कार्यालय पर हुई व्यापारियों की बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग व अन्य उपस्थित सभी व्यापारियों ने भारतीय सेना द्वारा मंगलवार की रात में पाकिस्तानी आतंकी अड्डो एवं आतंकवादियों को खाक में मिलाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। घनश्यामदास गर्ग ने कहा कि इसके लिए देश का 9 करोड़ व्यापारी पूरी भारतीय सेना के एक-एक सैनिक को सैल्यूट करता है। व्यापारियों को देश की बहादुर तीनों थल, जल व वायु सेना के बहाद. ुर सैनिकों पर गर्व है। प्रदेश के व्यापारी केंद्र सरकार के हर निर्णय के साथ हैं तथा देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोग करते रहेंगे। देश का एक-एक व्यापारी देश की आन, बान, शान के लिए हर तरह से सहयोग देने का संकल्प लेते हैं। बैठक में सुभाष चंद्र धीमान, नरेंद्र अग्रवाल, रवि संगल, अनुज गोयल, वैभव गोयल, ऋषभ जैन, शिवांग गर्ग, पवन गोयल आदि उपस्थित रहे।

### भारतीय सेना की कार्रवाई पर खुशियां मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा शहर के शिव चौक पर जश्न मनाते हुए मिठाईयां वितरित की। उन्होने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को खत्म करने पर देश के प्रधानमंत्री की सहराना की। इस दौरान उनके द्वारा जमकर नारेबाजी भी की गई।

गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा शहर के शिव चौक पर एकत्रित होकर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोश पर्यटकों की मौत का बदला लेने पर जश्न मनाया गया। उन्होने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाए। चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि 22 अप्रैल को आतंकवादियों द्वारा कायराना हमला कर देश के 26 लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया था। तभी से देशवासी बदला लेने की मांग कर रहे थे और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदेश पर भारतीय सेना ने यह बदला ले लिया है। जिससे पूरा देश खुश है। इस दौरान भाजपाईयों ने एक दूसरे को लडडू भी खिलाए। इस अवसर पर पुनीत द्विवेदी, राजकुमार गोस्वामी, सभासद रोबिन गर्ग, आरिफ हवारी, सलमान अहमद, सुखचौन वालिया, ब्रजभूषण शर्मा, अरविन्द खटीक, सुरेशचंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

### भारतीय सेना ने दिया वीरता का परिचय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय सेना की वीरता पर गौरव महसूस करते हुए मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई। गुरूवार को शहर के मौहल्ला नौकुआ रोड पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री आरिफ हवारी के आवास पर मुस्लिमों ने आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा की गई कार्यवाही को वीरता का परिचय बताया। उन्होने कहा कि भारतीय सेना ने आतंवादियों को मुंहतोड जवाब देकर मारे गए निर्दोश लोगों की आत्मा को शांति पहुंचान का काम किया है। कहा कि आतंकवाद को कडा जवाब देना जरूरी था ताकि उनके हौसले परस्त हो सके। इस अवसर पर काजी इमरान, मौलाना इकराम, दिलशाद अंसारी, आरिफ खान, नवाब अंसारी आदि मौजूद रहे।

## जिला जज इंद्रप्रीत सिंह ने संभाला चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नवागत जिला एवं सत्र न्यायधीश इंद्रप्रीत सिंह जोश ने पद ग्रहण किया। इस दौरान बार एसोसिएशन कैराना के अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ट व महासचिव राज. कुमार चौहान सहित अन्य अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायधीश शामली कैराना के रूप में इंद्रप्रीत सिंह जोश ने कार्यभार संभाला। जिला जज को न्यायालय परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वहीं सभी न्यायिक अधिकारियो ने उन्हें बुके भेट कर स्वागत किया। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उन्हें जिले की स्थिति के बारे में अवगत कराया गया। जिला जज ने न्यायालय परिसरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बार अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ट व महासि. चव राजकुमार चौहान ने जिला जज को बार और बेंच के सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता संजय चौहान सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहें। पूर्व में तैनात जिला एवं सत्र न्यायधीश विकास कुमार प्रथम का स्थानांतरण जनपद मथुरा के जिला न्यायधीश के रूप में हुआ।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर सर्वोदय ब्लड बैंक पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को विश्व रेड क्रॉस दिवस पर सर्वोदय ब्लड बैंक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 50 व्यक्तियों ने रक्तदान दिया। वही दूसरी कांधला वर्किंग कमैटी द्वारा एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

रेड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनांट के जन्मदिवस के अवसर पर गुरूवार को शहर के मेरठ रोड स्थित सर्वोदय ब्लड बैंक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ रेड क्रॉस के चेयरमैन कुशांक चौहान ने किया। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाएटी के पदाधिकारियों द्वारा अन्य लोगों ने शिविर में पहुंचकर 50 यूनिट रक्तदान किया। जिनको पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन कुशांक चौहान ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाएटी हर आपदा, संकट और चुनौती के समय निस्वार्थ सेवा के आगे रहती है। रेड क्रॉस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि यह करुणा, सहायता और आशा का प्रतीक है। एक ऐसी भावना जो हर पीड़ित व्यक्ति तक राहत और सहारा पहुंचाने के लिए कार्य करती है। वही दूसरी ओर रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर कांधला में वर्किंग कमेटी के सदस्य डा। जनेश्वर चौहान, श्वेता तोमर, अलका चौहान, डॉ रश्मिकांत द्वारा स्कूलों में गोष्ठी का आयोजन किया गया। बच्चों को रेड क्रॉस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर चेयरमैन कुशांक चौहान, वाइस चेयरमैन हरिओम पाठक, सचिव डा। अतहर जमील, आलोक चौहान एडवोकेट, डा. अर्जुन वर्मा, डा। अक्षय कुमार, अजय संगल, प्रभात भार्गव, वीणा अग्रवाल, पंकज गुप्ता आदि मौजूद रहे।




## डीएम की अध्यक्षता में नागरिक सुरक्षा कमांडिंग ऑफिसर्स की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नागरिक सुरक्षा शामली द्वारा हवाई हमले के दौरान रात्रि के समय ब्लैक आउट होने पर नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्य के सम्बन्ध में डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में नागरिक सुरक्षा कमाण्डिग आफिसर्स की बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि शामली की सुरक्षा व्यवस्था को सु.ढ़ बनाने के लिए केस ब्लैक आउट एवं एयर रेड मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास नागरिको को सम्भावित आपातकालीन परिस्थितियों जैसे कि हवाई हमले या बड़े आपदाओं की स्थिति में सतर्क रहने और त्वरित प्रतिक्रिया देने हेतु तैयार करने के उद्देश्य से किया गया। उन्होने कहा कि ब्लैक आउट के समय क्या करें। एयररेड सायरन बजने पर शान्तिपूर्वक अपने सुरक्षित स्थान पर शरन लें। अफवाहों से बचे और प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवको व स्थानीय प्रशासन का सहयोग करें। मॉकड्रिल को गम्भीरता से ले ताकि आपातकाल की स्थिति में जान-माल की हानि को न्यूनतम किया जा सके। घबराए नही। बच्चों एवं पूरे परिवार को जागरूक करें। मोबाइल या रेडियों पर सरकारी अलर्ट सुने। सुरक्षित शरण स्थल एवं बंकर की जानकारी लें। अपने घर में मजबूत बिना खिडकी वाला कमरा तैयार रखे। शरण स्थल तक जल्दी से पहुंचने का रास्ता पहले से तय करें। जरूरी वस्तुएं तैयार रखे। जैसे- पीने का पानी कम से कम तीन दिन का। सूखा भोजन बिस्कुट, ड्राई फुड आदि रखे। प्राथमिक चिकित्सा कीट, टार्च एवं एक्स्ट्रा सेल रखे। जरूरी दस्तोवज जैसे आईडी, मेडिकल रिपोर्ट आदि सुरक्षित रखे। खिडकियों पर मोटे काले कागज लगाए। शीशे से दूर रहे, जमीन पर लेट जाए।

हवाई हमले के बाद बाहर तभी निकले जब सरकारी निर्देश मिले। इस दौरान एसपी रामसेवक गौतम, एडीएम न्यायिक परमानंद झा, एएसपी संतोष कुमार सिंह सहित अधिकारी मौजूद रहे।



## स्कूलों में बच्चों का नामांकन बढ़ाने के निर्देश





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** संयुक्त शिक्षा निदेशक सहारनपुर मंडल ने शहर के आरके इंटर कालेज में राजकीय इंटर कालेजों के प्रधानाचार्यो की बैठक आयोजित कर स्कूलों में बच्चों का नामांकन बढाने के निर्देश दिए है। उन्होने कहा कि कालेजों में होने वाले कार्यो का कार्यदाई संस्था से संपर्क कर स्टीमेंट तैयार कर भेजे।

गुरूवार को शहर के आरके इंटर कालेज में सहारनपुर मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक सहशांतनु राणा ने राजकीय इंटर कालेजों के प्रधानाचार्यो की बैठक ली। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि कालेजों बच्चों की शिक्षा को बेहतर करने के लिए स्मार्ट क्लास का उपयोग करे। जिन कालेजों में स्मार्ट क्लास है उसके माध्यम से बेहतर शिक्षा प्रदान करे। साथ ही स्कूलों में बच्चों का नामांकन बढाए। उन्होने प्रोजेक्ट अलंकार 2025-26 के लिए राजकीय विद्यालयों में होने वाले कार्यो की जानकारी ली। उन्होने कहा कि जिन विद्यालयों में जीवणोद्वार होना है उन कार्यो की लिस्त तैयार कर ले और कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के जेई से संपर्क कर कार्यो का स्थलीय निरीक्षण कराए। जिसके बाद स्टीमेंट बनाकर भेजा जाए। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार होने वाले कार्यो को गुणवत्ता पूर्वक कराए। इस अवसर पर डीआईओएस जेएस शाक्य, प्रधानाचार्य अमित मलिक, पुनित कुमार, सीमा वर्मा, सविता, ललिता देवी आदि मौजूद रहे।

### कंपोजिट विद्यालय का जिला समन्वयकों ने किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** संविलियान उच्च प्राथमिक विद्यालय म्यान कस्बा में बृहस्पतिवार को जिला समन्वयक शिक्षा सुशील कुमार व जिला समन्वयक निर्माण व सामुदायिक सहभागिता राहुल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया, जिसमें दोनों समन्वयकों के द्वारा अध्ययनरत बच्चों की उपस्थिति, शैक्षणिक स्तर व मिड डे मील व्यवस्था सहित विद्यालय का भौगोलिक परिवेश आदि जांच की गई। एक सहायक अध्यापिका बाल्य देखभाल अवक. ाश पर थी जबकि स्टाफ के अन्य सभी सदस्य उपस्थित मिले। छात्र नामांकन 135 के सापेक्ष 121 बच्चे विद्यालय में उपस्थित मिले।

### पात्र दिव्यांगों के बनेंगे राशन कार्डः जिला पूर्ति अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला पूर्ति अधिकारी शामली, अंकुर यादव ने बताया कि जनपद के सभी पात्र दिव्यांगजनों के राशन कार्ड प्राथमिकता के आधार पर निर्गत किए जाएंगे। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी अवगत कराया कि शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में वे दिव्यांग जो आर्थिक रूप से अशक्त है लेकिन अभी तक राशन कार्ड से वंचित है,उनका राशन कार्ड त्वरित रूप से निर्गत किया जाएगा।उन्होंने बताया अगर कोई ऐसा वंचित दिव्यांग है तो वह जनसेवा केंद्र पर जाकर अपना आवेदन कराए और आवेदन की हार्ड कॉपी, दिव्यांग प्रमाण पत्र व यूडीआइडी कार्ड की कॉपी जिला पूर्ति अधिकारी के कार्यालय में जमा कराए। इसके अलावा दिव्यांगजनों को यह भी सुविधा रहेगी कि वह आवेदन की पीडीएफ व दिव्यांग प्रमाण पत्र व यूडीआइडी कार्ड की फोटो दिव्यांग हेल्प लाइन शामली 8791491011 पर भी व्हाट्सएप कर सकता है।

## धीरे-धीरे बढ़ रही है गर्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मई के शुरूआती दिनों में जहां बारिश के बाद गर्मी से निजात मिल सकी थी वही पिछले दो दिनों से गर्मी अपने उफान पर रही। तेज धूप के साथ दिनभर गर्म हवाऐं चलती रही। लू के थपेडे सडक पर चलने वाले लोगों के शरीर को झुलसा रहे थे। दोपहर के समय पारा 35 डिग्री पहुंच जाने से आलम यह हो गया है कि चिलचिलाती धूप के कारण लोग घरों से बाहर नही निकले और सडके वीरान रही।

मई के महीने के शुरू होने के साथ ही बारिश होने से मौसम ठंडा हो गया था। अप्रैल में जहां गर्मी का पारा 40 डिग्री सैल्सियस तक पहुंच गया था वही बारिश के बाद तापमान में गिरावट देखने को मिली थी। बारिश के बाद तापमान 32 डिग्री सैल्सियस तक पहुंच गया था, लेकिन पिछले दो दिनों से भीषण गर्मी ने अपने प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। गुरूवार को मौसम विभाग ने अधि. कतम तापमान 35 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया। सवेरे से ही आकाश में तेज धूप के साथ सूर्यदेव ने दस्त दी। जैसे जैसे सूर्यदेव आकाश की ओर बढते गए वैसे वैसे तेज की तपिश तेज होनी शुरू हो गई थी। दोपहर 11 बजे से ही तेज धूप के कारण लोगों का सडकों पर निकलना मुश्किल हो रहा था। तेज धूप और लू के थपेडे लोगों के शरीर को झुलसा रही थी। तेज धूप से निजात पाने के लिए लोग घरों से बाहर सिर पर गंम्छा रखकर या छाता लेकर निकले। गर्मी के कारण लोगों के हलक भी सूख रहे थे, जिस कारण गन्ने के रस, जलजीरा, नीबू पानी और कोल्ड्रिंग व जूस की की दुकानों पर लोगों की भीड लगी रही। गर्मी बढने से लोगों के घरों में एसी, कूलर, पंखे चलने शुरू हो गए है। वही चिकित्सकों ने भी अचानक बढते गर्मी के प्रकोप को देखते हुए चिकित्सकों से अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने की सलाह दी है।

### राजकुमार गोस्वामी को विश्व हिन्दू महासंघ का क्षेत्रीय मंत्री बनाए जाने पर हर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों की एक बैठक प्रांतीय कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें राजकुमार गोस्वामी को विश्व हिन्दू महासंघ का क्षेत्रीय मन्त्री बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया गया। साथ ही कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों द्वारा राजकुमार गोस्वामी का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बिल्लू प्रधान के निर्देश पर क्षेत्र मंत्री राजकुमार गोस्वामी की अध्यक्षता में मिशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया गया तथा भारतीय सेना के पराक्रम एवं शौर्य के लिए मिठाई बाटकर खुशी मनाई गई। विश्व हिंदू महासभा के कार्यकर्ता सत्एंद्र पप्पू, उमेश शर्मा एडवोकेट, रोहित एडवोकेट, गौरव एडवोकेट, अनित कुमार, अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।



# पक्षियों के लिए पार्कों में लगाए पौधे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भीषण गर्मी के चलते महापौर डॉ. अजय कुमार के निर्देश पर 'पर्यावरण और हम' कार्यक्रम के तहत पक्षियों को दाना-पानी और आसरा (घोंसला) उपलब्ध कराने का अभियान नगर निगम द्वारा लगातार जारी है। अभियान के तहत शहर के विभिन्न पार्कों में घोंसले, बर्ड फीडर और पॉट रखे जा रहे हैं।



महापौर डॉ. अजय कुमार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सुखद पहल करते हुए पक्षियों को दाना पानी और घोंसले उपलब्ध कराने का अभियान गत सप्ताह शुरु किया था। अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने बताया कि अभियान के तहत नगर निगम द्वारा गांधी पार्क, संजय गांधी पार्क, रायवाला स्थित प्रभाकर उद्यान, ऑफिसर्स कॉलोनी, महाराणा पार्क सहित अनेक पार्कों एवं उद्यानों में दो सौ से अधिक घोंसले लगवाए गए हैं एवं पानी के पॉट रखवाए गए हैं। बडेघ वृक्षों पर एयर लिफ्टर की मदद से घोंसले लगाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लुप्त होती गौरया की प्रजातियों को बचाने की दिशा में यह एक सकारात्मक प्रयास है। अपर नगरायुक्त ने बताया कि अभियान के तहत अधिकारियों एवं सरकारी कार्यालयों के परिसर तथा देहरादून रोड, दिल्ली रोड व डीएम आवास रोड जैसे सघन वृक्षों वाले मार्गो पर भी घोंसले लगवाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्थानों पर करीब 50 बर्ड फीडर भी लगवाए गए हैं।

## तीन तलाक देकर घर से निकालने का आरोप

**चिलकाना।** गांव निवासी एक महिला अपने पति व ससुरालजनों पर उसे दहेज कम लाने की बात को लेकर प्रताड़ित करने व पति द्वारा मारपीट कर तीन तलाक देते हुए उसे घर से बाहर निकालने का आरोप लगाया है।बृहस्पतिवार को पीड़िता ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि उसकी शादी लगभग 04 वर्ष पूर्व गांव घाटहेड़ा निवासी युवक के साथ हुई थी। उसके परिजनों ने शादी में अपनी हैसियत से अधिक दान दहेज देकर उसे विदा किया था। शादी के बाद उसे अपने पति से 02 पुत्रियां भी पैदा हुई है। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति, सास ससुर व देवर शादी के बाद से ही दहेज कम लाने की बात कहकर उसे प्रताड़ित करते आ रहे हैं। वह उसे अपने घर से कार लाकर देने की मांग कर रहे हैं। विगत 06 मई को उनकी दहेज की मांग पूरी न करने पर उसके ससुरालजनों द्वारा उसके साथ मारपीट की गई।

# जीआईएस सर्वे में टैक्स बढ़ाने एवं राशनकार्ड खामियों में जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नगर पंचायत द्वारा जीआईएस सर्वे में टैक्स बढ़ाने एवं राशनकार्ड की जांच में खामियां को लेकर भावी चेयरमैन पद प्रत्याशी एवं भावी सभासद प्रत्याशी अधिशासी अधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपकर जांच कराने की मांग की।



मंगलवार को भावी चेयरमैन पद प्रत्याशी शादाब दिलशाद, भावी सभासद पद प्रत्याशी आरिफ जहीर ने नगर पंचायत कार्यालय में अधिशासी अधिकारी अनिल भास्कर से मिलकर एक ज्ञापन सौंपकर शादाब दिलशाद ने कहा कि नगर पंचायत द्वारा जीआईएस सर्वे के नाम पर कई गुना टैक्स बढ़ाकर नगर की जनता का विश्वास तोड़ने का काम किया जा रहा है। अगर टैक्स बढ़ाया गया तो इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

आरिफ जहीर ने कहा कि नगर पंचायत द्वारा बिना जांच किए ही गरीब विधवाओ व बेसहारा पात्र कार्ड धारकों के अंत्योदय व खाद्य सुरक्षा राशन कार्ड काटकर गरीबो के मुंह का निवाला छीनने का काम किया है उन राशन कार्डो की दुबारा जांच कराने की मांग की अधिशासी अधिकारी अनिल भास्कर ने समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है।

# एसडीएम ने की जनसुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बेहट।** उच्चाधिकारियों का पालन करते हुए उपजिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने कार्यालय में शिकायते लेकर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उनका अधीनस्थ अधिकारियों को निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए है।

उपजिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह उनके पास आने वाले ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण के लिए गंभीर रहते है उनकी हमेशा यह को. शिश रहती है जो शिकायत करता अपनी समस्या को लेकर आता है उनको वे गंभीरता से सुनते है और समस्या का समय रहते निस्तारण भी कराते है शाम तक सुनवाई के दौरान लोगो के शिकायती पत्रों के निस्तारण के लिए अलग अलग विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को मौके पर भेजकर शीर्घ ही निस्तारण करने के निर्देश देते है।अलग अलग विभागो से संबंधित शिकायते सुनी और फरियादियो को आश्वाशन देते हुए कहा कि उनकी जो भी समस्या है उसका जल्द से जल्द निस्तारण कराया जायेगा । जनसुनवाई के बाद अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो शिकायते दर्ज हुई है उनका मौके पर जाकर जांच करते हुए सही निस्तारण करे। जन सुनवाई के दौरान 8 शिकायते दर्ज की गई जिन मे से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। जन सुनवाई के दौरान तहसीलदार पुष्पांकर देव , नायब तहसीलदार भूपेंद्र कुमार रजिस्ट्रार कानूनगो जावेद अनवर पेशकर राजेंद्र सिंह,मनीष कुमार , नाथीराम सुरेंद्र कुमार, आदि कर्मचारीगण ,मोजूद रहे।

# पांच हजार की रिश्वत लेते पकड़ा लेखपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** तहसील में गुरुवार को एंटी करप्शन टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लेखपाल को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी लेखपाल पर विरासत दर्ज कराने के नाम पर एक किसान से अवैध धन की मांग करने का आरोप है। इस मामले में कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है और आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

गंगोह क्षेत्र के गांव कुंडा खुर्द निवासी किसान आलिम ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके दादा मंगता का निधन 2 अप्रैल को हो गया था। मंगता के नाम लगभग 18 बीघा कृषि भूमि है, जिसे अब उनकी पत्नी और चार बेटों के नाम विरासत में दर्ज किया जाना है। किसान का आरोप है



कि संबंधित लेखपाल ने इस कार्य के बदले उससे 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। एंटी करप्शन टीम की योजनाबद्ध कार्रवाई

शिकायत मिलने के बाद सहारनपुर स्थित एंटी करप्शन विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई का निर्णय लिया। गुरुवार दोपहर लगभग ढाई बजे टीम ने तहसील कार्यालय के सर्वे अनुभाग में छापा मारा। किसान आलिम द्वारा लेखपाल को दिए गए पांच हजार रुपये की पहली किस्त लेते ही टीम ने आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्तार लेखपाल मूल रूप से मिर्जापुर जनपद के लाजगंज तहसील स्थित मझिगंवा गांव का निवासी है। वह वर्ष 2017 से तहसील में तैनात था। गिरफ्तारी के बाद उसे एंटी करप्शन टीम अपने साथ ले गई है और उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रशासन सख्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई को शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत देखा जा रहा है। जिससे तहसील स्तर पर कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को साफ संदेश दिया गया है।

# आधार कार्ड में सुधार के नाम पर अवैध वसूली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** यूनियन बैंक, छुटमलपुर शाखा में आधार कार्ड सुधार के नाम पर अवैध वसूली का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बैंक में संचालित आधार सेवा केंद्र पर मनमानी फीस वसूलने की शिकायतें मिल रही हैं, जिससे जनता में आक्रोश बढ़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, आधार सेवा केंद्र पर एक महिला कर्मचारी द्वारा आधार कार्ड में सुधार कार्य किए जा रहे हैं। एक महिला ग्राहक ने मोबाइल नंबर बदलवाने के लिए केंद्र का रुख किया, जहां निर्धारित शुल्क 50 रुपये के बजाय 150 रुपये वसूले गए। इसी तरह, 100 रुपये शुल्क वाले कार्य के लिए 200 रुपये तक की वसूली की जा रही है। यह स्पष्ट करता है कि केंद्र पर बैठे लोग जनता की मजबूरी का फायदा उठाकर खुलेआम भ्रष्टाचार कर रहे हैं।

सवाल उठता है कि अगर इस तरह अधिक पैसे लेकर फर्जी आधार कार्ड बनाए गए, तो इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा?

स्थानीय लोग इसे योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त शासन के दावों पर सवाल उठाने वाला मामला बता रहे हैं। जनता की शिकायत है कि केंद्र पर पहले टालमटोल किया जाता है और फिर मनमानी रकम वसूल की जाती है।

अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी इस मामले पर ध्यान देंगे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी? यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# एसएसपी कार्यालय के बाहर आत्महत्या का प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बेटे के हत्यारोपियों को गिरफ्तार न किए जाने से आहत पिता ने आज एसएसपी कार्यालय के बाहर जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। जैसे ही युवक बेहोश होकर नीचे गिरा तो एसएसपी कार्यालय में हड़कंप मच गया। आनंन-फानन में युवक को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग 11.00 बजे कस्बा देवबंद के मौहल्ला पठानपुरा बेरीयान निवासी राशिद एसएसपी कार्यालय पहुंचा था। इसी बीच वह अचेत होकर नीचे गिर पड़ा जिसे देखकर वहां तैनात पुलिस कर्मियों के हाथ-पांव फूल गए और तत्काल राशिद कोजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि राशिद के 8 वर्षीय पुत्र असद का 25 मार्च 2025 को घर के बाहर खेलते समय अपहरण कर लिया गया था। बाद में 2 अप्रैल को असद का शव बरामद किया गया



था। राशिद ने अपने ससुरालयों पर ही अपने बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया था जिसकी नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी परंतु पुलिस अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकी थी। जिला चिकित्सालय पहुंची राशिद की बहन मजदा व प्रवीण ने बताया कि राशिद की पहली पत्नी की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उसका दूसरा निकाह कर दिया गया था, लेकिन वह महिला किन्नर निकली जिसकी चिकित्सकीय जांच भी कराई गई थी जिसे चिकित्सकों ने महिला किन्नर घोषित कर दिया था। इसके बावजूद भी उन्होंने उसे अपना लिया। उन्होंने बताया कि शादी के बाद से ही राशिद की पत्नी उसकी पहली पत्नी के दोनों बच्चों के साथ सौतेला व्यवहार करती थी। इसी के चलते 25 मार्च को घर के बाहर खेलते राशिद के 8 वर्षीय पुत्र असद का अपहरण कर लिया गया था और 2 अप्रैल को उसका शव बरामद हुआ था, लेकिन पुलिस ने उन्हें मौके पर ना बुलाकर सीधा पोस्टमार्टम बुलाया था और उसकी पहचान कराई थी। राशिद की बहनों का आरोप है कि हत्या के मामले में उसकी दूसरी पत्नी के परिजनों को आरोपी बताते हुए मुकदमा दर्ज कराया था लेकिन आज तक भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले में राशिद छह बार एसएसपी कार्यालय आ चुका था और केवल आश्वासन देकर उसको वापस लौटा दिया जाता था। जहरीले पदार्थ का सेवन करने से पहले राशिद ने एक वीडियो वायरल किया जिसमें उसने जहर खाने और पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने की बात कहते हुए अपने ससुराल वालों पर भी आरोप लगाया है। आज जहरीले पदार्थ का सेवन करने के पश्चात राशिद को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार किया गया लेकिन हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उस पिलखनी स्थित पीजीआई रैफर कर दिया। पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राशिद पुलिस पर दबाव बनाने के लिए आज नशे की हालत में पुलिस लाइन पहुंचा था जिसे पुलिस ने उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भर्ती कराया है। उसने कीटनाशक दवा का सेवन किया था। पुलिस द्वारा राशिद के खिलाफ सुसंगत धाराओं में आत्महत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

# ऑक्सीजन गैस सिलेंडर फटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महानगर के गुरुद्वारा रोड पर आज ऑक्सीजन गैस सिलेंडर फट जाने से एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। हालांकि सिलेंडर फटने से दुकान के शटर के फरखच्चे उड़ गए और आसपास के लोग सहम गए। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग के दमकल कर्मियों ने घटनास्थल का जायजा लिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना कुतुबशेर क्षेत्रांतर्गत गुरुद्वारा रोड स्थित गुरुद्वारे की दुकानों में ऑक्सीजन गैस की दुकान है। बताया जाता है कि दुकान स्वामी के परिवार में किसी की मृत्यु हो जाने के कारण पिछले एक सप्ताह से दुकान नहीं खुल रही थी। आज लगभग 2.15 बजे के करीब अचानक जोरदार धमाके के साथ ऑक्सीजन गैस की दुकान का शटर दूर जा गिरा और



दुकान में रखे सिलेंडर भी बाहर आ गए। धमाके की आवाज सुनकर दुक. ानदारों ने अपनी दुकान बंद कर दी और लोग घरों से बाहर निकल आए। हादसे में कोई जनहानि न होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

मौके पर मौजूद लोगों का कहना था कि धमाका इतना तेज था कि घरों की दीवार तक हिल गई और कई दुकानों के शीशे भी चटक गए।

घटना की सूचना पाते ही गुरु सिंह सभा के पदाधिकारी थाना कुतुबशेर पुलिस एवं अग्निशमन विभाग के दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और घटना की बाबत जानकारी ली।

# 16 विद्यार्थियों का नामांकन



**गंगोह।** नामदेव पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद के चुनाव आयोजित किए गए। चुनाव में विभिन्न पदों के लिए कुल 16 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया। चुनाव में लगभग 600 छात्र छात्राओं ने वोटिंग की। चुनाव परिणाम की घोषणा आज की जाएगी। स्कूल प्रशासन ने शांति पूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न करायें। स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी राजपूत ने कहा छात्र परिषद के चुनाव छात्रों को नेतृत्व कौशल विकसित करने और स्कूल के निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करते हैं। चुनाव अधिकारी वरिष्ठ आध्यापक अरविंद शर्मा गुरूजी, आकांक्षा, अक्षय चौधरी, अरुण सैनी रहे।

# दिनेश अध्यक्ष व मोहित बने प्रबंधक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** बेहट सरस्वती शिशु मंदिर की प्रबंध समिति का सर्व सम्मति से हुआ गठन किया गया जिस मे नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई।

गुरुवार को सरस्वती शिशु मन्दिर प्रबंध समिति का गठन किया गया जिस मे सर्व सम्मति से दिनेश सिंघल को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है तथा मोहित जैन को प्रबन्धक बनाया हुआ है। इस के अलावा देवी चंद गुप्ता, विनोद मित्तल व अनिल सिंघल संरक्षक, अजय गुप्ता संरक्षक प्रतिनिधि, अवनीश अग्रवाल उपाध्यक्ष, रमन शर्मा सह प्रबंधक, कविन्द्र चौधरी कोषाध्यक्ष,पूरण सिंह, देवेन्द्र सिंह राणा इन्दु गुप्ता, कुलदीप चौहान, हिमांशु गर्ग,बिजेंद्र सैनी मुकेश चुघ,अजय गुप्ता, आशु गर्ग,सचिन गर्ग, गुलशन भारती को सर्वसम्मति से सदस्य चुना गया।

प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं प्रबंधक ने समिति के सभी सदस्यों को विश्वास दिलाया है कि जो जिम्मेदारीउन्हें दी गई है वे बखूबी उन्हे निभाने का काम करेंगे और हम सभी का प्रयास है कि सरस्वती शिशु मंदिर बेहट क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाइयों को छूकर अपनी अलग ही पहचान बनाए। समिति के सभी पदाधिकारियों का फूल मालाएं डाल स्वागत किया गया।

# छात्राओं के नेत्रों की हुई जांच

**गंगोह।** दलीप सिंह राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में लगभग 250 छात्रओं के नेत्रों की जांच की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या नीरा शर्मा व श्रॉफ चौरिटी आई हॉस्पिटल के कॉर्डिनेटर नवीन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। हॉस्पिटल से आई शिवानी पांचाल, कुलदीप, अनु, नैना, प्राची ने लगभग 250 बच्चों के नेत्रों की जांच की। डॉक्टर ने बच्चों को हरी पत्तेदार सब्जियां, खट्टे फल आदि अपने भोजन में शामिल करने की सलाह दी। प्रधानाचार्या ने कहा हमारे जीवन में आंखों का विशेष महत्व है।

## विश्व थैलेसीमिया दिवस पर किया रक्तदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विश्व थैलेसीमिया दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदाताओं ने बढ़चढ़ हिस्सा लेकर रक्तदान किया।

**कार्यालय ग्राग पंचायत भाटखेडी विकास खण्ड नागल जि0-सहारनपुर।**

पत्रांक: 09 केन्द्रीय/राज्य वित्त आयोग/अन्य मद/2025-20 दिनांक: 04/05/2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय / राज्य वित्त आयोग / अन्य मद के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भाटखेडी मे निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 09/05/2025 को दोपहर 01:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत के टैण्डर बॉक्स में डाली जायेगी। जो उसी दिनांक 09/05/2025 को अपरान्ह 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

| क्र. सं. | ग्राम पं0 का नाम | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (लाखों में) | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भाटखेडी | ग्राम-भाटखेडी में प्राइमरी स्कूल से लेकर संजय के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य | केन्द्रीय / राज्य वित्त आयोग / अन्य मद | 442200 | 8844 | 884 | 1 माह |

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत भाटखेडी
वि0 ख0 नागल, जनपद-सहारनपुर

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भाटखेडी
वि0 ख0 नागल, जनपद-सहारनपुर

**न्यायालय उपजिलाधिकारी, सदर, सहारनपुर**

संख्या : 1639/राजस्व अहलमद, दिनांक : अप्रैल 30, 2025
वाद संख्या 3684/2025
कंप्यूटरीकृत वाद संख्या - टी202509600103684

**ओम सिंह बनाम मुल्कीराज आदि**

ओमसिंह पुत्र फूल सिंह निवासी शंकरपुरी कॉलोनी बेहट रोड, सहारनपुर हाल निवासी महादेव कॉलोनी 100 फुटा रोड, सहारनपुर ......... वादी

बनाम

2. बाबूराम पुत्र रामदिया निवासीगण ग्राम शकलापुरी परगना तहसील व जिला सहारनपुर। 3. अनिल कुमार पुत्र अतर सिहं निवासी ग्राम शकलापुरी परगना तहसील व जिला सहारनपुर। 4. शिमला पत्नी अतर सिहं निवासी ग्राम शकलापुरी परगना तहसील व जिला सहारनपुर। 4. अभयजीत ना.बा. उम्र 17 वर्ष (बालिग हो चुका) पुत्र राकेश कुमार निवासी ग्राम शकलापुरी परगना तहसील व जिला सहारनपुर। 5. कमलजीत ना. बा. 13 वर्ष पुत्र राकेश कुमार बविलायत श्रीमति सलेलता माता स्वंय निवासी ग्राम शकलापुरी परगना तहसील व जिला सहारनपुर। 6. हिमांशु ना.बा. उम्र 10 वर्ष पुत्र राकेश बविलायत श्रीमति सलेलता माता स्वंय निवासी ग्राम शकलापुरी परगना तहसील व जिला सहारनपुर 7. कु. पूनम ना.बा. उम्र 15 वर्ष पुत्री राकेश बविलायत श्रीमती सलेलता माता स्वंय निवासी ग्राम शकलापुरी परगना तहसील व जिला सहारनपुर 8. सलेलता पत्नी राकेश कुमार ग्राम शकलापुरी परगना तहसील व जिला सहारनपुर। 9. लोक अधिकारी/सहायक अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि. जनपद सहारनपुर। 10. ग्राम पंचायत ग्राम शकलापुरी परगना तहसील व जिला सहारनपुर द्वारा उसके प्रधान। .........प्रतिवादीगण

वाद अन्तर्गत धारा 116 अधिनियम, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 स्थित ग्राम शकलापुरी परगना तहसील व जिला

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वाद उपरोक्त ओमसिहं पुत्र फूल सिहं निवासी शंकरपुरी कालोनी बेहट रोड सहारनपुर हाल निवासी महादेव कालोनी 100 फूटा रोड सहारनपुर द्वारा योजित किया गया है. जिसमें आपको प्रतिवादी बनाया गया है, जिसमें दिनांक 16.05.2025 नियत है। अतः आप उपरोक्त वाद में नियत दिनांक 16.05.2025 को सुबह 11.00 बजे आप स्वंय या अपने पैरोकार के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपने वाद की पैरवी करें। यदि नियत दिनांक पर आप उपस्थित नहीं होते है। तो यह समझा जायेगा कि आपको उक्त वाद में कुछ नहीं कहना है और वाद में न्यायालय द्वारा समुचित आदेश पारित कर दिये जायेगें।

उपजिलाधिकारी,
सदर, सहारनपुर
दिनांक: 17.04.2025

# वार्षिकोत्सव पर भव्य कीर्तन आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राधा विहार स्थित चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर वार्षिकोत्सव उपलक्ष में भव्य कीर्तन में चुलकाना धाम से पधारे रिंकल पुजारी ने कहा कि नि:स्वार्थ सेवा से खाटू श्याम की कृपा प्राप्त होती है।



श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर वार्षिकोत्सव 11 दिवसीय कार्यक्रम में भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें वृंदावन से पधारी हरिदास जी मीनू शर्मा ने खाटू श्याम और भगवान श्री कृष्ण के मधुर मधुर भजनों से भक्तों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया, हमारे दो ही रिश्तेदार, एक तो है वो बांके बिहारी दूसरे लखदातार, तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा, नीले का असवार आयेगा आदि भजनों से श्याम बाबा को रिझाया। हापुड़ से पधारे संजू पागल ने अपनी मधुर आवाज से श्याम भजनों के माध्यम से सभी लोगों को स्तंभित कर दिया और नाचने पर मजबूर कर दिया। चुलकाना धाम से मुख्य पुजारी रिंकल पुजारी श्याम बाबा के कीर्तन में पधारने पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया एवं चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर सेवा समिति की ओर से उनका भव्य स्वागत स्वामी कालेंद्रानंद महाराज द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि श्याम बाबा ने जहां पर शीश का दान दिया वही चुलकाना धाम है। वहां की मिट्टी आज भी बाबा श्याम के बलिदान की अमर कथा सभी श्याम प्रेमियों को प्रेरित करती है। श्याम बाबा की शरण में आने पर सभी संकट और दुख कट जाते हैं। उन्होंने कहा कलयुग में श्याम ही सहारा है, श्याम ही हमारा है और श्याम ही तारण हारा है। इस अवसर पर रमेश शर्मा, अजब सिंह चौहान, अनिल नारंग, अनिल काम्बोज, मुकेश काम्बोज, सागर गुप्ता, ऋषभ शर्मा, रमेश, भूपेंद्र पुंडीर, जगदीश कश्यप, वर्षा, किरण, बबली, विभा, संगीता, सपना, कुसुम आदि हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम को माथा टेका।

**कार्यालय नगर पंचायत रामपुर मनिहारान, सहारनपुर**

पत्रांक : 72/न.प.रा.म.-नि.सू./2025-26 दिनांक :07/05/2025

**ई- निविदा हेतु सूचना**

समस्त ठेकेदारो/फर्मो को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत रामपुर मनिहारान मे 15वां वित्त आयोग / राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से दिनांक 21/05/2025 को दोपहर 2:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदाएं, नगर पंचायत रामपुर मनिहारान की शर्तो पर आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तो वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 05/05/2025 से 21/05/2025 तक अपरान्ह 02:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है।

| Tender Reference | |
|---|---|
| Publish and Time for Ref | 05-05-2025 05.00 PM |
| Last Date time for submission of Tender | 21-05-2025 at 02.00 PM |
| Date/ Time / Palace of Opening of E-Tender | 22-03-2025 03:00 PM, Office Of Nagar Panchayat Rampur Maniharan Saharanpur |
| E-Tender Security | As per Tender List |
| E-tender Document Processing | As per Tender List |

( सविता रानी )
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रामपुर मनि.
सहारनपुर।

( रेनू बालियान )
अध्यक्ष
नगर पंचायत रामपुर मनि.
सहारनपुर।

# अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन ने ली अधीनस्थों की बैठक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अपर पुलिस महा. निदेशक, मेरठ जोन मेरठ द्वारा पुलिस कार्यालय/निर्माणधीन पुलिस लाईन का निरीक्षण उपरान्त पुलिस लाईन में गोष्ठी कर अधीनस्थों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश गए हैं।

अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन मेरठ भानु भास्कर महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय पहुंचकर सलामी ली गई। तत्पश्चात उन्होंने पुलिस कार्यालय स्थित डीसीआरबी, आईजीआरएस, शिकायत प्रकोष्ठ, आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ एवं अन्य शाखाओ का निरीक्षण कर अभिलेखों के रखरखाव को देखा तथा उसमें सुधार के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात महोदय द्वारा जनपद में निर्माणधीन नवीन रिजर्व पुलिस लाईन का निरीक्षण किया गया तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति कार्यों में तेजी लाने के संबंध में सर्व-सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके उपरान्त महोदय द्वारा मंडी परिसर स्थित पुलिस लाईन सभागार कक्ष में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी/प्रभारी निरीक्षकध्थाना प्रभारियो के साथ अपराध नियंत्रण/कानून व्यवस्था, विवेचनाओं के निस्तारण के संबंध में समीक्षा गोष्ठी कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# मेरठ जोन की 42वीं अंतर्जनपदीय बैडमिन्टन एवं टेबिल टेनिस प्रतियोगिता का समापन







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 6.5.2025 से 8.5.2025 तक मेरठ जोन, मेरठ की 42वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस बैडमिन्टन एवं टेबिल टेनिस प्रतियोगिता - 2025 का आयोजन उधम सिंह स्टेडियम एवं रिजर्व पुलिस लाईन जनपद शामली में कराया गया। प्रतियोगिता में मेरठ जोन के 9 जनपदों की टीमों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 80 खिलाडी (महिला-पुरुष) सम्मिलित हुए।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि अरविन्द कुमार चौहान जिलाधिकारी जनपद शामली के कर कमलो द्वारा आयोजन सचिव राम सेवक गौतम पुलिस अधीक्षक जनपद शामली की उपस्थिति में किया गया। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि एवं आयोजन सचिव द्वारा बैडमिन्टन का मैच खेलकर विधिवत बैडमिन्टन प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर फाईनल मैच टीम चौम्पियनशिप बैडमिन्टन पुरुष वर्ग में जनपद मेरठ एव जनपद हापुड़ के मध्य खेला गया। फाईनल मैच में जनपद मेरठ नें जनपद हापुड को हराया। प्रथम सिंगल में हापुड़ के सुखविंदर ने मेरठ के विवेक को ,डबल मुकाबले में मेरठ की जोड़ी ने हापुड़ की जोड़ी को हराया, निर्णायक सिंगल मुकाबले में मेरठ ने हापुड़ को हराकर मेरठ जोन, मेरठ की 42वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस बैडमिन्टन प्रतियोगिता वर्ष 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए मेरठ जोन, मेरठ का चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया।

जनपद शामली पुलिस अपने पत्रकार बन्धुओं प्रिन्ट इलेक्ट्रानिक मीडिया का आभार व्यक्त करती है कि आपके द्वारा उक्त प्रतियोगिता को अपने-अपने प्रकाशनों में प्राथमिकता के साथ स्वर्ण अक्षरों में प्रकाशित किया गया। प्रतियोगिता को आयोजित कराने में संतोष कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, शामली के दिशा निर्देशन में अमरदीप कुमार मौर्य, क्षेत्राधिकारी लाइन्स, के पर्यवेक्षण में विक्रम सिंह चौहान, प्रतिसार निरीक्षक, पुलिस लाइन्स, शामली के नेतृत्व में उनकी टीम के द्वारा अल्प समय में मेहनत लग्न के साथ प्रतियोगिता की समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कराई गई। जिसके लिए सभी बधाई के पात्र है। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा आज दिनांक 8.5.2025 को विजेता टीम एवं खिलाड़ियो को मैड़ल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खोडसमा में सफाई व्यवस्था ठप, गलियों में कूड़े के ढेर, ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के खोडसमा गांव के ही राजकुमार, मास्टर मोहरसिंह, अरविंद कुमार, सोनू, शमशाद, लोकिन्दर और राहुल कुमार ने बताया कि तीन महीने पहले तक गांव में एक सफाई कर्मचारी तैनात था, जो नियमित रूप से गलियों की सफाई करता था। लेकिन बीते तीन-चार महीनों से उसे गांव में देखा तक नहीं गया। अब हाल यह है कि गलियों में निकलना मुश्किल हो गया है। कूड़े के ढेरों से बदबू फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि गंदगी के चलते बच्चों और बुजुर्गों में बीमारियां फैलने लगी हैं। प्राथमिक विद्यालय के पास भी कूड़े का अंबार लग चुका है, जिससे बच्चों का स्कूल आना-जाना भी दूभर हो गया है। पशुओं के बांधने की जगह भी कूड़े से पटी पड़ी है। इस संबंध में ग्राम प्रधान विनोद कुमार ने बताया कि गांव का सफाई कर्मचारी पिछले तीन महीने से डीएम ऑफिस में अटैच कर दिया गया है। कई बार खंड विकास अधिकारी ऊन को इसकी सूचना दी गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने कहा कि वे एक-दो दिन में जिलाधिकारी शामली से मिलकर गांव में सफाई कर्मचारी की दोबारा तैनाती की मांग करेंगे। गांव के लोगों प्रविन्दर , नवाब राणा,सुधीर,सुनिल आदि ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सफाई व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो वे बीडीओ कार्यालय और डीएम शामली कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि गांव की दुर्दशा पर तुरंत ध्यान दिया जाए और सफाई कर्मी की तैनाती जल्द कराई जाए, जिससे गांव को गंदगी से निजात मिल सके।

## शराब में तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 3 अलग-अलग स्थानों से 3 अभियुक्तगण को अवैध देशी कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त साहिल पुत्र रकमुद्दीन निवासी मौहल्ला कलन्दर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, उमर पुत्र असगर निवासी निकट चांद मस्जिद मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, गफ्फार उर्फ काला पुत्र कय्यूम निवासी निकट राजोवाली मस्जिद मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

## तीन विभिन्न मामलों में दो को कारावास की सजा

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में 3 अलग-अलग मामलों में 2 अभियुक्तों को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई कारावास की सजा व 5,050/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

1. वर्ष 2020 में अभियुक्त सचिन पुत्र रामवीर निवासी ग्राम भैंसवाल थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा अधिनियम पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेजेडी जेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 1,500/-रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 5 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

2. वर्ष 2020 में अभियुक्त सचिन पुत्र रामवीर निवासी ग्राम भैंसवाल थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेजेडी जेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 1,500/-रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 5 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है ।

3. वर्ष 2006 में अभियुक्त अलीहसन पुत्र भोला निवासी ग्राम भभीसा थाना कांधला जनपद शामली के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेजेडी जेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 2,050/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 5 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

## जानलेवा हमले के आरोपी से चाकू बरामद

**शामली।** 21.4.2025 को वादिया स्वाति पुत्री रामफल निवासी मौहल्ला बड़ी आल बैण्ड मार्किट थाना कोतवाली शामली जनपद शामली नें अपने भाई सन्नी पर अभियुक्त आलोक पुत्र श्यामलाल निवासी मौहल्ला शतिवाला मन्दिर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली द्वारा धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल करने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर तहरीर दी गई थी। उपरोक्त घटना में वांछित अभियुक्त आलोक पुत्र श्यामलाल निवासी मौहल्ला शतिवाला मन्दिर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली द्वारा 24.4.2025 को न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया था। जिसके बाद विवेचनाक्रम में जिला कारागार मुजफ्फरनगर जाकर अभियुक्त आलोक उपरोक्त से पूछताछ की गई। इसी क्रम में माननीय न्यायालय से उपरोक्त अभियुक्त की पीसीआर प्राप्त कर अभियुक्त आलोक उपरोक्त की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू बरामद हुआ है । बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रहे है। अभियुक्त आलोक पुत्र श्यामलाल निवासी मौहल्ला शतिवाला मन्दिर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

## कांगेस-सपा में छिड़ी जुबानी जंग

**देवबन्द।** वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व विधायक माविया अली ने कांग्रेस सांसद इमरान मसूद पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह अपनी सांसदीय सीट बजाने के लिए भाजपा एजेंट के रूप में काम कर रहें हैं। सपा एवं कांग्रेस नेताओं के बीच सहारनपुर में चल रही जुबानी जंग के चलते सपा मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के करीबी देवबंद विधानसभा के पूर्व विधायक माविया अली ने कांग्रेस सांसद इमरान मसूद पर निशाना साधते हुए कहा कि वह भाजपा के एजेंट हैं और उन्होंने उत्तर प्रदेश की राजनीति में कांग्रेस को खत्म करने का भाजपा से बयाना लिया हुआ। वह अपनी सीट बचाने के लिए भाजपा में भी शामिल हो सकते हैं। पूर्व विधायक के आरोपों की झडी यहीं नहीं रुकी उन्होंने यहां तक कहा कि इमरान मसूद भाजपा के हाथों में खेल रहे हैं और उन्हें जेल जाने का डर है। कांग्रेस सांसद और लखनऊ स्थित पांच कालिदास मार्ग के बीच क्या संबंध है? अगर मुख्यमंत्री कार्यालय में आगमन का रजिस्टर और सांसद मसूद की कॉल डिटेल चेक की जाए सब कुछ उजागर हो जाएगा। माविया अली ने कहा कि जो शख्स अपने चाचा (काजी रशीद मसूद) का नहीं हुआ वह कांग्रेस का कैसे हो सकता है। वह हमेशा मुसलमानों के उत्पीड़न पर भी खामोश रहते हैं। इमरान मसूद को खुद पर इतना घमंड है तो वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव क्यों हारे। ऐसे में वह कांग्रेस और सपा गठबंधन की सीट पर जीते हैं न कि अपने दम पर। माविया अली ने मसूद को सातों सीटों पर प्रत्याशी लडाने की चेतावनी दी और कहा कि इसके लिए सपा भी तैयार है।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना का बढ़ाया मनोबल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर किए गए आपरेशन सिंदूर को देशवासियों का लगातार समर्थन मिल रहा है। एचएवी इंटर कॉलेज सहित अन्य विद्यालयों में भी आपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश का तिरंगा झंडा हाथ में लेकर हिंदुस्तान जिंदाबाद और सेना जिंदाबाद के नारे लगा सेना का मनोबल बढ़ाया गया। इस दौरान हेम सिंह, राजेश कुमार, शिवओम त्यागी, अमरीश त्यागी, रविंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, कल्पना मित्तल, कालूराम शर्मा, सुखसागर सिंह और मुकेश सैनी सहित अध्यापक और स्टॉफ मौजूद रहा।

## पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्यवाई आतंकवाद पर गहरी चोट

**देवबन्द।** सपा के पूर्व नगर प्रचार मंत्री अरशद सिद्दीकी ने भारत की पाकिस्तान के खिलाफ की गई कार्रवाई को आतंकवाद पर गहरी चोट करार देते हुए आतंकवाद का मुहंतोड़ जवाब देने वाली सैन्य अधिकारी सोफिया कुरैशी एवं विंग कमांडर व्योमिका सिंह की जमकर प्रशंसा की।

अरशद सिद्दीकी ने कहा कि भारत सरकार और भारतीय सेना ने पाक प्रायोजित आतंकवाद का मुहंतोड़ जवाब देकर अपना नजरिया साफ करते हुए कड़ा संदेश दिया कि आतंकवाद को जड़ से मिटाकर ही दम लेंगे। उन्होंने कहा कि सैन्य अधिकारी सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने का काम किया है। जिसके लिए भारतीयों को उन पर हमेशा गर्व रहेगा। सिद्दीकी ने यह भी कहा कि इस हमले ने पूरी दुनिया को दिखा दिया है कि हमारी महिलाएं देश के दुश्मनों को उसके घर में घुसकर जवाब देने में पूरी तरह सक्षम है।

## कथा सुनकर पितरों का होता है कल्याण: आचार्य



**देवबन्द।** श्रीमद् भागवत कथा समापन के अंतिम दिन कथा व्यास आचार्य विनय प्रकाश तिवारी ने कथा की महत्ता बताते हुए कहा कि सौभाग्यशाली हैं वो लोग जिन्होंने श्रीमद् भागवत पुराण का श्रवण किया। मोहल्ला कायस्थवाड़ा (शिवचौक) में उद्यमी दीपकराज सिंघल के आवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य विनय प्रकाश तिवारी ने कहा वास्तव में कथा में वही उपस्थित हो पाता है जिस पर भगवान की कृपा होती है। इस कथा को सुनकर पितरों का कल्याण होता है और हम सब लोग अपने जीवन को संयमित एवं भगवत भजन मार्ग में लगा सकते हैं, तभी इस कथा का सच्चा अर्थ अपनाया जा सकता है। कार्यक्रम में हवन, पूजन और भंडारे का आयोजन हुआ। पंडित आशुतोष शर्मा ने पूजा कराई। जबकि मुख्य यजमान दीपकराज सिंघल व उनकी धर्मपत्नी वीना सिंघल रहे। इस मौके पर रामदयालू जी महाराज, पंडित प्रणव शर्मा, रजनीश सिंघल, अभिनंदन गर्ग, राकेश मित्तल, योगेंद्र गोयल, राजकुमार, राजकुमार मित्तल, राकेश सिंघल आदि मौजूद रहे

# ऑपरेशन सिंदूर से मुस्लिमों में खुशी की लहर

**झिंझाना।** पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई भारतीय सेना की कार्रवाई से मुस्लिम समाज और उलेमाओं में भी खुशी देखी गई है। उनका कहना है कि भारतीय मुसलमान सच्चे देशभक्त हैं और अपनी सेना और देश की सरकार के साथ मजबूती के साथ खड़े हैं। पाकिस्तान हो या कोई और देश, आतंक फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी ही चाहिए।

भारतीय सेना ने जिस बहादुरी के साथ आतंकियों पर कार्रवाई की है, वह काबिले तारीफ है। इससे अब विश्वास हो गया है कि देश सुरक्षित हाथों में है। कोई शांति भंग करने की कोशिश करेगा तो उसको मुंह तोड़ जवाब मिलेगा।

**खुर्शीद आलम, पूर्व मीडिया को-आर्डिनेटर हरियाणा राज्य हज कमेटी हरियाणा**

.....................................

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना की कार्रवाई के बारे में सुनकर खुशी हुई, क्योंकि धर्म पूछकर हमला कर लोगों को मारने वाले लोग पूरी कौम को बदनाम करते हैं। ऐसे लोगों पर की गई कार्रवाई सराहनीय है। मुस्लिम अपने देश के साथ मजबूती के साथ खड़े हैं।

**मौलाना जाकिर हुसैन**

.....................................

पहलगाम में हमारे देश के बेग.ुनाहों पर जिस प्रकार से आतंकियों ने नाम पूछ कर उनकी जान ली, उसका यही हश्र होना था। हमें सेना पर भरोसा है कि पाकिस्तानी ही नहीं, देश में संपूर्ण आतंकवाद को मिटाएंगे। दुनिया को अपनी ताकत दिखाएंगे।

**मुफ्ती आजम**

.....................................

पहलगाम में हमारे देश के लोग मारे गए थे, आज ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तानी आतंकी संगठन को खत्म कर सबक सिखाने का कार्य किया है। हमें अपनी सेना पर गर्व है की उसने कुछ देर में ही कई अंतकी ठिकानों को जमीनदोज कर मुंह तोड़ जवाब दिया। **-कारी वकीलुर्रमान**

**सियाराम विद्या सभा दिनारपुर गागलहेडी (सहारनपुर) की प्रबन्ध समिति का चुनाव**

1. अध्यक्ष 2. उपाध्यक्ष 3. प्रबंधक 4. उपप्रबंधक 5. कोषाध्यक्ष एवं चार सदस्य (कुल नौ पदों) हेतु

**चुनाव कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| (सोमवार) 19.05.25 | मतदाता सूची का प्रकाशन (समय प्रातः 10 बजे से अपराहन 12 बजे तक) |
| | मतदाता सूची पर आपत्ति एवं निस्तारण (समय अपराहन 12 बजे से 2 बजे तक) |
| | अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन (समय अपराहन 2 बजे) |
| (वीरवार) 22.05.25 | प्रत्याशियों का नामांकन (प्रातः 10 बजे से 12 बजे) |
| | नामांकन पत्र पर आपत्ति (अपराहन 12 बजे से 1 बजे तक) |
| | नामांकन पत्रों की जाँच एवं आपति का निस्तारण (अपराहन 1 बजे से 2 बजे तक) |
| | प्रत्याशियों की सूची का सूचना पट अंतिम प्रकाशन (अपराहन 2 बजे) |
| (रविवार) 25.05.25 | नामांकन पत्रों की वापसी (10 बजे से 11 बजे तक) |
| (रविवार) 25.05.25 | यदि आवश्यक हुआ तो चुनाव (11 बजे से 2 बजे तक) |
| (रविबार) 25.05.25 | मतगणना - (अपराहन 2 बजे के पश्चात) |

नोट: यदि चुनाव निर्विरोध हुआ तो घोषणा 22.05.25 को ही कर दी जाएगी सभी कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में होंगे।

स0 मोहन सिंह चौहान (प्रधानाचार्य)
चुनाव अधिकारी
सियाराम विद्या सभा दिनारपुर
गागलहेडी (सहारनपुर)

## एक नजर

### लाभार्थियों को मिलेगा प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, शामली जुगल किशोर ने बताया कि उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कौशल सुधार प्रशिक्षण योजन्तर्गत (50 लाभार्थी) (एस.सी.एस.पी) ट्रेड दर्जी-25 व ब्यूटी पार्लर- 25 तथा (सामान्य) ट्रेड दर्जी-25 चयन उपरान्त मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र, नजीबाबाद जनपद बिजनौर द्वारा तहसील ब्लाक जनपद स्तर पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाईन है, जिसे विभागीय वेबसाईट पर upkvib.gov.in पर जाकर ऑनलाईन सेवाओ के अन्तर्गत जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम साफ्टवेयर पर आवेदन कर प्रपत्र अपलोड किए जा सकते है। इच्छुक व्यक्ति विभागीय वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन कर किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 10.6.2025 तक कार्यालय में जमा कर सकते है।

### आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए आवेदन आमंत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आंगनबाड़ी कार्यकत्री के सीधी भर्ती का परिणाम जारी कर दिया गया हैं। यह जानकारी देते हुए आज जिला कार्यक्रम अधिकारी शामली यामिनी रंजन ने अवगत कराया कि आंगनवाड़ी कार्यकत्री के रिक्त 105 पदो पर सीधी भर्ती हेतु http://upanganwadibharti.in पोर्टल पर ऑलनाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे।आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 2.4.2024 थी। उक्त अवधि में अभ्यर्थियों द्वारा किए गए आवेदन एवं पोर्टल पर उनके द्वारा भरी गई सूचनाओं के आधार पर पोर्टल द्वारा तैयार की गई ब्राडशीट एवं अभ्यर्थियों द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए गए शैक्षिक योग्यता तथा अन्य आवश्य अभिलेखों पर विचार करते हुए जनपद स्तरीय चयन समिति द्वारा 105 के सापेक्ष 92 अभ्यर्थियों के चयन की संस्तुति की गई। 13 केन्द्रों पर उपयुक्त अभ्यर्थी न मिलने के कारण पद रिक्त रखे गए। अभ्यर्थियों द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए गए आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन किया गया। सत्यापन में जो प्रमाण पत्र सत्यापित द्धवेरीफाइडत्र नहीं पाए गए उनको निरस्त कर दिया गया और साथ ही जिन अभ्यर्थियों द्वारा शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र अपलोड नहीं किए गए थे उन अभ्यर्थियों के आवेदन को अपूर्ण मानते हुए विचार नहीं किया गया। चयन में शासनादेशानुसार बी.पी.एल., विधवा, तलाकशुदा को नियमानुसार वरीयता प्रदान की गई हैं। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के जारी परिमाण की सूची- सूचना पट्ट कलेक्ट्रेट,विकास भवन, जिला कार्यक्रम अधिकारी शामली, तहसील शामली, कैराना एवं ऊन में चस्पा कर दी गई है।

### दस्तावेज लेखक एसोसिएशन का प्रांतीय अधिवेशन 10 मई को होगा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** दस्तावेज लेखक एसोसिएशन (रजि.) तहसील कैराना के तत्वाधान में आगामी 10 मई को अम्बा मैरिज होम में प्रांतीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता सांसद लक्ष्मीकान्त वाजपेई भाग लेंगे। कार्यक्रम के आयोजक एंव प्रांतीय संगठन मंत्री चौधरी बाबू अली व सह आयोजक रियासत अली ताबिश ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 10 मई को दस्तकवेज लेखक एसोसिएशन रजिस्टर्ड कैराना के तत्वाधान में कैराना के मुख्य मार्ग पर स्थित अम्बा मैरिज होम में प्रांतीय अधिवेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप भजपा के वरिष्ठ नेता सांसद लक्ष्मीक.ांत वाजपेई भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 10 मई को कैराना में आयोजित होने वाले इस प्रांतीय अधिवेशन में उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों एंव तहसील मुख्यालयों से बड़ी संख्या में दस्तावेज लेखकगण भाग लेंगे। साथ ही अतिथि के रूप में सहारनपुर, मेरठ मण्डल तथा जनपद शामली के प्रशासनिक अधिकारीगण भी कर्यक्रम में भाग लेंगे।

### भर्ती की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए वर्चअुल कक्षाओं का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिकारी, शामली विनय कुमार तिवारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग योजनान्तर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल सेवा, नीट, एन.डी.ए., सी.डी.एस., जे.ई.ई., एस.एस.सी., यू.पी.एस.एस.सी. एवं एक दिवसीय परीक्षा इत्यादि की तैयारी हेतु छात्रों को परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के लिए जनपद स्तर पर वर्चुअल एवं साक्षात कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। उक्त के क्रम में इच्छुक अध्यापन कार्य हेतु योग्य, अनुभवी एवं प्रोफेशनल व्याख्याताओं की सेवाए विषय विशेषज्ञ के रूप में ली जाएगी। योग्य अनुभवी व्याख्याताओं को जिला स्तर पर चयन समिति की अनुशासन से परीक्षण व्याख्यान ट्रायल लेक्चर के उपरान्त परीक्षा केन्द्र में जिला स्तरीय समिति द्वारा सूचीबद्ध किया जाएगा। इच्छुक योग्य अतिथि व्याख्याता विषय विशेषज्ञ उक्त परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के लिए व्याख्यान हेतु वांछित योग्यताओं सहित संक्षिप्त विवरण कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकासभवन शामली में 15.6.2025 तक आवेदन आमंत्रित होगें।

## स्कूली बच्चों ने प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

**देवबन्द।** आरके पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने कार्ड मेकिंग व वाद विवाद प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित आरके पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. नीरज लता शर्मा ने बताया कि मातृ दिवस पर कक्षा एक से कक्षा आठ के बच्चों के बीच कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता जबकि कक्षा नौ से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के बीच वाद विवाद प्रतियोगिता कराई गई। उन्होंने मां के महत्व को समझाते हुए कहा कि मां दया, ममता और त्याग की मूर्ति होती है। इस दुनिया में सबसे कीमती वरदान मां है और यह प्रकृति की सुंदरता का पहला उपहार है। इसलिए मां को इस धरती पर ममता की देवी कहा गया है। कार्यक्रम में बच्चों ने कविताओं के माध्यम से मां के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर राजेश चौहान, डॉ.कुलदीप राणा, उप प्रधानाचार्य मोनिका कपूर सहित स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

**सूचना**

मैंने अपना नाम SAJID (साजिद) से बदल कर MOHD SAJID (मौ साजिद) रख लिया है अब मुझे MOHD SAJID नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

MOHD SAJID
S\O NASIBUDDIN
VILLAGE AMBEHTA
SHEKHA FATEHPUR
PATTI DEOBAND
DISTT. SAHARANPUR



# 'ऑपरेशन सिंदूर' के सम्मान में राष्ट्रगान बजा

**● महेन्द्र सिंह धोनी सबसे ज्यादा शिकार करने वाले विकेटकीपर, ब्रेविस ने 1 ओवर में 30 रन बनाए**

**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल के 57वें मैच में बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हरा दिया। मुकाबला शुरू होने से पहले भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के सम्मान में राष्ट्रगान बजा।

नूर अहमद ने 1 ओवर में 2 विकेट लिए। वहीं डेवाल्ड ब्रेविस ने वैभव अरोड़ा के ओवर में 30 रन बना दिए। चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी ने बतौर विकेटकीपर आईपीएल में 200 शिकार पूरे कर लिए। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ 1 कैच लिया और 1 स्टंपिंग की। धोनी आईपीएल में 200 शिकार करने वाले पहले विकेटकीपर बने। उनके नाम सबसे ज्यादा 153 कैच और 47 स्टंपिंग रही। कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल में अपने 5 हजार रन पूरे कर लिए। रहाणे ने चेन्नई के खिलाफ 48 रन बनाए। इसी के साथ उनके 5 हजार रन पूरे हो गए। उनके अब 197 मैच में 5017 रन हो गए। वे आईपीएल में 5 हजार रन बनाने वाले 9वें ही खिलाड़ी बने।

रवींद्र जडेजा ने कोलकाता के खिलाफ 1 विकेट लिया। इसी के साथ उनके आईपीएल में सीएसके के लिए 141 विकेट हो गए। वे चेन्नई के टॉप विकेट टेकर बन गए। उन्होंने ड्वेन ब्रावो का रिकार्ड तोड़ा, जिनके नाम 140 विकेट हैं। भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के सम्मान में मैच से पहले राष्ट्रगान बजा। आईपीएल में मैच से पहले आमतौर पर नेशनल एंथम नहीं बजाया जाता, लेकिन आर्मी के सम्मान में बुधवार को ऐसा किया गया। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में जब आतंकी हमला हुआ था, तब खिलाड़ियों ने मैच के दौरान काली पट्टी बांधकर विरोध प्रकट किया था। चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद ने पारी के 8वें ओवर में 2 विकेट निकाले। उन्होंने पहली गेंद पर सुनील नरेन को विकेटकीपर एमएस धोनी के हाथों स्टंपिंग कराया। फिर चौथी गेंद पर अंगख्रष रघुवंशी को धोनी के ही हाथों काट बिहाइंड भी करा दिया। नूर ने मैच में 4 विकेट लिए। सीएसके के मिडिल आर्डर बैटर डेवाल्ड ब्रेविस ने दूसरी पारी के 11वें ओवर में 30 रन बटोर लिए। उन्होंने वैभव अरोड़ा के खिलाफ ओवर में 3 छक्के और 3 चौके लगाए। आखिरी गेंद पर चौका लगाकर उन्होंने 22 गेंद पर ही अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। यह ब्रेविस के आईपीएल करियर की पहली ही हाफ संेचुरी रही।

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु प्लेऑफ में अपनी मजबूत पकड़ बनाने उतरेगी




**● लखनऊ पिछली तीन हार को भुलाकर प्लेऑफ के लिए जीत के क्रम में लौटना चाहेगी, लखनऊ 11 मैचों में 5 जीत के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है**

**लखनऊ, वार्ता।** लगातार चार जीत और विराट कोहली की शानदार फॉर्म से उत्साहित रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आईपीएल 2025 के 59वें मैच में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ प्लेऑफ में अपनी पकड़ मजबूत बनाने मैदान में उतरेगी। कल भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स पिछली तीन हार को भुलाकर प्लेऑफ के लिए जीत के क्रम में लौटना चाहेगी। लखनऊ 11 मैचों में पांच मैचों में जीत के साथ तालिका में दस अंक के साथ सातवें पायदान पर है। टूर्नामेंट में आरस. ीबी की बल्लेबाजी शानदार रही है और उसके धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने लगातार चार अर्द्धशतक लगाकर बेहतर फार्म में दिख रहे हैं। जैकब बेथेल, टिम डेविड और विस्फोटक रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ियों के दमदार समर्थन के साथ, मेहमान टीम के पास एक गहरी और बेहतरीन बल्लेबाजी क्रम है। ऐसा माना जा रहा है कि आरसीबी की जीत की संभावना लखनऊ से थोड़ी अधिक है और वे लगातार पांचवीं जीत हासिल करके अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचना चाहेंगे। अगर उन्हें इस मुकाबले में जीत हासिल होती है तो उनके प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत होगी। लखनऊ सुपर जायंट्स की हाल के हफ्तों में अभियान की गति कम हुई है। मध्य सत्र में शानदार प्रदर्शन के बाद मेजबान टीम लगातार तीन हार का सामना कर चुकी है। उनका गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी बल्लेबाजों को रोकने में विफल रहा है उनके गें. दबाजों ने अधिक रन दिये है तथा स्टार बल्लेबाजी क्रम में निरंतरता की कमी है। लखनऊ टीम की अगुआई कर रहे ;षभ पंत बल्ले से संघर्ष कर रहे हैं इसके अलावा निकोलस पूरन, डेविड मिलर तथा आयुष बदोनी जैसे खिलाड़ी अच्छी शुरुआत को मैच विजयी योगदान में बदलने में विफल रहे हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर आवेश खान और मयंक यादव महंगे रहे हैं, जबकि दिग्वेश लसह राठी ने कभी-कभार विकेट लेने के बावजूद उनकी एकरूपता कमी देखी गई है। वहीं आरसीबी की गेंदबाजी इकाई अधिक संतुलित दिखाई देती है। जॉश हेजलवुड की जगह लेने वाले लुंगी एनगिडी ने अपने पिछले मैच में तीन विकेट लेकर प्रभावित किया। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और स्पिनर क्रुणाल पांड्या बीच के ओवरों में रनों पर रोक लगाने और विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। इस सीजन में पहली पारी का औसत स्कोर 175 रहा है और यहां की पिच ने बल्ले और गेंद के बीच संतुलित मुकाबला पेश किया है। पहले गेंदबाजी करने वाली टीमों को अधिक सफलता मिली है, उन्होंने इस स्थल पर खेले गए पांच मैचों में से चार में जीत हासिल की है।

## मैंने अभी भविष्य पर कोई निर्णय नहीं लिया: धोनी

**■ आईपीएल से संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थीं जुलाई में 44 साल के हो जाएगें**

**मुंबई, वार्ता।** एमएस धोनी ने बुधवार को सीएसके और केकेआर मैच के बाद कोलकाता में साफ कर दिया कि उनका अभी आईपीएल से संन्यास लेना तय नहीं है और समय के साथ इस बारे में फैसला करेंगे। इस सीजन के खत्म होने के बाद उनकी संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थीं। धोनी ने मैच के बाद कहा, यही वह प्यार और स्नेह है जो मुझे हमेशा मिलता रहा है। यह मत भूलिए कि मैं 43 साल का हूं। मैं लंबे समय तक खेला हूं। उनमें से बहुतों को नहीं पता कि मेरा आखिरी मैच कब होगा (मुस्कुराते हुए) इसलिए वे आकर मुझे खेलते हुए देखना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा, मैं साल में केवल दो महीने ही खेलता हूं। जब यह आईपीएल खत्म होगा, तो मुझे फिर से छह से आठ महीने में कड़ी मेहनत करनी होगी, ताकि मैं देख सकूं कि मेरा शरीर इस तरह का दबाव झेलने के लिए फिट है या नहीं। तो अभी मेरे लिए कुछ तय करने जैसा नहीं है, लेकिन जहां भी मैं गया हूं, वहां मुझे प्यार और अपनापन मिला है। सीएसके ने केकेआर को 2 विकेट से हराया इस मैच में सीएसके ने केकेआर को 2 विकेट से हराया। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाए थे। चेन्नई ने 2 गेंद शेष रहते ही 8 विकेट के नुकसान पर 183 रन बना लिए। धोनी ने इस मैच में नाबाद 17 रन बनाकर चेन्नई को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

धोनी की फिटनेस को लेकर फ्लेमिंग ने दिया था बयान चेन्नई सुपर किंग्स के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने धोनी की फिटनेस को लेकर लगातार 2 हार के बाद अपडेट दिया था। उन्होंने बताया कि धोनी के घुटने पहले जैसे नहीं रहे और इसी वजह से वे 10 ओवर तक लगातार भाग कर बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं। इसी कारण मुकाबले के अनुसार उनकी बैटिंग पोजिशन का फैसला किया जाता है। धोनी आईपीएल में 200 शिकार करने वाले पहले विकेटकीपर चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी ने बतौर विकेटकीपर आईपीएल में 200 शिकार पूरे कर लिए। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ 1 कैच लिया और 1 स्टंपिंग की। धोनी आईपीएल में 200 शिकार करने वाले पहले विकेटकीपर बने। उनके नाम सबसे ज्यादा 153 कैच और 47 स्टंपिंग रही। 2026 को ध्यान में रख कर युवाओं को दे रहे हैं मौका सीएसके प्लेआफ से बाहर हो चुका है। धोनी ने कहा कि अभी युवाओं को परखने का अच्छा समय है। सीएसके इस सीजन के अपने आखिरी कुछ मैचों का उपयोग आईपीएल 2026 के लिए तैयारी करने के लिए कर रहा है। धोनी ने कहा कि ये वे खिलाड़ी हैं जो अभी हमारे साथ हैं। इसलिए हमारे पास उन्हें परखने का मौका है। आप उन्हें नेट्स में देख सकते हैं। आप उन्हें अभ्यास मैच में देख सकते हैं लेकिन असली मैच जैसा कुछ नहीं है। हम टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। हमारे पास तीन गेम बचे हुए थे, ऐसे में हम उन्हें मौका देकर परखना चाहते हैं।



## एम्मा राडुकानू व कैमरन नोरी इटालियन ओपन में दूसरे दौर में

**■ पुरुष वर्ग में नोरी ने क्रिस्टोफर को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराया**

**रोम, वार्ता।** ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू और पुरुष वर्ग में हमवतन कैमरन नोरी ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर इटालियन ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं केटी बौल्टर को हार का सामना करना पड़ा। तीन साल के बाद पहली बार टूर्नामेंट में भाग लेने वाली राडुकानू ने बुधवार को खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट के खिलाफ 7-5 6-7 (1-7) 6-3 से जीत दर्ज की। इस बीच ब्रिटेन की 28 वर्षीय केटी बौल्टर रूस की अनास्तासिया पावलुचेनकोवा से 3-6, 3-6 से हार गई। वहीं पुरुष वर्ग में नोरी ने क्रिस्टोफर ओं' कॉनेल को सीधे सेटों में 6-3 6-2 हराकर दूसरा दौर में अपना स्थान पक्का किया। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 76 मिनट के मैच में ओं' कोनेल के खिलाफ सिर्फ पांच गेम गंवाए।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## रावलपिंडी में होने वाला पीसीएल मैच रद्द

**रावलपिंडी, वार्ता।** भारत के ड्रोन अटैक के बाद रावलपिंडी में गुरुवार को कराची किंग्स और पेशवार जलमी के बीच होने वाला मैच कैंसिल कर दिया गया है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने एक पूर्व क्रिकेटर के हवाले से लिखा कि विदेशी खिलाड़ी गहरे सदमे में हैं। कई खिलाड़ी अब जल्द से जल्द देश छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। एजेंसी ने लिखा कि पाक क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने पीसीएल के बचे हुए मैच कराची, दोहा और दुबई में शिफ्ट करने की सलाह दी है। पीसीबी सरकार से सलाह-मशविरा करने के बाद कोई फैसला लेगा। आपरेशन सिंदूर के तहत जवाबी कार्रवाई में भारत का एक ड्रोन रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में गिरा, इससे स्टेडियम के क्षतिग्रस्त हो गया है, हालांकि पाक सरकार ने इसे आसमानी बिजली बताया है। रात 8:30 बजे से होना था कराची-पेशेवार मैच कराची किंग्स और पेशवार जलमी के बीच का मुकाबला रात 8:30 बजे खेला जाना था। कराची की टीम पाइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर है। जबकि पेशेवर की टीम 5वें स्थान पर है।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़ना गर्व की बात: पंकज

**मुंबई, वार्ता।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता पंकज त्रिपाठी का कहना है कि यह उनके लिए बड़े गर्व की बात है कि वह अपने राज्य बिहार में हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़े हैं। मशहूर अभिनेता और बिहार का गर्व, पंकज त्रिपाठी, अब खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़ गए हैं। यह बिहार में आयोजित होने वाला अब तक का सबसे बड़ा खेल आयोजन है, जिसमें देशभर से खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। हाल ही में हुये उद्घाटन समारोह को उसकी भव्यता के लिए सराहा गया है और पंकज त्रिपाठी को बिहार का प्रेरणास्त्रोत चेहरा बनाकर आमंत्रित किया गया है। बिहार में हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स को जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और यह राज्य का अब तक का सबसे बड़ा खेल महोत्सव बन गया है। देश के कोने-कोने से युवा खिलाड़ी यहां आकर अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं।

## ट्रैक साइक्लिंग में झारखंड व राजस्थान ने जीते स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की ट्रैक साइक्लिंग स्पर्धाओं गुरुवार को झारखंड की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं लड़कों के वर्ग में राजस्थान चैंपियन बना। बिहार की लड़कियों ने भी कड़ी टक्कर दी और तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों की श्रेणी में झारखंड ने दो स्वर्ण और एक कांस्य मेडल के साथ कुल 16 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। इस जीत में सबसे अहम योगदान टीम स्प्रिंट स्पर्धा में आए एक स्वर्ण पदक का रहा, जिससे टीम को सीधे 10 अंक प्राप्त हुए। राजस्थान ने तीन स्वर्ण पदक हासिल कर 15 अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बिहार ने दो रजत और एक कांस्य के जरिए 10 अंक जुटाकर तीसरी पायदान पर जगह बनाई। तीसरा स्थान प्राप्त करने में अहम योगदान टीम स्प्रिंट में आए एक रजत पदक का रहा।

## चोटिल नितीश राणा की जगह लुआन-ड्रे प्रिटोरियस हुए आरआर में शामिल

**जयपुर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को चोटिल नितीश राणा की जगह राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 के अपने दल में शामिल किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज प्रिटोरियस को 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर टीम में जगह दी गई। 19 वर्षीय प्रिटोरियस ने अभी तक अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण नहीं किया है, लेकिन उन्होंने इस वर्ष के एसए-20 लीग के दौरान 12 मैचों में 166-80 की स्ट्राइक रेट के साथ सर्वाधिक 397 रन बनाए थे। पिछले वर्ष प्रिटोरियस अंडर-19 विश्वकप में द. अफ्रीका की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।

## टेस्ट में फ्लाप रोहित के लिए विश्व कप आखिरी लक्ष्य

**न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद रेड बॉल से लिया संन्यास, उतार-चढाव भरा रहा करियर**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत को 2 आईसीसी ट्राफी जिता चुके रोहित शर्मा ने बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने शाम 7.30 बजे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर रिटायरमेंट की जानकारी दी।

रोहित वनडे और टी-20 में तो बतौर प्लेयर और कप्तान बेहतरीन रहे, लेकिन रेड बाल में उस कामयाबी को दोहरा नहीं सके। 11 साल के टेस्ट करियर में रोहित ने 67 टेस्ट खेले और 12 शतक लगाकर 4301 रन बनाए। उनकी कप्तानी में टीम ने 50प्रतिशत टेस्ट जीते, लेकिन होमग्राउंड पर न्यूजीलैंड के खिलाफ इतिहास में पहली हार झेलनी पड़ गई। आस्ट्रेलिया से भी 10 साल बाद सीरीज में हार मिली, जिस कारण टीम वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप के फाइनल में नहीं पहुंच सकी। 2007 में भारत के लिए वनडे और टी-20 डेब्यू करने




वाले रोहित शर्मा को टेस्ट डेब्यू के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। 2010 में आखिरकार उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ नागपुर टेस्ट में मौका मिला, लेकिन मैच से ठीक पहले उन्हें एंकल इंजरी हो गई। जिस कारण उनका इंतजार और भी ज्यादा बढ़ गया। इंटरनेशनल डेब्यू के 6 साल बाद 2013 में आखिरकार रोहित को फिर टेस्ट स्क्वाड में जगह मिली। इस बार मौका क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर के करियर की आखिरी सीरीज में मिला। वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 नवंबर 2013 को रोहित ने डेब्यू किया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में उन्हें नंबर-6 पर बैटिंग करने का मौका मिला। रोहित ने अपने पहले ही टेस्ट में भारत को मुश्किल स्थिति से निकाला।

## लाल गेंद से 'हिटमैन' का सफर शानदार रहा: BCCI

**मुंबई, वार्ता।** क्रिकेट में मध्यक्रम से लेकर भारत के सबसे बेहतरीन टेस्ट ओपनर तक रोहित शर्मा का लाल गेंद का सफर शानदार रहा। उन्होंने क्रिकेट के हर प्रारूप में टीम का नेतृत्व कर अपनी क्षमता का लौहा मनवाया।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को रोहित शर्मा को 'शानदार और प्रेरणादायक' टेस्ट करियर के लिए हार्दिक बधाई दी। जबकि वह अंतर्राष्ट्रीय खेल में सबसे लंबे और सबसे छोटे प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन वह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारतीय क्रिकेट की सेवा करना जारी रखेंगे। रोहित टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके है। रोहित ने न केवल 4,301 टेस्ट रन, बल्कि एक ऐसी विरासत तय की जिसने देर से सफल होने के बावजूद और बड़ी सफलता का मतलब फिर से परिभाषित किया। रोहित ने 2013 में पर्दापण करने के बाद टेस्ट टीम में कई साल बिताए। वह इस धारणा से जूझते हुए कि वह केवल सफेद गेंद के विशेषज्ञ हैं। यह 2019 में निर्णायक रूप से बदल गया, जब उन्हें शीर्ष क्रम में पदोन्नत किया गया। इसके बाद जो हुआ वह एक शानदार दौर था जिसमें घरेलू मैदान पर शतक, इंग्लैंड में मास्टरक्लास और ऑस्ट्रेलिया में दमदार प्रदर्शन शामिल थे। रोहित ने 67 टेस्ट मैचों में 40-57 की औसत से 4,301 रन बनाए, इसमें 12 शतक और करियर की 212 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी शामिल हैं। रोहित ने भारतीय टेस्ट टीम के 35वें कप्तान के रूप में 24 मैचों में भारत का नेतृत्व किया।

## वरुण पर 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया



**■ बीसीसीआई ने जुर्माने के साथ एक डिमेरिट पाइंट भी दिया, ब्रेविस को आउट करने के बाद जाने का इशारा किया था**

**मुंबई, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर बीसीसीआई ने आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट पाइंट दिया है।

हालांकि, आईपीएल की ओर से जारी किए गए बयान में नहीं बताया गया है कि किस घटना के लिए उन पर करवाई की गई है। बयान में कहा गया है कि वरुण अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 के दोषी हैं। अनुच्छेद 2.5 में बल्लेबाज को उकसाना और इशारा करना शामिल अनुच्छेद 2.5 में किसी खिलाड़ी की ओर से आउट होने पर बल्लेबाज की ओर की गई टिप्पणी, क्रिया या इशारा शामिल है। जिससे आउट होने वाले बल्लेबाज की आक्रामक प्रतिक्रिया भड़कने की संभावना हो। डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करने के बाद वरुण ने उन्हें मैदान सो बाहर जाने का इशारा किया था।

माना जा रहा है कि वरुण पर इसी लिए जुर्माना लगा है। वरुण ने डेवाल्ड ब्रे. विस का विकेट लिया दरअसल, केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 179 रन बनाए थे। 180 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी सीएसके की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 60 रन पर ही उसके 5 विकेट गिर गए थे। लेकिन, ब्रेविस ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने वैभव अरोड़ा के एक ओवर में 30 रन बनाए। ब्रेविस ने 25 गेंदों पर 52 रन बनाए और उनके विकेट ने केकेआर को खेल में वापस ला दिया। उनका विकेट वरुण ने लिया।

## पाक अटैक के बीच दिल्ली-पंजाब IPL मैच रद्द

**धर्मशाला मैदान में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे, दर्शकों को बाहर निकाला गया**

**धर्मशाला, वार्ता।** पाकिस्तान के अटैक के बीच धर्मशाला के एचपीसीए मैदान पर पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच को रोक दिया गया है। मैदान की सभी फ्लडलाइट्स बंद हैं और सभी फैंस को बाहर निकाला दिया गया है। मैदान से बाहर निकलते हुए फैंस ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

खेल रोके जाने तक पंजाब ने 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना लिए थे। प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर नाबाद लौटे। प्रियांश आर्या 70 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें टी नटराजन ने माधव तिवारी के हाथों कैच कराया। पाकिस्तान के अटैक के बीच धर्मशाला मैदान पर चल रहे आईपीएल मैच को रोक दिया गया है। मैदान की सभी फ्लड लाइट्स बंद कर दी गई हैं और फैंस को बाहर निकाला जा रहा है। 11वें ओवर में पंजाब ने पहला विकेट गंवाया। यहां प्रियांश आर्या 70 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें टी नटराजन ने माधव तिवारी के हाथों कैच कराया। पारी के 10वें ओवर में प्रियांश आर्या ने कुलदीप यादव की बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। इसी ओवर में प्रभसिमरन सिंह ने भी चौका लगाया।

उन्होंने फिफ्टी पूरी की है। 9वें ओवर में प्रभसिमरन सिंह ने माधव तिवारी के ओवर में लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने तीसरी और चौथी बाल को बाउंड्री के पार पहुंचाया। इसी के साथ पंजाब का स्कोर 100 पार पहुंच गया। टीम के ओपनर्स क्रीज पर थे। 7वें ओवर में प्रियांश आर्या ने फिफ्टी पूरी कर ली है।

उन्होंने 25 बाल पर फिफ्टी पूरी की। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही पंजाब की टीम ने मजबूत शुरुआत की। टीम ने शुरुआत 6 ओवर में बिना नुकसान के 69 रन बना लिए हैं। टीम के ओपनर्स नाबाद रहे। पंजाब ने चौथे ओवर में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। दुष्मंथा चमीरा के ओवर की आखिरी बाल पर प्रियांश आर्या ने चौका लगाते हुए स्कोर 50 पार पहुंचाया।

इसी के साथ दोनों ओपनर्स ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली है। मैच का पहला ओवर डाल रहे मिचेल स्टार्क ने 11 रन खर्च किए हैं। प्रियांश आर्या ने उनके ओवर की पहली दो बाल पर लगातार दो चौके लगाए। पंजाब ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी है। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टास जीतकर बैटिंग चुनी।

टीम ने प्लेइंग-11 में बदलाव नहीं किया। दिल्ली कैपिटल्स ने करुण नायर और विपराज निगम को बाहर किया। समीर रिजवी और माधव तिवारी को मौका मिला।

# संपूर्ण शहर का विकास मेरा मकसद: डा.अजय

## मेयर ने दो वार्डों में 84 लाख से बनेगी सीसी रोड व नालियों के निर्माण कार्यों का नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज शहर के दो वार्डो वार्ड 26 व वार्ड 33 में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यो का पूजा अर्चना के बाद सड़क पर गेंती मारकर व नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। उक्त कार्यो पर करीब 84 लाख रुपये की लागत आयेगी। वार्ड 26 में एक लाख रुपये की लागत से विकसित होली चौक स्थल का फीता काटकर लोकार्पण भी किया गया।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज शहर के विकास की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए दो वार्डो में सीसी सड़कों एवं नालियों के निर्माण का शुभारंभ किया। वार्ड 26 में 15 लाख रुपए एवं 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित दो सड़कों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया गया। वार्ड 33 स्थित सेंट्रल पार्क कॉलोनी में 18.58 लाख रुपये एवं



अनुराग विहार में 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित सड़क-नाली के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि वार्डो का विकास ही शहर का विकास है। सड़कों एवं नालियों आदि का निर्माण आम जन के जीवन की गुणवत्ता में सुधार की प्रक्रिया है। नगर निगम अपने संसाधनों का संतुलित उपयोग करते हुए शहर के विकास की दिशा में लगातार काम कर रहा है। हमारा संकल्प है कि नगर का प्रत्येक वार्ड विकास की मुख्यधारा से जुड़े और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं लगातार मिलती रहें।

उन्होंने कहा कि यह कार्य क्षेत्रवासियों की काफी समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए शुरु कराया गया है। इससे क्षेत्रीय लोगों को न केवल आवागमन में सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र की सफाई और जल निकासी व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

कार्यक्रम में पार्षद वीरेंद्र उपाध्याय, पार्षद इसम सिंह, पार्षद प्रतिनिधि संदीप चौधरी डॉ. जन्म सिंह, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष संदीप रावत के अलावा सचिन उपाध्याय, राकेश राणा, मनोज रोहिला आदि मौजूद रहे।

# विधायक गुंबर ने मांगी सीवर लाईन की स्वीकृति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विधायक राजीव गुम्बर ने नगर विकास मंत्री ए के शर्मा से महानगर में नमामि गंगे योजना के अन्तर्गत सीवर लाईन को स्वीकृत करने की मांग की।

विधायक राजीव गुम्बर ने आज लखनऊ में नगर विकास मंत्री ए के शर्मा से मिलकर कहा कि जनपद-सहारनपुर के सहारनपुर नगर निगम क्षेत्र को सीवरेज व्यवस्था की दृष्टि से दो जोन के अन्तर्गत 12 सबजोन में बांटा गया है जिसमें से 47 किमी सीवर लाईन अमृत कार्यक्रम के प्रथम चरण के अंतर्गत तथा लगभग 55 किमी सीवर लाईन स्मार्ट सिटी कार्यक्रम के अन्तर्गत डाली जा चुकी है। शेष महानगर में लगभग 754.00 किमी लम्बाई की सीवर लाईन के कार्यों हेतु कुल रूपये 1417.88 करोड़ का प्रस्ताव स्वीकृति हेतु अपलोड किया गया है जिसकी



स्वीकृति शासन स्तर से दिया जाना है। यह सीवर लाइन बिछाई जाने के बाद सहारनपुर नगर निगम के पूरे क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था की सुविधा नगरवा. सियों को प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सहारनपुर नगर निगम के दो-तिहाई क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था न होने के कारण यहां के निवासियों को नारकीय जीवन जीने हेतु विवश होना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी अधिक बदतर हो जाती है। ऐसी स्थिति में शेष बचे क्षेत्रो में सिव. रेज सुविधा उपलब्ध कराए जाने के लिए यह सीवर कार्य कराया जाना नितान्त आवश्यक है।

नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने इस पर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# थाना प्रभारी ने समस्याएं सुनकर कराया समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर के प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाए। इस जनसुनवाई में स्थानीय लोगों ने अपनी शिकायतें और मुद्दे प्रभारी के समक्ष रखे, जिनका निस्तारण करने के लिए तत्परता दिखाई गई।

धर्मेंद्र कुमार ने जनता को आश्वासन दिया कि थाना फतेहपुर पुलिस कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध नियंत्रण के साथ-साथ जनता की छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए

**जनता की समस्याओं के निस्तारण में न बरती जाए कोताही: धर्मेंद्र**

हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि ऐसी जनसुनवाइयों से पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ता है, जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। इस दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि कुछ जटिल मामलों के लिए उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। स्थानीय निवासियों ने प्रभारी की इस पहल की सराहना की और इसे पुलिस-जनता संवाद को मजबूत करने वाला कदम बताया।

# शिक्षकों को मजबूती से एकजुट रहना होगा: डा.उमेश

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई के प्रदेश अध्यक्ष का मंडलीय सम्मेलन में स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई के प्रदेश अध्यक्ष डा. उमेश चंद त्यागी का आज सम्मान करते हुए उनके हाथों को मजबूत किये जाने का आहवान किया गया।

एसडी इंटर कालेज में आयोजित शैक्षिक विचार गोष्ठी एवं मंडलीय सम्मेलन में डा. उमेश चंद त्यागी को यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ सरस्वती माता के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके व मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। डॉ. उमेश चन्द त्यागी ने शिक्षकों की एकजुटता पर जोर दिया और कहा कि बिना एकजुटता के अपनी बातों को मजबूत तरीके से रखकर मनवाया नहीं जा सकता। युवा नेता अभय राणा ने कहा कि आज सम्मेलन में शिक्षकों की भारी भागेदारी ने




एकजुटता का बेहतर प्रदर्शन किया है।

प्रांतीय मंत्री श्री अरुण कुमार आत्रेय, बाकर अली, जिलाध्यक्ष मेरठ राजबीर सिंह, जिलामंत्री मेरठ पंकज शर्मा, जिलाध्यक्ष मुजफ्फरनगर डॉ. राहुल कुशवाहा, जिलामंत्री मुजफ्फरनगर समीर चौधरी, संजीव कुमार जिलामंत्री बागपत, जिलाध्यक्ष सहारनपुर ज्ञानेन्द्र सिंह पुंडीर, विजय त्यागी, शालिनी सिंह, बबीता राणा, सुचित्रा सैनी ने भी विचार रखे।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. अनूप सिंह, नरेश चमोली, डॉ. प्रवीण मिश्रा, जैनेन्द्र कुमार, राजीव रंजन, मनोज पाल, अंजू रानी, सोमप्रकाश शर्मा, रामनरेश शर्मा, श्रीशर्मा, विनोद कुमार, पवन राणा, भारत भूषण त्यागी, अखिलेश श्रीवास्तव, पुन्नालाल, बिशन सिंह, भूपेन्द्र सिंह पुंडीर, प्रवीण चौधरी समेत 500 शिक्षक व प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। अध्यक्षता रामेंद्र वालिया तथा संचालन मंडलीय मंत्री डा. अरूण मलिक एवं जिला मंत्री अनिल कुमार ने किया।

# आपरेशन सिंदूर से मिला न्याय: डा.राहुल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी एससीएसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.राहुल भारती ने कहा कि पाक ने देश की तरफ आंख उठाई तो भारतीय सेना छछोडेगी नहीं।

डा.राहुल भारती ने कहा किआपरेशन सिन्दूर ने उन महिलाओं को न्याय दिलाया है जिन्होंने आतंकी हमलें में पति को खोया था। बच्चों ने अपने पिता को खोया था। मां बाप ने अपना बेटा खोया था। जिसने भी अपना खोया था। पहलगांव में आत्मा को झकझोर देने वाली निर्दोष लोगों की हत्या की घटना के बाद आज देश को संतोष हुआ कि हमनें बदला ले लिया है। पाकिस्तान या कोई भी देश भारत की तरफ आंख उठाकर देखेगा तो हमारी सेना उन्हें नहीं बख्शेगी।

# डा.प्रमोद को बनाया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष: चौ.नीरपाल

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर एवं राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी की संस्तुति के उपरांत डॉ प्रमोद कुमार को राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया।

डॉ प्रमोद कुमार को मनोनयन पत्र देते हुए राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि डॉ प्रमोद कुमार के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने से संगठन मजबूत होगा।पार्टी कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री, किसानों के मसीहा श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह की विचार धारा को जन जन तक पहुंचाया जाएगा। युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक किया जाएगा। खेलों के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।



डॉ प्रमोद कुमार की नियुक्ति पर बधाई देते हुए राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगराज बालियान,प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत टीटू, राष्ट्रीय सचिव सतवीर घिस्सा, प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र चौहान, जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर व महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक सहित सभी ने डॉ प्रमोद कुमार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि डॉ प्रमोद कुमार की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में प्रतियोगिताओं का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का समापन भव्य और रोमांचक समारोह के साथ हुआ।

इस समारोह के सफल आयोजन में विश्व. विद्यालय प्रबंधन, एडिशनल प्रो-चांसलर सैयद निजामुद्दीन, रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवानी तिवारी, प्रतिकुलपति प्रोफेसर जॉन फिनबे, सह-संयोजक डॉ. रेशमा ताहिर, समन्वयक प्रोफेसर शोभा त्रिपाठी, डीएसडब्लू, सह-समन्वयक डॉ. अतिका बानो, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेहान शफी और चीफ प्रॉक्टर श्री जमीर उल इस्लाम ने सराहनीय योगदान दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत फन फूड सेल चैलेंज प्रतियोगिता से हुई, जहां विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों ने स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद लेने के लिए स्टॉल लगाए। प्रतियोगिता के समन्वयक अरशद खघन थे और निर्णायक मण्डल में जमीरूल इस्लाम, डॉ रेशमा ताहिर, डॉ. बाबू खान थे। मुख्य समापन समारोह में



डीएसडब्लू प्रोफेसर शोभा त्रिपाठी ने स्वागत भाषण दिया, जिसके बाद रजिस्ट्रार प्रो. शिवानी तिवारी ने छात्र-छात्राओं को जीवन में निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। इस दौरान एक आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति हुई, जिसमें नृत्य, गायन, शेर-ओ-शायरी, मिमिक्री और विज. ेताओं की रील, शॉर्ट वीडियो प्रदर्शनों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।समारोह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को सम्मानित किया गया। ग्लोकल लॉ स्कूल द्वारा आयोजित रील और शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बी.ए.एल.एल.बी की अलीना राशिद को, दूसरा स्थान बी.सी.ए के आमिश गौर को और तीसरा स्थान शमसुद्दीन और बिलाल को मिला। साथ ही स्टूडेंट ऑफ द ईयर पुरस्कार का ऐतिहासिक क्षण आया। इस वर्ष यह सम्मान पुरुष श्रेणी में बी.एस.सी एग्रीकल्चर के शमसुद्दीन और महिला श्रेणी में पैरामेडिकल कॉलेज की सलोनी धीमन को मिला। समारोह के समापन में एडिशनल प्रो-चांसलर सैयद निजामुद्दीन ने छात्रों को आशीर्वचन दिए। सह-संयोजक डॉ. रेशमा ताहिर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

इस दौरान सौरभ, नूर, सत्यम, स्वाति पाल, सानिया, अबुहुरैरा, बुशरा चौहान, प्रिया पाल, सानिया खघन, आयशा कुरैशी और अन्य छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण आदि मौजूद रहे।

# किसानों के खेतों में बने कमरों में चोरों का धावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र में चोरों के हौंसले बुलंद नजर आ रहे है, बेखौफ चोरों ने किसानों के खेतों में बने कमरों में मोटर आदि के सामानों पर हाथ साफ कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक चिलकाना क्षेत्र में चोरों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि वह आये दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। चाहे वह मन्दिर का दानपात्र हो या खेतों पर पानी देने के लिए ट्यूबवेल पर रखे बिजली के मोटर। थाना क्षेत्र के हलका नम्बर दो में एक ही रात में तीन अलग अलग खेतों से अज्ञात चोरो ने किसानों के पानी देने के मोटर से तांबा चोरी कर लिया है। बुधवार व बृहस्पतिवार की मध्यरात्री को थाना क्षेत्र के हल्का नम्बर दो के गांव दुमझेडी निवासी किसान अहसान पुत्र खुर्शीद व बैंगनी निवासी किसान त्रिलोकचन्द शर्मा पुत्र हुकमचन्द शर्मा के खेतों पर बने कमरों में रखे पानी के मोटर से तांबे का तार व अन्य सामान अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया।

अज्ञात चोरो द्वारा बेखौफ होकर पहले तो ट्यूबवेल के कमरों का ताला तोडा गया उसके बाद मोटरों के कवर खोलकर अन्दर लगे तांबे का तार व अन्य सामान चोरी कर लिया गया। इसी प्रकार अज्ञात चोरों द्वारा एक अन्य किसान श्यामलाल के खेत पर बने बिजली के कमरे से भी पानी देने की मोटर का सामान चोरी किया गया है।

# सपा को आंखें दिखाने पर सांसद को चेताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सांसद इमरान मसूद पर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने कहां की वह पीडीए के बल पर ही चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे हैं और आज वहीं समाजवादी पार्टी को आंखें दिखाने का काम कर रहे हैं जिस किसी रूप में सहन नहीं किया जाएगा।

अंबाला रोड पार्टी कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं की आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी ने कहा कि सांसद इमरान मसूद आज पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव और पीडीए की आलोचना कर रहे हैं लेकिन वह यह भूल गए हैं कि अखिलेश यादव के बल पर ही उन्होंने चुनाव जीता है और पीडीए ने उनकी जीत में एम भूमिका



निभाई थी लेकिन वर्तमान समय में सांसद इमरान मसूद जिस प्रकार की बयान बाजी कर रहे हैं वह किसी भी रूप में बर्दाशत नहीं की जाएगी।

वरिष्ठ सपा नेता अब्दुल गफूर ने कहा कि काजी परिवार सदैव अपने सवार्थों की राजनीति की है और जब-जब होने दूसरों की जरूरत पड़ी है तो वह उनके दर पर माथा टेकने पहुंच है उन्होंने कहा कि सांसद इमरान मसूद ने सदैव ही अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए राजनीतिक पार्टी का इस्तेमाल किया है।

वरिष्ठ महानगर उपाध्यक्ष मुस्तकीम राणा एवं नदीम कुरैशी ने कहा कि सांसद इमरान मसूद का परिवार जीवन भर कांग्रेस को खूनी पंजा बताता रहा है और आवश्यकता पड़ने पर आज वह कांग्रेस के ही शरण में है ऐसे में स्पष्ट है कि वह केवल अपनी राजनीति को सर्वोपरि मानते हैं उनका जनता से कोई सरोक. ार नहीं है और यदि अपने स्वार्थ की खातिर होने किसी भी राजनीतिक दल में जाना पड़े तो वह पीछे हटने वाले नहीं है। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव चौधरी जुमला सिंह ने कहा कि संसद इमरान मसूद लगातार है संगठन व गठबंधन विरोधी बयान बाजी कर विरोधाभास बढ़ाने का काम कर रहे हैं ऐसे में उनके इस कार्य को किसी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

बैठक में पिछड़ा वर्ग के प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव राजेश सैनीजिला उपाध्यक्ष हसीन कुरैशी शाहिद मंसूरी दानिश मलिक सनी कुमार मोहम्मद सोहेल वेदपाल पटनी आदि मौजूद रहे।

# प्रेमी के घर पहुंची प्रेमिका का हाई प्रोफाइल ड्रामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के एक गांव में शादी करने की जिद पर अडी एक युवती अपने ही गांव निवासी अपने प्रेमी युवक के घर पहुंच गयी। हाईप्रोफाईल ड्रामे के बाद प्रेमिका ने परिजनों से अपनी व प्रेमी की जान का खतरा बताते हुए तहरीर दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक चिलकाना क्षेत्र के गांव सालीरी निवासी एक युवक का गांव की ही एक युवती के साथ तीन वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था कि अचानक बृहस्पतिवार को युवती अपने घर से निकल कर प्रेमी युवक के घर पहुंच गयी व शादी करने की जिद करने लगी। युवती को अपने घर पर बैठा देख व शादी करने की जिद से युवक के परिजनों के हाथ पांव फूल गये। युवक के परिजनों को डायल 112 पुलिस व युवती के परिजनों को बुलाना पडा। युवक व युवती के परि. जनों के समझाने बुझाने के बाद भी युवती प्रेमी के घर से अपने घर जाने को तैयार नही थी और प्रेमी युवक के साथ ही शादी करने की जिद पर अडी रही। कई घंटे तक चले हाईप्रोफाईल ड्रामें के बाद युवक के परिजन युवती के साथ युवक की शादी कराने के लिए मान गये लेकिन युवती के परि. जनो ने शादी कराने के लिए मना कर दिया। युवती ने अपने परिजनों के साथ जाने से मना करते हुए उनसे अपनी व अपने प्रेमी की जान का खतरा बताते हुए तहरीर देकर बताया है कि वह बाईस वर्षीय बालिग युवती है जो कि अपने प्रेमी के साथ शादी करना चाहती है।

# नदियों के पुनरुद्धार की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।**जिलाधिकारी ने तहसील नकुड में सिंघली या खोखरी नदी के पुनरुद्धार के कार्य की समीक्षा की गई।

श्री बंसल ने कलैक्ट्रेट सभागार में सख्त निर्देश दिए कि अभिलेखों के अनुसार हुए चिन्हांकन में खुदाई कार्य में तेजी लाई जाए। जिस स्थान पर चिन्हांकन लम्बित है उसे शीघ्रता से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जनपद में नदियों को जीवित करने हेतु उनके जीर्णोद्धार की दिशा में लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए अभिलेखों के अनुसार यथाशीघ्र चिन्हांकन कराना सुनिश्चित करें। कम गहराई एवं चौडाई पर नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि अभिलेखों के अनुसार खुदाई के कार्य



में लापरवाही न बरती जाए। उन्होने लेखपालों एवं टेक्निकल असिसटेन्ट को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य समय से पूर्ण नहीं होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सिंचाई विभाग को मौके पर जाकर निरंतर कार्य के पर्यवेक्षण करते हुए फीडबैक देने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, उपजिलाधिकारी नकुड़ श्रीमती संगीता राघव, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण, डीसी एनआरएलएम इन्द्रपाल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी गंगोह अमित कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दो वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने नशा तस्करों, वांछित अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ अपनी कार्रवाई को और तेज कर दिया है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीमें क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार सक्रिय हैं।

पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को उनके घरों से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की। इसके अलावा, शाम की पैदल गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गई, जिससे असामाजिक तत्वों में दहशत फैल गई।

थाना प्रभारी ने बताया कि नशा तस्करी और अन्य अपराधों में लिप्त लोगों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। एसपी देहात के निर्देश पर पुलिस कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस सक्रियता की सराहना की।

# वेंडर ठेकेदारों को भुगतान न मिलने पर आक्रोश

## जिलाधिकारी से मिलकर की शिकायत, कहा-भुगतान न होने से आर्थिक स्थिति बनी दयनीय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जलजीवन मिशन योजना के अंतर्गत कार्य कर रही संस्था पर भुगतान न करने का आरोप लगाते हुए वेंडर ठेकेदारों ने जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा और जिलाधिकारी से भी मुलाकात की। जिलाधिकारी ने जल निगम के एक्सईएन से फोन पर बात पर वेंडर ठेकेदारों को उनके पास भेज दिया। जहां वेंडर ठेकेदारों को एक दो दिन का समय दिया गया है।

वेंडर ठेकेदार आज कलैक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने बताया कि जलजीवन मिशन योजना के अंतर्गत कार्य कर रही संस्था द्वारा लंबे समय से ठेकेदारों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। अधिकतर ठेकेदारों ने कर्ज



लेकर पैसा लगा रखा है और भुगतान न होने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय हो गई है। वेंडर ठेकेदारों का कहना था कि जब वह कंपनी के आफिस में भुगतान मांगने जाते है तो वहां से उन्हें भगा दिया जाता है। इस संबंध में वह कई बार जल निगम के अधिशासी अभियंता ग्रामीण से मिल चुके है, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। वेंडर ठेकेदारों का एक डेलीगेशन जिलाधिकारी से मिला तो जिलाधिकारी ने जल निगम के एक्सईएन से फोन पर वार्ता कर उनके पास भेज दिया। जहां उन्होंने वेंडर ठेकेदारों को एक दो दिन में भुगतान न करने पर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस दौरान सन्नी सैनी, सुभाष सिंह, दीपक, शाहनवज, जुबे आलम, नासिर, अजय कुमार, असलम सहित भारी संख्या में वेंडर ठेकेदार मौजूद रहे।

# धारदार-संकल्पबद्ध प्रतिक्रिया

बौखलाहट कहें या पूर्व में ही की गई बड़ा तैयारी आपरेशन सिंदूर के अगले दिन बुधवार-गुरुवार की रात पाकिस्तान ने भारत के 15 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, जिसे भारत ने रूस से मिल एसएस-400 डिफेंस सिस्टम के जरिये नाकाम कर दिया, इतना ही नहीं, जवाबी कार्रवाई में भारत ने पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम ही तबाह कर दिया। बताते चलें कि भारतीय सेना ने पहले ही सीमाओं पर रूस से मिले एसएस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को तैनात कर रखा है, जैसे ही पाकिस्तान ने मिसाइलों से हमला किया, इस सिस्टम को एक्टिव कर दिया गया। ज्ञात रहे कि भारत ने बुधवार को भोर से पहले पाकिस्तान और पाकिस्तान -अधिकृत-कश्मीर में नौ जगहों पर सटीक सैन्य हमलों को अंजाम दिया। भारत ने कहा था कि ये हमले आतंकवादियों के प्रशिक्षण में इस्तेमाल होने वाले शिविरों को नष्ट करने तथा पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सीमा पार से ऐसे और हमलों को हरोकने के साथ-साथ भयावरोध पैदा करने के लिए हैं। बीते 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर निशाने चुनकर 26 लोगों की हत्या की थी। इस बार भारत की प्रतिक्रिया ज्यादा धारदार और ज्यादा संकल्पबद्ध रही है। मुरीदके और बहावलपुर पंजाब में हैं, जो पाकिस्तान के शासक अभिजात वर्ग की हृदयस्थली है। यह वर्ग आतंकवाद पर दोहरा खेल खेलता रहा है। पाकिस्तान ने परमाणु भयादोहन की छतरी तले, दशकों से, आतंकवाद का इस्तेमाल भारत के खिलाफ जंग के सस्ते हथियार के रूप में किया है। भारत इसका उपयुक्त जवाब तलाशने की कोशिश करता रहा है। पहले बालाकोट, और अब ऑपरेशन सिंदूर से, यह बात साफ है कि भारत अपने खिलाफ किसी आतंकवादी हमले की स्थिति में आर्थिक और कूटनीतिक उपायों के अलावा, खुली सैन्य प्रतिक्रिया का रास्ता भी अपना सकता है। भारत ने इस बात को भी रेखांकित किया है कि बुधवार को कोई नागरिक, आर्थिक या सैन्य निशाने नहीं थे। पाकिस्तान ने न सिर्फ भारत को निशाना बनाने वाले आतंकवादी पाले हैं, बल्कि पश्चिम के लिए सबसे वांछित आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को भी पनाह दी, जबकि उस समय वह आतंकवाद के खिलाफ युद्ध का सहयोगी होने का दावा कर रहा था। पाकिस्तान अलग तरह से व्यवहार करे, इसके लिए उसके चरित्र में तब्दीली लानी होगी। भारत ने अन्य देशों से संपर्क किया है और वैश्विक शक्तियों को पाकिस्तान को जिम्मेदारी के साथ काम करने के लिए मजबूर करने की खातिर अपने पर्याप्त प्रभाव का इस्तेमाल करना चाहिए। जवाबी हमलों के अलावा, पहलगाम मामले में जांच पुरजोर तरीके से जारी रहनी चाहिए और उसे उसके तार्किक अंजाम तक पहुंचाना चाहिए। भारत को पाकिस्तान के टकराव बढ़ाने वाले कदमों पर भी नजर रखनी चाहिए और उसका सैन्य व कूटनीतिक तरीके से जवाब देने के लिए तैयार रहना चाहिए।

## यह लड़ाई हिंदू-मुस्लिम नहीं



भारत सरकार की ओर से आपरेशन सिंदूर पर की गई प्रेस ब्रीफिंग पाकिस्तान और दुनिया के लिए मजबूत संदेश है, प्रेस ब्रीफिंग में विद.ेश सचिव विक्रांत मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की मौजूदगी ने साबित कर दिया कि यह लड़ाई हिंदू-मुस्लिम नहीं, बल्कि आतंक के खिलाफ भारत की एकता है, हम युद्ध नहीं चाहते, लेकिन अगर पाकिस्तान उकसाएगा तो भारत तैयार है, रात के ही बजे के बाद ही स्ट्राइक की गई, ताकि नागरिकों को नुकसान न हो, टारगेट सिर्फ आतंकी अड्डे थे, न कि पाक सेना या सरकारी संस्थान, भारत ने 26 बेकसूर नागरिकों की मौत का बदला लेने के लिए सटीक कार्रवाई की, यह अहम है कि फ्रांस, रूस और इजरायल ने भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया है, जबकि चीन ने भी संयम और बातचीत की सलाह दी है।

**शशि थरूर**
**कांग्रेस सांसद**

# क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जरूरी है

## सोशल मीडिया युग में करुणा की कैद





प्रियंका सौरभ

सोशल मीडिया के युग में भलाई और करुणा अब मौन संवेदनाएं नहीं रहीं, वे कैमरे के फ्रेम में कैद होती जा रही हैं। आज अधिक.ांश मदद 'लाइक्स' और 'फॉलोवर्स' के लिए की जाती है, न कि सच्ची इंसानियत से। सहायता अब एक 'कंटेंट' बन चुकी है और ज़रूरतमंद की गरिमा अक्सर इस प्रदर्शन की भेंट चढ़ जाती है। यह लेख हमें आत्मपरीक्षण की ओर ले जाता हैकृक्या हम वाकई मदद कर रहे हैं या बस सोशल मीडिया पर नेकी की तस्वीर गढ़ रहे हैं?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहाँ इंसानियत, परोपकार, और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां नेकी कर दरिया में डाल की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। इस लेख के माध्यम से हम इसी प्रवृत्ति की साहित्यिक और सामाजिक समीक्षा करेंगे।

भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। यह वह स्वाभाविक मानवीय गुण है जो हमें संवेदना, दया, और परस्पर सहयोग की ओर प्रेरित करता है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है।

एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे, बिना देखे, उसे कुछ खाने को दे जाते थे। आज वही द्रश्य होता है, लेकिन कैमरा पहले निकाला जाता है। भूखे की थाली से ज्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे। सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है। आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है। किसी की मदद करने के बाद हमें तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, ह्वाह, आप तो बड़े नेकदिल हैं। पहले मदद करने के बाद मन को जो संतोष मिलता था, अब वह 'फॉलोवर्स बढ़ने' के संतोष से बदला जा चुका है। यह न केवल इंसानियत की आत्मा को खरोंचता है, बल्कि मदद पाने वाले की गरिमा को भी आहत करता है। वह व्यक्ति जिसे मदद मिली है, उसकी ज़रूरतें तो पूरी होती हैं, लेकिन उसकी निजता, उसकी आत्मसम्मान की परतें एक-एक कर सोशल मीडिया के सामने उतार दी जाती हैं। सोचिए, अगर कोई कैमरा न हो, कोई दर्शक न हो, कोई ताली बजाने वाला न हो क्या तब भी आप वही मदद करेंगे? यह प्रश्न हमारे भीतर झांकने की ज़रूरत को इंगित करता है। करुणा यदि सच्ची है, तो वह गुमनाम रहेगी। यदि उसमें प्रदर्शन है, तो वह करुणा नहीं डिजिटल ब्रांडिंग है। आज कई बार लगता है कि सहायता करना एक स्क्रिप्टेड इवेंट बन चुका है। वीडियो में सबसे पहले मदद मिलने वाले व्यक्ति की दयनीय स्थिति को दिखाया जाता है, फिर सहायता प्रदान की जाती है, और अंत में किसी नायक की तरह मददकर्ता का चेहरा। यह सब इतनी सफाई से किया जाता है कि वीडियो फिल्म जैसी लगती हैकृसंगीत के साथ, टाइटल के साथ, और अंत में एक गूढ़-सा संदेश।

**भूखे की थाली से ज्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है, आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है, किसी की मदद करने के बाद हमे तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, वाह आप तो बड़े नेकदिल हैं**

इस सारी प्रवृत्ति में सबसे अधिक पीड़ित होती है नैतिकता। किसी की ज़रूरत को दिखावा बना देना उस व्यक्ति के अस्तित्व पर हमला है। एक भूखे की भूख अगर कैमरे में रिकॉर्ड न हो तो क्या उसका दुख कम है? क्या दया केवल तभी योग्य है जब वह पब्लिक डोमेन में हो? यह नई नैतिकता सिर्फ दूसरों के सामने दिखने के लिए जीती है। अब 'कृपा' भी एक मुद्रा बन गई है जिसे दिखाना पड़ता है, गिनाना पड़ता है। स्वार्थरहित सेवा का स्थान स्वार्थयुक्त प्रदर्शन ने ले लिया है। यह सब सुनकर अब साहित्यकार की लेखनी व्यंग्य से भर जाती है। कल्पना कीजिए एक दृश्य एक व्यक्ति सड़क किनारे बेहोश पड़ा है। एक 'सोशल वॉरियर' आता है, और उसके साथ उसका कैमरामैन। सबसे पहले कुछ तस्वीरें, फिर एक वीडियो 'हमने इनको उठाया, पानी पिलाया, एंबुलेंस बुलाई' और फिर कैप्शनः 'हम सब मिलकर बदलाव ला सकते हैं'। कमेंट्स आते हैं 'वाह भाई साहब, आप तो फरिश्ता हैं।' किसी को यह नहीं सूझता कि क्या वह व्यक्ति कैमरे में आना चाहता था? क्या उसे अपने जीवन की सबसे कमजोर अवस्था में पब्लिकली दिखाया जाना चाहिए था। आज नेकी भी एक पूंजी बन गई है। इसका बाजार भाव बन गया है। जो जितनी ज्यादा भलाई करता है (या कहें, दिखाता है) उसका सामाजिक रेटिंग उतना ही ऊंचा हो जाता है। कई बार यह भलाई राजनी.तिक होती है, कभी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत होती है, और कभी व्यक्तिगत ब्रांड निर्माण के लिए। ऐसे में वास्तविक करुणा कहां छिप जाती है? क्या वह अब केवल कविता में जीवित रह गई है? क्या वह अब सिर्फ कबीर और तुलसी के दोहों में ही सांस लेती है। सोचने का समय आ गया है। मदद करने वाला बड़ा है या मदद पाने वाला यदि कोई भूखा है, तो क्या उसकी भूख की तस्वीर लेना जरूरी है। क्या उसकी सहमति जरूरी नहीं। यदि हम उसे मदद देते समय उसकी पीड़ा को श्कंटेंटश बना दें, तो क्या हम वास्तव में सहायता कर रहे हैं या उसका उपभोग कर रहे हैं। आज जब भलाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैरती हैं, तो कहीं-न-कहीं वे समाज को एक नई दिशा दे रही हैं एक ऐसी दिशा जहां सेवा भी दिखावे का अंग बन चुकी है। यह आवश्यक है कि हम पुनः आत्मपरीक्षण करें। भलाई मौन होती है, और उसका असर चुपचाप दिलों में उतरता है। यदि हमें सच में इस समाज को बेहतर बनाना है, तो जरूरत है कि हम बिना कैमरे, बिना मंच, और बिना स्वार्थ के किसी की मदद करें। नेकी कोई तस्वीर नहीं, वह तो संवेदना की वह रेखा है जो दिल से दिल तक जाती है बिना कोई सबूत मांगे।

# ऑपरेशन सिंदूरः बदलता कश्मीर और एक नई राजनीतिक सोच की जरूरत



विरेश तरार

**2014 में जब नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किया गया, तो यह केवल उनकी हिंदुत्ववादी छवि का परिणाम नहीं था, गुजरात मॉडल और उनके विकासशील नेतृत्व ने भी बड़ी भूमिका निभाई**

हाल के दिनों में कश्मीर घाटी में जो घटनाएं घटीं, विशेषकर पहलगाम आतंकी हमले के बाद जिस प्रकार वहां की जनता ने आतंकवाद के खिलाफ खुलकर मोर्चा लिया, वह कश्मीर को लेकर एक नए युग की शुरुआत का संकेत देता है। इस संदर्भ में 'ऑपरेशन सिंदूर' को एक निर्णायक मोड़ माना जा सकता है जिसने न केवल घाटी के भीतर बदलाव की बयार बहाई है, बल्कि पूरे देश के मानस में कश्मीर को लेकर बना वर्षों पुराना 'हिंदू बनाम मुस्लिम' का परसेप्शन भी डगमगाया है। पहलगाम हमले के बाद जिस प्रकार आम कश्मीरी सड़कों पर निकल कर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा हुआ, उसने दशकों से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के एजेंडे को करारा जवाब दिया है। यह संदेश स्पष्ट है अब कश्मीर के लोग आतंकवाद नहीं चाहते। उन्हें समझ आ गया है कि आतंकी गतिविधियां न केवल उनके आर्थिक स्रोतों को समाप्त करती हैं, बल्कि उनके बच्चों के भविष्य को भी अंधकारमय बनाती हैं। टूरिज्म जो कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, आतंकवाद के रहते विकसित हो ही नहीं सकता। यही समझ आज घाटी के लोगों को भारत की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रही है।

इस बदलते कश्मीर के पीछे निस्संदेह केंद्र सरकार की नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए गए अभियानों की बहुत बडी भूमिका है। लेकिन यहां हमें एक जरूरी विमर्श की ओर भी बढ़ना चाहिए




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लेकर देश में जो राजनीतिक धारणा बनी है, क्या अब उसे पुनर्परिभाषित करने का समय नहीं आ गया है।

बीते दशकों में भाजपा को अक्सर कट्टर हिंदुत्व और मुस्लिम विरोध की राजनीति से जोड़ कर देखा गया। मगर 2014 में जब नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किया गया, तो यह केवल उनकी हिंदुत्ववादी छवि का परिणाम नहीं था। गुजरात मॉडल और उनके विकासशील नेतृत्व ने भी बड़ी भूमिका निभाई। उनकी सरकार में नितिन गडकरी जैसे मंत्रियों के माध्यम से देश के इंफ्रास्ट्रक्चर खासकर सड़कों और परिवहन में हुए अभूतपूर्व सुधारों ने आम जनता को यह भरोसा दिलाया कि मोदी सरकार विकास की संवाहक है। रेलवे, हवाई यातायात, डिजिटल कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में भी भारत की तस्वीर बदली है। आज देश में ऐसा केवल 10-15 प्रतिशत तबका है जो कट्टर हिंदुत्व के आधार पर भाजपा का समर्थन करता है। लेकिन मोदी सरकार को बार-बार जनादेश इसलिए मिला क्योंकि जनता के बड़े वर्ग ने उन्हें विकास और कानून-व्यवस्था के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया। इस पृष्ठभूमि में आज यह आवश्यक हो गया है कि भाजपा और उससे जुड़े संगठनों को यह विचार करना चाहिए कि क्या धर्म और राजनीति को अलग किया जाना चाहिए। क्या पार्टी को केवल विकास और समावेशी राष्ट्रवाद के मार्ग पर चलना चाहिए। आर एस एस जैसी संस्था को भी अपने कट्टरपंथी छवि को त्यागकर एक समावेशी, भारतीय मानवतावादी विच.ारधारा के साथ आगे आना चाहिए। भाजपा को चाहिए कि वह कॉरपोरेट केंद्रित विकास से हटकर गांव, कृषि और आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता दे। आज का भारत बदलाव की दहलीज पर खड़ा है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एक ही आवाज उठ रही है आतंकवाद नहीं, विकास चाहिए। और यह तभी संभव है जब राजनीति धर्म से अलग होकर मानवता की नींव पर खड़ी हो। निश्चित रूप से, यही वह सोच है जो भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में आने वाले दशकों तक मजबूती से टिकाए रख सकती है कृ न कि कट्टर विच.ारधाराएं, जो अब जनभावनाओं से मेल नहीं खातीं।

# पहले सर्जिकल फिर एयर स्ट्राइक, अब ऑपरेशन सिंदूर

## भारत के तीन प्रहारों से दहल उठा पाकिस्तान

पाकिस्तान को लगा भारत बुधवार को सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल करेगा। पाकिस्तानी हुकूमत और फौज, दोनों निश्चिंत होकर सोये रहे। लेकिन भारत की सेना ने आधी रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू कर उसके सबसे डरावने सपने को हकीकत बना दिया। भारत का यह ऑपरेशन रणनीतिक चतुरता की मिसाल है। भारत ने बुधवार को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल की योजना बनाई थी। खबर ने पाकिस्तान को यह यकीन दिला दिया कि भारत कोई बड़ा सैन्य ऑपरेशन नहीं करेगा। इसी भ्रम का फायदा उठाते हुए भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया।

पहलगाम अटैक के 15 दिन बाद भारत ने 6 मई की रात 1.44 बजे पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक की। इसे नाम दिया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सेनाओं ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान में चार और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के पांच ठिकानों पर रॉकेट बरसाए। इन टारगेट में बहावलपुर, मुरिदके, बरनाला, तेहराकलां, मुजफ्फराबाद, कोटली और सियालकोट शामिल थे। इन जगहों पर लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों अड्डे संचालित थे। इसके अलावा आतंकी मौलाना मसूद अजहर का मदरसे को भी इस हमले में नेस्तनाबूद किया गया है।

गौरतलब है कि पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में 27 लोगों की हत्याकर दी थी। इसमें 26 भारतीय व एक नेपाली नागरिक था। आतंकियों के इस कायराना हमले का करारा जवाब देने के लिए भारत ने सैन्य कार्रवाई से पहले कूटनीतिक हमले किए। हमले के 15 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपनी सैन्य ताकत दिखा दी। ऑपरेशन सिंदूर पहलागाम हमले में मारी गई उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पति की हत्या उनकी आंखों के सामने ही आतंकवादियों ने की थी। इस स्ट्राइक में भारतीय सेना ने 24 मिसाइलों से आतंकी अड्डों पर हमला किया। जिसकी पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल लगातार मॉनीटरिंग कर रहे थे।



**हमले के 15 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपनी सैन्य ताकत दिखा दी, ऑपरेशन सिंद ूर पहलगाम हमले की पीड़ित उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पति की हत्या उनकी आंखों के सामने ही आतंकवादियों ने की थी**

भारत के एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान से जो वीडियो आ रहे हैं, उसमें खुद पाकिस्तान के लोग चीख-चीख बता रहे हैं कि आतंकी अजहर मसूद के ठिकाने पर मिसाइल से हमले किए गए हैं। इसमें पाकिस्तान की आवाम खुद बता रही है कि भारतीय सेना ने कैसे हमला किया है। इसके अलावा वीडियों में देख सकते हैं कि आतंकी ठिकाने से आग की लौ भी उठती दिख रही है। ये आतंकियों के ठिकाने को मिट्टी में मिलाने का सबसे बड़ा सबूत है। अहमद शरीफ चौधरी ने रात ही कहा कि भारत के हवाई हमलों में अब तक 8 नागरिक मारे गए हैं जबकि 35 घायल हुए हैं।

जैसा कि बताया जा रहा है भारत सेना के एयर स्ट्राइक में करीब 100 आतंकी मारे गए हैं। अस्पतालों में घायल आतंकवादियों की लाइन लगी है। हर तरफ एंबुलेंस दौर रहे हैं। ये भारत नहीं बल्कि तमाम इंटरनेशनल मीडिया संस्थान कह रहे हैं। ये संस्थाएं पाकिस्तान के हालात की तस्वीरें ला रही हैं। इससे पता चलता है कि भारत ने पहलगाम का बदला कैसा लिया। इन हमलों को राफेल, सुखोई जैसे फाइटर जेट्स या फिर बेहद आधुनिक ड्रोन से अंजाम दिया गया।

ऑपरेशन सिंदूर की जरूरत पर भारत ने दुनिया को जवाब दे दिया। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान अपने नियंत्रण वाले क्षेत्र में आतंकियों पर एक्शन के लिए कोई कदम नहीं उठाता। खुफिया जानकारी के मुताबिक, भारत के खिलाफ आगे भी हमले हो सकते हैं। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को समाप्त करने और भारत में भेजे जाने वाले आतंकियों को अक्षम बनाने के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि 25 अप्रैल को टीआरएफ के संदर्भ को हटाने के लिए पाकिस्तान के दबाव को भी ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान दुनिया भर में आतंकवादियों के शरणस्थल के रूप में पहचान बना चूका है। साजिद मीर का मामला अंतराष्ट्रीय प्रेशर बनाने के बाद वो जीवित पाया गया, इसका सबूत है। भारत ने



अशोक भाटिया

इसी तरह का हमला फरवरी 2019 में उस समय किया था, जब जम्मू कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के एक काफिले को निशाना बनाया गया था। इस हमले का बदला लेने के लिए भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के बालाकोट में हमला कर आतंक के ठिकानों को तबाह कर दिया था। इस ऑपरेशन को नाम दिया गया था, 'ऑपरेशन बंदर'। बुधवार तड़के हुई कार्रवाई को पाकिस्तान ने युद्ध की कार्रवाई बताया है। उसका कहना है कि उसके पास जवाबी कार्रवाई का हक है। आइए देखते हैं कि 'ऑपरेशन बंदर' और 'ऑपरेशन सिंदूर' में क्या अंतर है। साल 1971 के युद्ध के बाद पहली बार है कि भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में घुसकर कार्रवाई को अंजाम दिया था। इससे पहले 2016 में हुए उड़ी हमला और 2019 के पुलवामा हमले के बाद भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर कार्रवाई की थी। इन हमलों को सर्जिकल स्ट्राइक बताया था। भारत ने इस आत्मरक्षा के अधिकार के तहत की गई कार्रवाई बताया था। इसमें भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान में कोई निशाना नहीं बनाया था। भारतीय सेनाओं ने पहली बार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हमला किया। इससे पहले सेनाओं ने पंजाब में किसी ठिकानों को निशाना नहीं बनाया था। यह भारत की तीनों सेनाओं का एक संगठित प्रयास था। बालाकोट कैंप का चुनाव इसलिए किया गया था कि वह एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित था। उसके आसपास कोई नागरिक नहीं था। यानी हमले से नागरिकों को कोई नुकसान नहीं होगा।

# अनार के साथ न खाएं ये चीजें सेहत को हो सकता है खतरा

अनार एक ऐसा फल है जो टेस्टी होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी बहुत अधिक फायदेमंद माना जाता है। अनार को आप स्नैक्स के साथ-साथ सलाद या स्मूदी आदि में शामिल कर सकते हैं। यह फल विटामिन्स, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर से भरपूर है। इसके सेवन से ना केवल इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद मिलती है, बल्कि यह पाचन सुधारने और आपकी स्किन को ग्लो पाने में मदद मिलती है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि अनार का सेवन सेहत के लिए बहुत अधिक लाभदायक माना जाता है। लेकिन अगर आप इसे किस अन्य फूड के साथ खाते हैं, यह भी बहुत अधिक मायने रखता है। दरअसल, कुछ फूड कॉम्बिनेशन सेहत के लिए अच्छे नहीं माने जाते हैं। अनार के साथा कुछ फूड्स का सेवन पाचन समस्याओं का कारण बन सकता है या फिर इससे आपके शरीर को अनार के पोषक तत्वों को अच्छे से अवशोषित करने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### डेयरी प्रोडक्ट्स...

अनार के साथ डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, दही व पनीर, आदि को साथ में खाने से बचना चाहिए। दरअसल, अनार को डेयरी प्रोडक्ट्स के साथ खाने से पाचन में समस्या हो सकती है। अनार की अम्लता और दूध के प्रोटीन के मिलने से पाचन में समस्या हो सकती है, जिससे गैस, सूजन और अपच हो सकता है। यह खासकर उन लोगों के लिए ज्यादा समस्या बन सकता है जो दूध के प्रति संसेटिव होते हैं। इससे आपको एसिडिटी, गैस, और पेट में ऐंठन हो सकती है।

### सिट्रल फल...

अनार के साथ सिट्रस फल जैसे संतरा व नींबू, आदि का सेवन करना भी अच्छा नहीं माना जाता है। इन सिट्रस फल अनार के साथ मिलाने पर ज्यादा अम्लीय हो सकते हैं। दोनों का अम्लता स्तर अधिक होता है, जो पेट की लाइनिंग को परेशान कर सकता है और अपच या एसिड रिफ्लक्स की समस्या पैदा कर सकता है। इन दोनों को साथ में लेने से एसिड उत्पादन बढ़ सकता है, जिससे हार्टबर्न और पेट की समस्या हो सकती है।

### अनानास...

अगर आप फ्रूट चाट बना रहे हैं तो अनानास और अनार को एक साथ ना खाएं। अनानास और अनार दोनों में अम्लीय गुण होते हैं, और इन्हें मिलाने से पेट में जलन हो सकती है। यह फूड कॉम्बिनेशन एसिड उत्पादन और पाचन संबंधी परेशानियों का कारण बन सकता है।



# भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने का पाक का दावा निकला कोरा शिगूफा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अपने देश में पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के दावे के समर्थन में किसी भी किस्म का सबूत देने में नाकाम रहे और यह कहकर कन्नी कटाने की कोशिश करते नजर आए कि सब कुछ भारतीय सोशल मीडिया पर है।

सीएनएन द्वारा एक साक्षात्कार के दौरान यह पूछे जाने पर कि पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराए जाने का सबूत कहां है, आसिफ ने कहा, यह सब सोशल मीडिया पर है, भारतीय सोशल मीडिया पर, हमारे सोशल मीडिया पर नहीं। इन लड़ाकू विमानों का मलबा भारतीय क्षेत्र में गिरा और यह सब भारतीय सोशल मीडिया पर है। सीएनएन द्वारा बहुत ही स्पष्ट रूप से सबूतों के विवरण के बारे में पूछे जाने पर और यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान ने जिस राफेल जेट को मार गिराने का दावा किया है, उसमें किसी चीनी उपकरण का इस्तेमाल किया गया था, रक्षा मंत्री ने कहा भारतीय विमानों को पाकिस्तानी जेट विमानों के साथ लड़ाई के दौरान मार गिराया गया था। भारत ने पाकिस्तान के ऐसे सभी दावों को खारिज कर दिया है जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी दुष्प्रचार का हिस्सा हैं। भारत ने बुधवार को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी शिविरों को ध्वस्त करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की थी।

आसिफ ने यह भी चेतावनी दी कि अगर तनाव और बढ़ता है, तो वास्तविक खतरा परमाणु युद्ध का है। पाकिस्तान ने भारत की ओर से सीमा पार किए गए हमलों को युद्ध की एक स्पष्ट कार्रवाई करार दिया है। उसने कहा कि छह पाकिस्तानी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें दो दर्जन हथियारों से हमला किया गया जिसके कारण 31 नागरिकों की मौत हो गई और 57 अन्य घायल हो गए।

## शहबाज ने तुर्की के राष्ट्रपति को भाई कहा

### चीन-तुर्की के अलावा कोई भी देश पाकिस्तान के साथ नहीं

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन को भाई कहा है और भारत के खिलाफ साथ देने के लिए शुक्रिया कहा है। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान के लिए कठिन समय है। पीएम शहबाज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि मैंने राष्ट्रपति एर्दोगन से पाक सेना के एक्शन की जानकारी दी है और कहा है कि पाकिस्तान हर कीमत पर अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करेगा। पीएम शहबाज ने साउथ एशिया में तनाव कम करने और क्षेत्रीय शांति को बढ़ावा देने के लिए तुर्की की कोशिशों की भी सराहना की। तुर्की ने भारत के एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान का समर्थन किया था और इसे संप्रभुता का उल्लंघन माना था। पूर्व ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने भारत का सपोर्ट करते हुए लिखा कि किसी भी देश को दूसरे देश की जमीन से अपना यहां हो रहे हमले स्वीकार नहीं करने चाहिए। भारत का आतंकी ठिकानों पर हमला सही है। आतंकवादियों को किसी भी तरह की छूट नहीं दे सकते। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक्स पर पोस्ट कर बताया है कि वो भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। रुबियो ने कहा है कि शांतिपूर्ण समाधान समाधान के लिए भारत और पाकिस्तान के साथ बातचीत जारी रहेगी। राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में कहा–यह बहुत भयानक है। मैं दोनों के साथ मिलकर काम करता हूं, मैं दोनों को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं, और मैं उन्हें इसे सुलझाते हुए देखना चाहता हूं। मैं उन्हें रुकते हुए देखना चाहता हूं। उन्होंने जैसे को तैसा वाली नीति अपनाई है।

## संरा महासभा ने भारत व पाक युद्ध पर जताई चिंता

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने भारत एवं पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिन्दूर के बाद दोनों देशों में बढ़ती शत्रुता को लेकर चिता व्यक्त की है और दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। यांग ने यहां अपने एक वक्तव्य में कहा, मैं दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और तत्काल तनाव कम करने का आह्वान करता हूं।

मैं सभी आतंकवादी हमलों और नागरिकों तथा नागरिक बुनियादी ढांचे के विरुद्ध हमलों की निदा करता हूं। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप बात. चीत तथा कूटनीतिक समाधान ही मतभेदों को सुलझाने, स्थाई शांति और स्थिरता प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पर्यटक स्थल पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में करीब 26 लोग मारे गए थे। इस घटना के तुरंत बाद केन्द्र सरकार ने कूटनीतिक कदम उठाते हुए, अटारी बाघा सीमा चौकी बंद करने, व्यापार एवं हर प्रकार के लेन देन को बंद करने, वीसा रद्द करने और सिंधु जल संधि पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। इसके बाद छह एवं सात मई के दरमियानी रात में भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के कई ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें तबाह कर दिया है।

## यूरोपीय सुरक्षा के लिए रूस सबसे बड़ा खतरा: जर्मनी

**मॉस्को।** जर्मनी के नए चांसलर फेडरिक मर्ज़ ने कहा है कि यूरोपीय सुरक्षा के लिए रूस सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। मर्ज़ ने पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह टिप्पणी की जिसका प्रसारण वेल्ट टेलीविज़न चैनल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि यूरोप की निवारक प्रणाली और रक्षा क्षमता को तुरंत मजबूत किया जाना चाहिए। फरवरी 2024 में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमे. रिकी पत्रकार टकर कार्लसन के साथ एक साक्षात्कार में विस्तार से बताया कि रूस, नाटो देशों पर हमला नही करने जा रहा है, इसका कोई मतलब नही है। रूसी नेता ने कहा कि पश्चिमी राजनेता नियमित रूप से एक काल्पनिक रूसी खतरे से अपने लोगों को डराते हैं।

## पाक, ईरान से 2200 से अधिक परिवार लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान के कुल 2276 परिवार रविवार से मंगलवार तक तीन दिनों में पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान से स्वदेश लौटे जिनमें 12,565 सदस्य हैं। वापसी की समस्याओं के समाधान के लिए अफगानिस्तान के उच्चायोग ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि शरणार्थी पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम सीमा पार से, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा पार से, पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला सीमा पार से और पश्चिमी निमरोज प्रांत में अबरीशाम सीमा पार से घर लौटे हैं। उच्चायोग लौटने वालों के लिए उनके संबंधित प्रांतों में अस्थाई आश्रय, पोषण, पानी, चिकित्सा देखभाल और परिवहन सेवाएं प्रदान करता है। यूएनएचसीआर के अनुसार अप्रैल में 250,000 से अधिक अफगान शरणार्थी पाकिस्तान और ईरान से अपने वतन लौटे हैं। लगभग 70 लाख अफ़गान शरणार्थी जिनमें से अधिकांश अनिर्दिष्ट प्रवासी हैं, वर्तमान में ईरान और पाकिस्तान में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के अधिकारियों ने अनिर्दिष्ट विदेशी नागरिकों से अपने अवैध प्रवास को समाप्त करने और अपने घरों को लौटने के लिए कहा है। उच्चायोग ने कहा कि अफ़गानिस्तान की अंत. रम सरकार बार-बार अफ़गान शरणार्थियों से विदेश में रहना बंद करने और अपने युद्धग्रस्त मातृभूमि के पुनर्निर्माण में योगदान देने के लिए घर लौटने का आह्वान कर रही है।



## अमेरिका से सीधी परमाणु वार्ता नहीं होगी: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के साथ सीधी परमाणु वार्ता और दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच एक आसन्न बैठक पर तेहरान द्वारा प्रस्ताव के बारे में अटकलों को खारिज कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक हालिया मीडिया रिपोर्ट और वाशिगटन के साथ सीधी परमाणु वार्ता और ईरानी और अमेरिकी राष्ट्रपतियों के बीच एक आसन्न बैठक पर तेहरान द्वारा प्रस्ताव के बारे में अटकलों को खारिज कर दिया। बाघई ने इजरायली समाचार वेबसाइट वाईनेट की एक हालिया रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईरान के प्रेस टीवी पर यह टिप्पणी की जिसमें दावा किया गया था कि ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने अमे. रिकी मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ से संपर्क किया था, जिसमें दोनों पक्षों के बीच अंतर को पाटने के लिए ओमानी मध्यस्थता प्रयासों से निराशा के कारण अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ सीधी परमाणु वार्ता का अनुरोध किया गया था। उन्होंने मीडिया की उन अटकलों को भी खारिज कर दिया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगले सप्ताह सऊदी अरब की अपनी आगामी यात्रा के दौरान अपने ईरानी समकक्ष मसूद पेजेशकियन से मिल सकते हैं। प्रवक्ता ने मीडिया रिपोर्ट और अफवाहों को मनगढ़ंत और निराधार बताते हुए कहा कि ईरान की कूटनीतिक गतिविधियों जिसमें अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता भी शामिल है के बारे में सभी अपडेट (ईरानी) विदेश मंत्रालय द्वारा पारदर्शी, पेशेवर और समयबद्ध तरीके से बताए जाते हैं। अराघची और विटकॉफ के नेतृत्व में ईरान और अमे. रिका के प्रतिनिधिमंडलों ने अब तक अप्रत्यक्ष वार्ता के तीन दौर आयोजित किए हैं। पहला और तीसरा दौर 12 अप्रैल और 26 अप्रैल को ओमान की



राजधानी मस्कट में और दूसरा 19 अप्रैल को रोम में आयोजित किया गया था। चौथा दौर जो मूल रूप से 3 मई को रोम में होने वाला था, मध्यस्थ ओमान द्वारा तार्किक कारणों के कारण स्थगित कर दिया गया था। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद से संबद्ध नूर न्यूज़ ने मंगलवार को बताया कि ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता का चौथा दौर रविवार को मस्कट में आयोजित किया जाएगा। हालांकि बाघई ने बुधवार को पहले कहा कि ईरान-अमेरिका वार्ता के चौथे दौर की निश्चित तिथि और स्थान अभी तक निर्धारित नही किया गया है।

## भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता होगा गेम चेंजर

**नई दिल्ली।** भारत व यूनाइटेड किंगडम के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को भारत की अर्थव्यवस्था, खासकर परिधान और वस्त्र क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और बड़ा बदलाव लाने वाला कदम है। इस समझौते के अंतर्गत भारत के 99 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ हटा दिए गए हैं, जिससे भारतीय उत्पादों के लिए यूके जैसे प्रीमियम बाजार में बड़े स्तर पर नए अवसर खुलेंगे। यह समझौता परिधान, वस्त्र, समुद्री उत्पाद, चमड़ा, जूते, खिलौने आदि जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को खास फायदा देगा। खास तौर पर परिधान और वस्त्र उद्योग के लिए यह समझौता बड़ी व्यापारिक बाधाओं को हटाता है, बाजार की पहुंच बढ़ाता है। यह भारत को एक ग्लोबल हब बनाने की दिशा में मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारतीय हस्तकला और नवाचार को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुसार है। डा. ए. सक्थिवेल, चेयरमैन, अपैरल मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल ने इस समझौते का स्वागत किया और प्रधानमंत्री मोदी व केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को इस ऐतिहा. सिक समझौते के लिए बधाई दी। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जो भारत के वस्त्र निर्यात को नई रफ्तार देगी और इस क्षेत्र में रोजगार व विकास को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

## लंका की सत्तारूढ़ पार्टी ने स्थानीय निकाय चुनावों में जीत हासिल की

**कोलंबो।** लंका के सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पावर ने 2025 के स्थानीय निकाय चुनावों में 43.26 प्रतिशत वोट के साथ जीत और 3,927 परिषद सीटें हासिल की हैं। चुनाव आयोग के बुधवार को जारी अंतिम परिणामों के अनुसार, मंगलवार को देशभर में हुए चुनावों में एनपीपी ने द्वीप के 339 स्थानीय सरकारी निकायों में से 266 में अपना दबदबा कायम किया। मुख्य विपक्षी दल समागी जन बालावेगया (एसजेबी) 21.69 प्रतिशत वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, उसने 1,767 सीटें जीती और 13 स्थानीय सरकारी निकायों में आगे चल रहा है। इस बीच, प्रमुख तमिल पार्टी इलंकाई तमिल अरासु काची (आईटीएके) ने 377 सीटें जीती और 37 स्थानीय सरकारी निकायों पर नियंत्रण किया। लंका मुस्लिम कांग्रेस (एसएलएमसी) ने 116 सीटें हासिल की और पांच स्थानीय सरकारी निकायों में आगे रही। चुनाव आयोग के अनुसार, चुनावों के लिए 17,156,338 पंजीकृत मतदाताओं में सक लगभग 60 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था।

## साइबर सुरक्षा: 3 अरब यूरो का निवेश करेगा स्पेन

**मैड्रिड।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ ने कहा कि देश के सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र के औद्योगिक और तकनीकी आधुनिकीकरण के लिए एक नई योजना के तहत, साइबर सुरक्षा विकसित करने पर लगभग तीन अरब यूरो खर्च करेगा। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने संसद में बताया कि देश की सुरक्षा और रक्षा के लिए एक औद्योगिक व तकनीकी योजना के तहत तीन अरब यूरो साइबर सुरक्षा पर खर्च किए जाएंगे। यह राशि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम कंप्यूटिंग पर आधारित साइबर सुरक्षा प्रणालियों को विकसित करने में लगेगी, इसमें स्पेन की अच्छी विशेषज्ञता है। सांचेज़ ने बताया कि स्पेन हर साल बुनियादी ढांचे पर हजार से अधिक साइबर हमलों का सामना करता है।

## इज़रायली हमले में 82 की मौत

### अल-रिमल पड़ोस में एक रेस्तरां व बाजार को बनाया निशाना

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में बुधवार को कम से कम 82 फलस्तीनी मारे गए एवं कई अन्य घायल हो गए। गाजा में नागरिक सुरक्षा ने यह जानकारी दी है। नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल के अनुसार गाजा शहर के पश्चिम में अल-रिमल पड़ोस में एक रेस्तरां और घनी आबादी वाले बाजार को निशाना बनाकर किए गए एक इजरायली हवाई हमले में कम से कम 39 लोग मारे गए और 86 अन्य घायल हो गए है। अल-शिफा अस्पताल में इलाज करा रहे 27 वर्षीय इब्राहिम साद ने कहा कि मैंने पहले सीटी सुनी, फिर विस्फोट-मैंने चारों ओर शव पड़े देखे जिनमें दो बच्चे शामिल थे जो कॉफी बेच रहे थे और एक अन्य मकई बेच रहा था। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी अबू सालेह अब्दो ने कहा कि हमला बिना किसी चेतावनी के हुआ। इससे पहले दिन में गाजा शहर के पूर्व में तुफ़ाह पड़ोस में अल-करामा स्कूल पर एक इज़रायली हमले में 19 लोग मारे गए जिनमें से कई विस्थापित नागरिक थे जो शरण की तलाश में थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूल पर कथित तौर पर दो बार हमला किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि अतिरिक्त इज़रायली हवाई हमलों ने एन्क्लेव के विभिन्न हिस्सों में कम से कम 24 और लोगों की जान ले ली। हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने बुधवार को कहा कि इज़रायली सेना ने 24 घंटे के भीतर नागरिक सुविधाओं पर चार नरसंहार किए। उन्होंने दावा किया कि हमलों का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिक हताहत करना है। इज़रायली सेना ने इन कथित हमलों पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। इस बीच तटीय एन्क्लेव में कई मोर्चों पर आगे बढ़ रहे फलस्तीनी उग्रवादियों और इज़रायली बलों के बीच लड़ाई जारी रही। हमास की सशस्त्र शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड ने अलग-अलग बयानों में कहा कि उसके लड़ाकों ने खान यूनिस और राफ़ा के दक्षिणी शहरों में इज़रायली बलों को निशाना बनाया, जिससे सैनिक हताहत हुए हालांकि कोई विशिष्ट संख्या नहीं बताई गई। इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।

## मीडिया के क्षेत्र में चीन के साथ सहयोग मजबूती की ओर: पुतिन

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि मीडिया क्षेत्र में देश का चीन के साथ सहयोग बढ़ रहा है और यह दोनों देशों के बीच व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग का एक महत्वपूर्ण घटक है।

पुतिन ने बुधवार को द बीकन ऑफ द वर्ल्ड और न्यू हिस्टोरिक फ्रंटियर्स फोरम के प्रतिभागियों को अपने शुभकामना संदेश में कहा, मीडिया क्षेत्र में रूसी-चीनी सहयोग बहुत कुशलतापूर्वक और सफलतापूर्वक विकसित हो रहा है। यह मॉस्को और बीजिग के बीच व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग का दृश्यमान घटक के रूप में कार्य करता है।

## 19वीं सदी के जहाज का मलबा मिला

**कैनबरा।** शोधकर्ताओं ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के तट के पास 1857 में डूबे 19वीं सदी के डच व्यापारिक जहाज़ कोनिग विलेम डी ट्वीडे का मलबा खोज लिया है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल मैरीटाइम म्यूज़ियम की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक 800 टन का यह डच जहाज़ ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड रश दौर में चीनी प्रवासियों को लाने में शामिल था। यह जहाज 400 से ज्यादा चीन के खनिकों को विक्टोरिया के गोल्डफील्ड पहुंचाने के बाद दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के रोबे कस्बे के पास गीचेन बे में डूब गया था। विज्ञप्ति के अनुसार, 25 क्रू सदस्यों में से सोलह डूब गए और लॉन्ग बीच, रोब के टीलों में दब गए। खोजी टीम ने मरीन मैग्नेटोमीटर और अंडरवाटर मेटल डिटेक्टर की मदद से जहाज़ के विडलास, लकड़ी के तख्ते और हुल के हिस्सों की पहचान की जो अब समुद्र तल के नीचे दबे हैं। मलबे की जगह ऐतिहासिक रिकॉर्ड से मेल खाती है और आसपास किसी अन्य बड़े जहाज़ के डूबने के प्रमाण नही हैं। चुंबकीय आंकड़े जहाज की 42.7 मीटर लंबाई से मेल खाते हैं। मार्च 2023 में, 19वीं सदी की चीनी मिट्टी के बर्तन के टुकड़े मिलने से एक डूबे जहाज की पहचान की पुष्टि हुई है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल मैरीटाइम म्यूज़ियम के नेतृत्व में यह खोज अप्रैल 2022 में शुरू हुई थी, जिसमें कई संस्थानों और नीदरलैंड की सरकार ने सहयोग किया। म्यूज़ियम के जेम्स हंटर ने कहा, अब हमें लगभग पूरा यकीन है कि यही वह जहाज है, लेकिन अगर उस पर नाम की घंटी मिल जाए तो यह पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगा।

